रोहतक
रोहतक, बुधवार 20 नवंबर 2019
मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 23, अंक : 312
पृष्ठ 14 मूल्य 2.50 * *

**मौसम**
अधि. 27.3
न्यून. 11.0

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



07 संजीव एक अंक से फाइनल में जगह बनाने से चूके

हरिभूमि डबल धमाका ऑफर
सामान्य कूपन 31 20 नवंबर 2019

## अंदर के पन्नों पर


- आज से अपराधों पर पुलिस का ऑपरेशन प्रहार पेज-2
- 50 लाख के चेक बाउंस होने पर 80 लाख का जुर्माना पेज-3
- विधायक की फटकार के बाद उखाड़े सड़क के ब्लॉक पेज-4


## खबर संक्षेप

### लता मंगेशकर का स्वास्थ्य स्थिर



**मुम्बई।** सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर अब भी आईसीयू में भर्ती हैं लेकिन उनकी हालत में अब सुधार के संकेत दिख रहे हैं। गौरतलब है कि 90 वर्षीय गायिका ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती हैं। अस्पताल से जुड़े एक सूत्र ने कहा, 'उनकी हालत अब भी स्थिर है। वह अब भी आईसीयू में है। उनकी हालत बेहतर हो रही है। हम आपसे परिवार की निजता का ख्याल रखने का आग्रह करते हैं।' वे जल्द ठीक होंगी।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज 9.5 लाख करोड़ के मार्केट कैप वाली पहली कंपनी

**मुंबई।** मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप मंगलवार को 9.5 लाख करोड़ रुपये से ऊपर पहुंच गया। इसके साथ ही यह इतने बड़े मार्केट कैप वाली देश की पहली कंपनी बन गई है। शेयर बाजार बंद होने पर बीएसई का वैल्यूएशन 9.57 लाख करोड़ रहा। रिलायंस 18 अक्टूबर को 9 लाख करोड़ पर पहुंची थी। इतने वैल्यूएशन का रिकॉर्ड भी रिलायंस के ही नाम है। दूसरे नंबर पर 7.91 लाख करोड़ के साथ टीसीएस कायम है। *(पेज-5 भी देखें)*

### ईडी ने कुर्क की 21.96 करोड़ की संपत्ति

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-74 के चौड़ीकरण से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के मामले में धन शोधन रोकथाम कानून के तहत प्रवर्तन निदेशालय ने 21.96 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। एजेंसी ने बताया कि संपत्ति कुर्क करने का अंतरिम आदेश पीएमएलए के तहत जारी किया गया है। कुर्क की गई संपत्ति भूमि अधिग्रहण अधिकारियों, भूमि मालिकों, किसानों और बिचौलियों की है। इन संपत्तियों में कृषि, औद्योगिक भूमि, व्यावसायिक भूमि शामिल है।

## पक्ष-विपक्ष के निशाने पर रहे केजरीवाल

# दिल्ली के प्रदूषण पर संसद ने जताई चिंता

*भाजपा ने कहा-पहले सिर्फ सीएम खांसते थे अब पूरी दिल्ली खांस रही*

- कांग्रेस ने कहा-हर साल लोगों को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा क्यों खटखटाना पड़ रहा है
- टीएमसी सांसद मास्क पहन पहुंची संसद, बोलीं-दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में 9 भारत के
- सभी ने पराली जलाने के बजाए वाहनों और उद्योगों को ठहराया प्रदूषण के लिए जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को संसद में दिल्ली के प्रदूषण पर चिंता जताई गई। चर्चा के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पक्ष और विपक्ष के निशाने पर रहे। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने कहा कि जब हर साल दिल्ली में प्रदूषण का मुद्दा उठता है तो फिर सरकार या सदन की ओर से इस मामले पर कोई आवाज क्यों नहीं उठती? आखिर क्यों हर साल लोगों को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है? यह बेहद गंभीर मामला है। केवल हवा ही नहीं बल्कि हमारी नदियां भी प्रदूषित हो रही हैं। भाजपा, कांग्रेस और बीजेडी ने प्रदूषण के लिए पराली को जिम्मेदार मानने से इनकार किया। भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर प्रहार करते हुए कहा कि पहले तो सिर्फ सीएम ही खांसते थे, अब तो पूरी दिल्ली खांस रही है। दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली में 200 दिन प्रदूषण रहता है, जबकि पराली तो सिर्फ 40-50 दिन ही जलती है। 'दिल्ली सरकार 600 करोड़ का एड कर हरियाणा, पंजाब और यूपी को जिम्मेदार ठहरा रही है। लेकिन उसने इस मुद्दे पर काम नहीं किया।



### केजरीवाल पर बोले तीखे हमले

यही नहीं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर निजी हमला बोलते हुए वर्मा ने कहा कि एक समय में वह अकेले खांसते थे और आज जनता खांस रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 1 करोड़ 10 लाख वाहन हैं। यह गाड़ियां इसलिए बढ़ीं क्योंकि दिल्ली में बसें नहीं बढ़ीं। एक भी नई बस नहीं खरीदी और सिर्फ तीन महीने में 100 बसों का ड्रामा किया। सांसद जब बाहर निकलते होंगे तो उन्हें पता लगता है कि दिल्ली के सीएम ने एक भी नई सड़क नहीं बनाई है।

### मास्क लगाकर बोलीं टीएमसी सांसद

टीएमसी की सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित 10 शहरों में से 9 भारत में ही हैं। मास्क लगाकर संसद बोलते हुए घोष ने कहा कि यह चिंताजनक और शर्मनाक है कि एक विदेशी मेहमान ने देश में प्रदूषण को लेकर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि प्रदूषण से देश की राजधानी में सांसद लेना भी दुष्वार हो रहा है। ऐसे में सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिंए ताकि लोगों को प्रदूषण से राहत मिल सके।

### किसान, कश्मीर और जेएनयू पर हंगामा

किसानों की आय, कश्मीर में नेताओं की हिरासत और जेएनयू के मुद्दे पर सदन में दूसरे दिन भी हंगामा हुआ। कांग्रेस ने गांधी परिवार की सुरक्षा कम करने पर तानाशाही बंद करो के नारे लगाए और लोकसभा की वेल में आकर मोदी से जवाब मांगा। इसके बाद गांधी परिवार की सुरक्षा घटाने के मुद्दे पर कांग्रेस और डीएमके ने लोकसभा से वॉक आउट कर दिया। उधर, कई सदस्यों ने दोनों सदन में वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन पर चर्चा के लिए नोटिस दिया। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, "सोनिया और राहुल गांधी सामान्य सुरक्षा पाने वाले व्यक्ति नहीं हैं। अटल बिहारी वाजपेयी ने गांधी परिवार को एसपीजी सुरक्षा प्रदान की थी। गांधी परिवार को 1991 से 2019 तक यह सुरक्षा मिली रही। एनडीए दो बार सत्ता में आया, लेकिन गांधी परिवार का एसपीजी कवर नहीं हटाया गया।' *(संबंधित पैकेज पेज-9 पर)*

### प्रधानमंत्री मोदी कमान संभालें

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में और देश के अन्य शहरों में इस समय व्याप्त वायु प्रदूषण के पीछे किसानों द्वारा पराली जलाए जाने को जिम्मेदार ठहराने के दावों को गलत बताते हुए लोकसभा में मंगलवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के विभिन्न दलों के सदस्यों ने वाहनों और उद्योगों से निकलने वाले धुएं को इसके लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने दुनिया के कुछ अन्य शहरों का उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली में भी आबोहवा को पूरी तरह साफ किया जा सकता है और इसके लिए केंद्र तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कमान संभालनी चाहिए।

### किसानों को दोष दिया जाना गलत

बीजू जनता दल के पिनाकी मिश्रा ने कहा कि दिल्ली के पड़ोसी राज्यों के किसानों को अनावश्यक तरीके से प्रदूषण के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार ठहराया जाता है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में 8-10 अक्टूबर के आपास धान की फसल के अवशेष जलाना शुरू हुआ लेकिन राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में 27 अक्टूबर को दिवाली के अगले दिन वायु प्रदूषण भयावह स्तर पर पहुंच गया। घटिया स्तर के पटाखे, खासकर चीन के खराब पटाखों से निकलने वाले धुएं से प्रदूषण का स्तर बढ़ गया। प्रदूषण के लिए किसानों को दोष दिया जाना गलत है।

# कश्मीर दहलाने की साजिश नाकाम, सात आईईडी जब्त

## राजौरी में दो आईईडी नाकाम, श्रीनगर में चार आतंकी पकड़े

भाषा ▶▶| जम्मू

आतंकियों ने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर को दहलाने की नापाक कोशिश की। लेकिन सुरक्षाबलों ने इसे नाकाम कर दिया। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले से मंगलवार को आतंकवादियों के छिपने की एक जगह से आईईडी विस्फोटक और एक वायरलेस सेट बरामद किया है। वहीं आर्मी की रोड ओपनिंग पार्टी ने आईईडी बरामद की। सेना का बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और दो आईईडी को नाकाम कर दिया। वहीं पुलिस ने श्रीनगर से जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकियों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है। बता दें कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को हटाए जाने के बाद से आतंकी लगातार कश्मीर को दहलाने के प्रयास कर रहे हैं।

### तलाशी अभियान जारी



सुरक्षा बलों ने बताया कि सुरनकोट के एक जंगल में संदिग्ध लोगों की गतिविधियों के बारे में गांव वालों से प्राप्त सूचना के आधार पर रविवार को तलाशी अभियान चलाया गया जिसके बाद धैर जंगल में स्थित एक निर्जन ठिकाने से सात आईईडी विस्फोटक, एक गैस सिलेंडर और एक वायरलेस सेट जब्त किया गया। अधिकारियों ने बताया कि किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। सेना और पुलिसकर्मी मिलकर यह अभियान चला रहे हैं और सोमवार को उन्होंने ढोक क्षेत्र में प्रवेश किया।

### दो दिन पहले हुआ था जवान शहीद

17 नवंबर को हुए आईईडी ब्लास्ट में एक हवलदार संतोष शहीद हो गए थे। रविवार सेना का वाहन सैनिकों को लेकर पोस्टों पर जा रहा था। इस बीच पाकिस्तान की ओर से आईईडी लगाई गई थी। इस पर वाहन का अगला टायर चढ़ते ही विस्फोट हो गया।

### गिरफ्तार आतंकियों से पूछताछ जारी

पुलवामा में हमले की साजिश रचने व उसे अंजाम देने में शामिल आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े चार लागों को श्रीनगर से गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। इन आतंकियों नाम शारिक अहमद आकिब अहमद, आदिल अहमद मीर व ओवैस अहमद हैं।

# जलियांवाला विधेयक पास गांधी परिवार को झटका

- अब कांग्रेस अध्यक्ष नहीं होंगे ट्रस्ट का हिस्सा, लोस में नेता विपक्ष के तौर पर चौधरी सदस्य होंगे

**नई दिल्ली।** जलियांवाला बाग नेशनल मेमोरियल संशोधन बिल को मंगलवार को राज्यसभा से भी मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही अब कांग्रेस अध्यक्ष इस ट्रस्ट के सदस्य नहीं रह पाएंगे। जलियांवाला बाग नेशनल मेमोरियल ऐक्ट, 1951 के तहत ट्रस्ट को मेमोरियल के निर्माण और प्रबंधन का अधिकार है। इसके अलावा इस ऐक्ट में ट्रस्टियों के चयन और उनके कार्यकाल के बारे में भी बताया गया है। अब तक कांग्रेस का अध्यक्ष इस मेमोरियल के ट्रस्ट का पदेन सदस्य रहा है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अब लोकसभा में नेता विपक्ष इस ट्रस्ट का हिस्सा होंगे। इससे पहले सोनिया, राहुल गांधी और फिर अब सोनिया के ही कांग्रेस अध्यक्ष बनने के चलते लंबे समय से गांधी परिवार का कोई न कोई सदस्य इस ट्रस्ट में शामिल रहता था। ट्रस्टियों अब लोकसभा में नेता विपक्ष इस ट्रस्ट के पदेन सदस्य होंगे। वहीं पीएम ट्रस्ट के मुखिया होंगे और पंजाब के सीएम सदस्य होंगे।

### कश्मीर में मुस्लिम देशों के चैनल्स को लेकर चेतावनी जारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कश्मीर में केबल टेलीविजन ऑपरेटरों को मुस्लिम देशों के प्राइवेट चैनलों को दिखाने को लेकर चेतावनी जारी की है। इन मुस्लिम देशों में पाक, तुर्की और मलेशिया के अलावा ईरान भी शामिल हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार केबल टीवी ऑपरेटर्स को केबल टीवी नियमों के तहत उनके दायित्वों को याद दिलाया है। इस नोट में कहा गया है कि ईरान, तुर्की, मलेशिया और पाकिस्तान के सभी चैनलों को ब्लॉक किया जाना चाहिए। कश्मीर में ये चैनल गलत प्रचार कर रहे हैं।

# दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में भूकंप

## रिक्टर पैमाने पर 5.3 रही तीव्रता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- स्काईमेट के अनुसार भूकंप का केंद्र भारत-नेपाल सीमा पर था
- जान-माल का नुकसान नहीं, 87 किलोमीटर का हिस्सा प्रभावित

दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.3 दर्ज की गई। इसका केंद्र भारत-नेपाल सीमा के पास दिपायल में था। इसकी गहराई 14 किलोमीटर बताई जा रही है जिससे 87 किलोमीटर का हिस्सा प्रभावित हुआ है। हालांकि किसी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। मौसम का अनुमान बताने वाली स्काईमेट एजेंसी के अनुसार भूकंप के झटके शाम करीब 7.30 बजे महसूस किए गए। हरियाणा में गुरुग्राम, फरीदाबाद और चंडीगढ़ में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के दौरान लोग घरों से हड़बड़ाहट में घरों से बाहर निकले और एक-दूसरे का हाल जाना। बता दें कि नेपाल में अकसर भूकंप आते रहते हैं। वर्ष 2015 में विनाशकारी भूकंप के कारण अकेले नेपाल में ही 8000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। बचाव कार्य में भारत समेत कई देशों ने मदद की थी।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर फर्जी पायलट गिरफ्तार

- सीआईएसएफ ने बड़ा हादसा होने से बचाया
- वीडियो बनाने के चक्कर में पहुंचा एयरपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट की सुरक्षा में लगे सीआईएसएफ के जवनों ने मंगलवार की शाम एक बड़ा हादसा होने बचा लिया है। इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर से एक फर्जी पायलट को गिरफ्तार किया गया है। यह फर्जी पायलट बड़े ही शातिराना तरीके से एयरपोर्ट पर प्रवेश करने की जुगत में था। हालांकि समय रहते इसे गिरफ्तार कर बड़ा हादसा टाला गया है। अगर यह प्रवेश लेने के बाद अंदर किसी प्लेन में चला जाता तो शायद किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता था। लुफ्थांसा एयरलाइंस के चीफ सिक्युरिटी ऑफिसर आदित्य सिंह ने सीआइएसएफ को बताया कि एक शख्स लुफ्थांसा एयरलाइंस के प्लाइट कैप्टन के गेटअप में एयरपोर्ट पर प्रवेश लेने की फिराक में है। उसके पास एक फर्जी आइकार्ड भी था जो लुफ्थांसा एयरलाइंस के जैसा दिख रहा था। सूचना मिलते ही वहां सुरक्षा अधिकारी चौकस हो गए। तुरंत छानबीन शुरू कर उस संदेहात्सपद शख्स को खोजा गया। वह बोर्डिंग गेट नंबर 52 के पास दिखा।

# फेसबुक व इंस्टाग्राम की सेवाएं कई घंटे बाधित रहीं

## कई देशों के 63% लोगों की शिकायत

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

- उन्नीस फीसदी ने लॉग इन करने में समस्या और 16 फीसदी ने न्यूज फीड में दिक्कतें बताईं
- मार्च में बाधित हुई थीं सेवाएं

फेसबुक के स्वामित्व वाले तीन बड़े एप फेसबुक, इंस्टाग्राम व फेसबुक मैसेंजर की सेवाएं कई देशों में घंटों तक बाधित रहीं। एप की रुकावटों पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'डाउनडिटेक्टर' के मुताबिक, फेसबुक के सभी नेटवर्क पर अब कोई समस्या नहीं आ रही है, लेकिन मंगलवार को देश के कई हिस्सों से इसकी सेवा में रुकावट की शिकायतें दर्ज की गई हैं। वेबसाइट के मुताबिक, 63% लोगों ने एप के पूरी तरह ब्लैकआउट होने की शिकायत की। 19% लोगों ने लॉग-इन करने में समस्या होने की शिकायत की। 16% लोगों ने न्यूज फीड में दिक्कतें बताईं। एक यूजर ने लिखा, फेसबुक हमेशा से हैक हो रहा है और अब डिसेबल हो गया है। फेसबुक सही से काम क्यों नहीं कर सकता। फेसबुक के डिसेबल होने के कारण मैं अपना नया अकाउंट नहीं खोल सकता। मार्च में भी फेसबुक की सेवाएं 14 घंटे बाधित रही थीं।

# अब बीएचयू में भी फीस को लेकर प्रदर्शन

- कुलपति की कार पर फेंके पत्थर
- 12 दिन से धरनारत हैं बीएचयू छात्र

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में शांति का माहौल कायम करने की कोशिशें बेकार साबित हो रही हैं। मंगलवार को भी कई जगहों पर धरना-प्रदर्शन चलता रहा। कुलपति की कार पर पत्थर और पानी की बोतलें फेंकी गई। विनायक दामोदर सावरकर की फोटो पर स्याही पोतने का मामला भी सामने आया है। एकतरफ डॉ. फिरोज खान की नियुक्ति का मामला है तो दूसरी ओर जेएनयू के बाद बीएचयू में भी फीस में कमी की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी है। बीएचयू के संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय में असिस्टेंट प्रफेसर पद पर डॉ. फिरोज खान की नियुक्ति के विरोध में कुलपति आवास के बाहर छात्रों का धरना मंगलवार को 12वें दिन भी जारी रहा। दोपहर में कुलपति प्रफेसर राकेश भटनागर की कार धरनास्थल के पास से गुजरी तो छात्र दौड़ पड़े। इस बीच किसी ने एक पत्थर और पानी की बातलें कार पर फेंकी। हालांकि, पत्थर कार में लगा नहीं लेकिन इससे हड़कंप मच गया।

# इसरो पच्चीस नवंबर को लॉन्च करेगा कार्टोसैट-3 सैटेलाइट

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसन्धान संगठन (इसरो) अब 3 अर्थ ऑब्जर्वेशन या सर्विलांस सैटलाइट लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। इनमें से एक सैटेलाइट को 25 नवंबर को लॉन्च किया जाएगा जबकि अन्य दो को दिसंबर में लॉन्च किया जाएगा। आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से 25 नवंबर को सुबह 9.28 बजे एडवांस्ड रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट कार्टोसैट-3 लॉन्च किया जाएगा। इसके साथ अमेरिका के 13 छोटे कमर्शियल उपग्रह भी भेजे जाएंगे। यह लॉन्चिंग पीएसएलवी-सी47 रॉकेट से की जाएगी। कार्टोसैट का उपयोग मौसम और सैन्य जानकारी जुटाने में किया जाएगा।

### वजन 1500 किग्रा

- सैन्य सुरक्षा के लिए इस्तेमाल होगा, कार्टोसैट-3 पृथ्वी की कक्षा में स्थापित होगा
- पीएसएलवी-सी47 रॉकेट से होगी लॉन्चिंग, तेरह अमेरिकी सैटेलाइट भी लेकर जाएंगे



### एडवांस्ड सैटेलाइट

कार्टोसैट-3 का वजन लगभग 1500 किलोग्राम है। यह थर्ड जेनरेशन के एडवांस्ड हाई रेजोल्यूशन वाले अर्थ इमेजिंग सैटेलाइटों में पहला है। 22 जुलाई को चंद्रयान-2 लॉन्च किया गया था। इसका ऑर्बिटर सफलता पूर्वक चांद की कक्षा में स्थापित किया गया, लेकिन लैंडर विक्रम नाकाम रहा।

### अगले साल चंद्रयान-3 की

इसरो अगले साल नवंबर में जापान के साथ मिलकर चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग कराने की तैयारी में है। 2020 में चंद्रमा की सतह पर लैंडर उतारने के लिए इसरो ने एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया है। इसका नेतृत्व विक्रम साराभाई स्पेस रिसर्च सेंटर के निदेशक एस.सोमनाथ कर रहे हैं।

## मोहन भागवत की नसीहत, सब जानते हैं स्वार्थ बेहद खराब

# झगड़े से भाजपा-शिवसेना की ही हानि

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में उठापटक का दौर चल रहा है। तीस साल पुरानी शिवसेना और भाजपा की दोस्ती टूट चुकी है। विधानसभा चुनाव के नतीजों के तकरीबन एक महीने होने को हैं और सरकार पर सस्पेंस बना हुआ है। इस बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इशारों-इशारों में बीजेपी और शिवसेना को नसीहत दी है। भागवत ने कहा कि अपने स्वार्थ को बहुत कम लोग छोड़ते हैं। राज्य में अभी शिवसेना सरकार गठन के लिए एनसीपी-कांग्रेस से वार्ता कर रही है।

### महाराष्ट्र में तीस साल पुरानी दोस्ती टूटी



#### स्वार्थ बहुत कम लोग छोड़ते हैं

भागवत ने कहा, 'सब जानते हैं कि स्वार्थ बहुत खराब बात है लेकिन अपने स्वार्थ को बहुत कम लोग छोड़ते हैं। देश का उदाहरण लीजिए या व्यक्तियों का। सब मानव जानते हैं कि प्रकृति को नष्ट करने से हम नष्ट हो जाएंगे। पर प्रकृति को नष्ट करने का काम थमा नहीं। सब जानते हैं कि आपस में झगड़ा करने से दोनों की हानि होती है।

#### पवार के बयान से सरकार पर सस्पेंस

सोमवार को एनसीपी चीफ शरद पवार के बयान ने सरकार गठन पर सस्पेंस बढ़ा दिया था। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से 50 मिनट की मीटिंग के बाद पवार ने यह कहकर सस्पेंस और गहरा कर दिया कि हमारे बीच सरकार बनाने पर कोई ही नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मैंने सोनिया गांधी को सिर्फ राज्य के हालात के बारे में ब्रीफिंग दी।

### भागवत से मध्यस्थता की अपील की थी

महाराष्ट्र में सरकार गठन पर रस्साकशी के बाद शिवसेना ने मोहन भागवत से दखल की अपील की थी। शिवसेना सुप्रीमो उद्धव ठाकरे के सलाहकार किशोर तिवारी इस संबंध में एक खत लिखते हुए नितिन गडकरी और भागवत को मध्यस्थता के लिए आगे आने को कहा था। हालांकि गडकरी ने कहा था कि सरकार गठन से संघ का लेना-देना नहीं है। वहीं, फडणवीस के बार-बार फोन करने के बावजूद उद्धव ठाकरे ने उनसे बात नहीं की थी। इसके बाद शिवसेना कोटे के मंत्री अरविंद सावंत ने एनडीए सरकार से इस्तीफा दे दिया था। बाल ठाकरे ने प्रमोद महाजन को क्या लिखकर दिया था?

### पवार को समझने के लिए सौ जन्म लेने होंगे : राउत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद शरद पवार ने यह कहकर सबको चौंका दिया था कि हमारी महाराष्ट्र में सरकार बनाने को लेकर कोई चर्चा ही नहीं हुई। इसे शिवसेना के लिए बड़ा झटका माना जा रहा था, जो सूबे में गठबंधन सरकार का सपना संजो रही है। अब शिवसेना ने एनसीपी चीफ के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि पवार क्या कहते हैं, इसे समझने के लिए 100 जन्म लेने होंगे। शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा, 'आपको पवार और हमारे गठबंधन को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। बहुत जल्दी ही यानी दिसंबर की शुरुआत में महाराष्ट्र में शिवसेना के नेतृत्व वाली एक सरकार होगी। यह एक स्थिर सरकार होगी।' राज्यपाल ने भी छह माह का समय दिया हम आराम से सरकार बना लेंगे।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण स्वच्छता पुरस्कार में फरीदाबाद अव्वल

**चंडीगढ़।** 'स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2019 पुरस्कार' के अंतर्गत केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा उत्तरी क्षेत्र में हरियाणा को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। जिला श्रेणी पुरस्कारों में हरियाणा के फरीदाबाद को प्रथम, रेवाड़ी को द्वितीय व महेन्द्रगढ़ को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा 'विश्व शौचालय दिवस' पर नई दिल्ली में प्रवासी भारतीय केंद्र में आयोजित 'स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2019 पुरस्कार' वितरण समारोह में केंद्रीय उर्वरक एवं रसायन मंत्री डी.वी.सदानंद गौडा व केंद्रीय राज्य मंत्री शरत्नलाल कटारिया ने उक्त पुरस्कार प्रदान किए। राज्य पुरस्कार श्रेणी में उतरी क्षेत्र में हरियाणा राज्य को प्रदान किया गया प्रथम पुरस्कार फरीदाबाद के उपायुक्त डॉ० अतुल कुमार, रेवाड़ी के उपायुक्त यशेंद्र सिंह व महेन्द्रगढ़ के उपायुक्त श्री जगदीश शर्मा ने सामूहिक रूप से हरीयाणा के विकास एवं पंचायत विभाग के प्रधान सचिव श्री सुधीर राजपाल की ओर से प्राप्त किया।

### नशे के खतरे पर पोस्टर प्रतियोगिता 25 को

**चंडीगढ़।** जाट सभा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 नवंबर को चंडीगढ़, पंचकूला, मोहाली, पिंजौर, कालका व आसपास के स्कूली विद्यार्थियों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जाट भवन चंडीगढ़ में प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक होने वाली इस प्रतियोगिता का विषय 'नशावृत्ति को खतरा' अथवा 'स्वच्छ वातावरण जीवन दान है' है। इस प्रतियोगिता के लिए प्रतियोगी अपना नाम 22 नवंबर को सांय 5 बजे तक जाट भवन, सेक्टर 27 ए, मध्य मार्ग, चंडीगढ़ कार्यालय में भेज सकता है। जाट सभा के प्रधान एवं हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ. महेंद्र सिंह मलिक ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कला व पेंटिंग के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना व प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न करना है।

### पर्स छीनने के दोषी को दस साल की सजा

**गुरुग्राम।** छीनाझपटी के मामले की सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमएम धौंचक की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 साल की कैद व 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जिला उप न्यायवादी अनुराग हुड्डा से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत वर्ष 7 जनवरी को सैक्टर 10ए की महिला मनीला मुदगिल से बाइक सवार युवक पर्स झपटकर फरार हो गया। सीआईए ने अगले ही दिन सैक्टर 9 स्थित ग्रीनवुड स्कूल के सामने से गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को काबू कर लिया था, जिसकी पहचान झाड़सा गांव के अशोक के रूप में हुई थी। सीआईए ने पूछताछ कर जहां पर्स बरामद कर लिया था, वहीं वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक को भी बरामद कर लिया गया था। वह बाइक भी चोरी की निकली थी। तब से यह मामला कोर्ट में चल रहा था।

# अपराधों पर पुलिस का आपरेशन प्रहार

## गृहमंत्री अनिल विज ने गृह सचिव व अधिकारियों के साथ की बैठक

- पुलिस को हाईटेक बनाया जाएगा, कर्मचारियों को भी सुविधाएं दी जाएंगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

गृहमंत्री अनिल विज ने गृह विभाग की पहली बैठक पुलिस मुख्यालय पंचकूला में ली। इस दौरान गृहमंत्री ने साफ कर दिया कि नशा, ड्रग और अवैध शराब जैसे धंधों पर पुलिस अफसरों को निर्देश दिया है कि आपरेशन प्रहार की शुरुआत अभी से कर दें। उन्होंने पुलिस थानों को आधुनिक बनाने, पुलिस की जांच पड़ताल के काम, लैब को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का एलान कर दिया है। पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए विज ने एक कमेटी का गठन करने का आदेश दे दिया है, ताकि उनकी समस्याओं व मांगों का निवारण किया जा सके।

### घंटों चली बैठक

प्रदेश के गृहमंत्री अनिल विज ने पुलिस मुख्यालय में दोपहर दो बजे से देर शाम तक घंटों मैराथन बैठक ली। जिसके बाद में उन्होंने खुद मीडिया को इस बाबत ब्रीफ किया। विज ने बताया की पुलिस के सभी महकमों की उन्होंने विस्तार से बैठक ली है, जिसमें क्राााइम अंगेस्ट वुमन, कानून व्यवस्था सभी बातों की समीक्षा की गई है।अब हर जिले में पुलिस को आधुनिकीकरण करने का काम होगा।गृहमंत्री ने थानों, चौकियों को आधुनिक बनाने के साथ ही अपराध के मामले में सजा का रेट 50 फीसदी से नीचे है, जिसे ऊपर उठाने के लिए काम होगा। विज ने बताया कि आठ माह पहले फोरेसिंग लैब में 18 हजार मामले लंबित चल रहे थे, जिन्हें घटाकर तीन हजार कर दिया गया है। आने वाले समय में इनके निस्तारण के लिए भी कहा गया है। पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए अफसरों की कमेटी का गठन होगा, जो विचार के बाद में एक रिपोर्ट तैयार करेगी।



चंडीगढ़। विभाग की बैठक लेते गृहमंत्री अनिल विज।

### तस्करों पर कार्रवाई होगी

विज ने पुलिस अफसरों को कहा कि नशा, ड्रग और अवैध शराब बिक्री करने वालों पर कार्रवाई होगी, इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विज ने कहा कि जेलों में जगह कम हई, तो और बना ली जाएंगी। पुलिस अफसरों को इस बारे में साफ कर दिया है कि पुलिस कार्रवाई मामले में कोई ढील नहीं बरती जाए।

### लंबी ड्यूटी वाले कर्मचारियों को खाना पहुंचाया जाएगा

अनिल विज ने पहले ही दिन पुलिस कर्मियों के लिए एक अहम फैसला लिया है। जिसमें लंबी ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मियों के पास में खाना पहुंचाया जाएगा, जिस तरह से आर्मी में व्यवस्था होती है। विज ने एक उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने कई स्थानों पर देखा है, जिस समय सेना की ड्यूटी होती है,उस दौरान ट्रक से लोग आकर खाने का वितरण करते हैं लेकिन पुलिस में अब हर जगह पर इस तरह की व्यवस्था करने का आदेश जारी कर दिया गया है।

विज ने कहा कि पुलिस के लिए अच्छे थाने, चौकी, घर बच्चों के लिए स्कूल आदि सभी बातों पर विचार होगा। प्रयास होगा कि शहरों के नजदीक ही सुविधाएं हों पहले बाहर बना दिए गए जिनका कोई उपयोग ही नहीं हुआ। इसके लिए हुडको से लोन लेकर काम होगा। उन्होंने छह माह के अंदर अंदर डायल -100 कौ तैयार करने की बात भी कही है। जिसके बाद में अपाराधों पर ज्यादा सख्ती से लगाम लग सकेगी। पुलिस जनता के साथ में सही व्यवहार करे और लंबित मामलों का तेजी से निपटारा हो इस दिशा में प्रयास होगा। इसके लिए स्टाफ को बेहतर ट्रेनिंग का इंतजाम किया जा रहा है। विज ने कहा कि साइबर थाने भी खोले गए है।

### चकाचक होंगे थाने

विज पीसी में चुटकी लेने से भी नहीं चूके और बोले एक सीरियल आता है सीआईडी जिसमें दिखने वाले थानों जैसे थाने हमारे प्रदेश के होने चाहिएं। इसके लिए भले ही दुनिया के किसी भी कोने से हमे तकनीक व बाकी बातों के लिए मदद लेनी पड़े। जर्जर थाने चौकियों की मरम्मत और बैठने के लिए विधिवित जगह बनायी जाएंगी। ताकि आने जाने वाले लोगों के साथ ही स्टाफ को भी दिक्कत नहीं हो।

### मेरे पास शिकायतों का ढेर

मंत्री विज ने बैठक के बाद में गृह सचिव, डीजीपी, एडीजीपी कानून व्यवस्था, सीआईडी प्रमख आदि अफसरों की मौजूदगी में कहा कि उनके पास में अभी से शिकायतों का ढ़ेर लग गया है। ई-मेल भी पुलिस संबंधी शिकायतों से भर चुका है। इन शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निस्तारण होगा साथ ही मामलों में देरी करने और लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर भी कार्रवाई होगी।

# यूपी की तर्ज पर डायल 100 योजना छह माह में

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश के अंदर गैंगवार और अपराधों पर लगाम लगाने के लिए आने वाले छह माह के अंदर यूपी की तर्ज पर डायल-100 की स्थापना का काम हर सूरत में पूरा करना होगा। लेकिन हरियाणा में इसका नाम हरियाणा-100 होगा। इस आशय की घोषणा सूबे में गृह विभाग की कमान संभालने व गृह विभाग की पहली बैठक लेने के बाद में प्रदेश के गृहमंत्री ने कर दी है। विज ने साफ कर दिया कि पंचूकला में स्थापित होने वाला हरियाणा-100 का काम छह माह के अंदर पूर्ण कर लिया जाएगा।

डायल-100 को हरियाणा राज्य में हरियाणा-100 का नाम दिया जाएगा। इसके तहत विज ने साफ कर दिया है कि राज्य के हर थाने को दो-दो गाड़िया पीसीआर दी जाएंगी। सभी पीसीआर का प्रयोग केवल अपराधों के लिए 24 घंटे सातों दिन किया जाएगा। इन पीसीआर को अन्य किसी काम में नहीं लिया जाएगा। विज ने पहली बैठक में इसकी समीक्षा करते हुए इसका काम जल्द से जल्द पूर्ण करने का आदेश दिया।

### संगठित अपराधों पर अंकुश लगाएंगे

संगठित अपराधों और गैंगवार पर अंकुश लगाने के लिए यूपी की तर्ज पर हरियाणा 100 की स्थापना का काम मनोहरलाल सरकार पार्ट वन में ही शुरू हो गया था। लेकिन धीमी गति होने और पंचूकला में जगह ढूंढ़ने में काफी समय लग जाने के कारण इसमें विलंब होता चला गया। अब नए गृहमंत्री ने तुरंत ही इसे रफ्तार देने का आदेश दे दिया है। इतना ही नहीं इसे हर सूरत में छह माह के अंदर पूर्ण कर देने के लिए कहा है।

### ऐसे काम करेगा सिस्टम

यहां पर याद दिला दें कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए उत्तर प्रदेश की तर्ज पर पंचकूला में हरियाणा 100 सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम (सीसीआर) बनाने का एलान कईं साल पहले हुआ था। प्रदेश के किसी भी जिले में यदि 100 नंबर डायल करने पर तुरंत ही रिस्पांस नहीं मिला, तो उस हालात में कॉल ऑटोमेटिक पंचकूला में स्थापित होने वाले हरियाणा-100 में चली जाएगी । वहां से संबंधित जिले की पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की जाएगी।

**पंचकूला में बनेगा कंट्रोल रूमः** सूबे में डायल 100 की सुविधा को यूपी की तर्ज पर करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने गंभीरता दिखायी थी। सीएम ने तत्कालीन डीजीपी बीएस संधू को इस दिशा में आगे बढ़ने का निर्देश जारी किया था। जिसके बाद में पंचकूला में जगह का इंतजाम कर लिया गया और इस दिशा में कामकाज को आगे बढ़ाया गया। प्रदेश में इस सुविधा का नाम हरियाणा 100 होगा। हरियाणा पुलिस की इस सुविधा का संचालन पंचकूला में बनने वाले इसके कंट्रोल रूम से होगा।

## स्पीकर ने मोदी से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इससे पहले दिल्ली दौरे के दौरान विस स्पीकर अन्य नेताओं से भी मिले।

## 18 तालाबों को विकसित करेंगे

**चंडीगढ़।** हरियाणा तालाब प्राधिकरण द्वारा राज्य में 18 आदर्श तालाबों को पायलट आधार पर विकसित किया जाएगा और उनके अनुभवों के आधार पर अन्य तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए भविष्य कार्य योजना तैयार की जा सके। यह जानकारी मंगलवार यहां हरियाणा की मुख्य सचिव केशनी आनन्द अरोड़ा की अध्यक्षता में तालाब प्राधिकरण की बैठक में दी गई।

बैठक में तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए आगामी 10 वर्षों की कार्य योजना को भी प्रस्तुत किया गया।बैठक में अरोड़ा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तालाबों का वर्गीकरण इस प्रकार किया जाए जिससे मछली पालन को बढ़ावा मिल सके और गांवों में पारंपरिक जल स्त्रोत के रूप में इनका उपयोग किया जा सके।

# पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कालका में कार्यकर्ताओं की बैठक ली

## विस चुनाव परिणाम पर की चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ पंचकूला

हाल ही में हुए 90 विधानसभा सीटों पर हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणामों की समीक्षा के लिए पूर्व वित्त मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु विभिन्न जिलों में जाकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात कर परिणामों की समीक्षा कर रहे हैं। इस क्रम में मंगलवार को पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु पंचकूला भाजपा कार्यालय पहुंचे और वहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव परिणामों पर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आज वह हरियाणा की सभी विधानसभा सीटों पर हुए चुनाव की समीक्षा के तहत पंचकूला के कालका विधानसभा क्षेत्र गए थे, जहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर परिणामों की समीक्षा की गई और अब वह पंचकूला भाजपा कार्यालय में पंचकूला विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हरियाणा के लोगों के लिए काम कर रही है और आते ही कई बड़े फैसले में सरकार द्वारा लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इन 5 सालों में हरियाणा की जनता के लिए भाजपा सरकार जनता के लिए काम करेगी। उन्होंने किसानों द्वारा पराली जलाए जाने पर हो रहे प्रदूषण पर बोलते हुए कहा कि इसके लिए अकेला किसानी जिम्मेदार नहीं है।



पंचकूला। पार्टी पदाधिकारियों की बैठक लेते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

# किसानों को अब दस घंटे मिलेगी बिजली

## बिजली मंत्री का ऐलान, दस दिन में ठीक होंगी ढीली तारें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने विभाग के आला अधिकारियों के साथ अपनी पहली ही बैठक में खेतों को दी जाने वाली बिजली को आठ घंटे से बढ़ाकर 10 घंटे करने और गांवों व शहरों में टेढ़े खंभों व ढीली तारों को दस दिन में ठीक करने जैसे जन साधारण से जुड़े मुद्दों को छूकर अपनी और राज्य सरकार की प्राथमिकताएं जाहिर कर दी हैं। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली से सम्बन्धित शिकायत केन्द्रों पर जन साधारण की शिकायतें गौर से सुनी जाएं और कोताही ने बरती जाए।



- रणजीत ने की आला अफसरों के साथ पहली बैठक, जारी किए अहम दिशा-निर्देश

### 24 फर्मों ने दिए प्रस्ताव

हरियाणा में 234 टन प्रतिदिन क्षमता के सीबीजी प्लांट स्थापित करने के लिए 24 फर्मों ने 38 परियोजना प्रस्ताव दिए हैं। इसके अलावा, थर्मल प्लांटों में भी पराली का उपयोग किया जाएगा। प्रदेश में हर साल लगभग 50 से 55 लाख टन पराली होती है। इसके निपटान के लिए प्रदेश में कई महत्वाकांक्षी परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं, जिनमें लगभग 40 लाख टन पराली की खपत हो जाएगी।

# प्रदेश के 9 सरकारी कॉलेजों को ए-प्लस ग्रेड

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

## कॉलेजों ने प्रयास एप पर भेजा था डाटा

शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए अनूठा फ्रेमवर्क 'प्रयास' लांच किया है। इस फ्रेमवर्क में 157 सरकारी कॉलेजों ने अपना डाटा भरा जिसको उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा स्कोर के अनुसार वर्गीकृत किया गया। फ्रेमवर्क के लिए कुल स्कोरिंग 500 अंकों की थी जिनमें 350 से अधिक स्कोर वाले कॉलेजों को ए-प्लस ग्रेड दिया गया है जबकि 300 से 349 स्कोर वाले कॉलेजों को ए-ग्रेड दिया गया है। उन्होंने बताया कि बी-प्लस ग्रेड 250-299 के बीच स्कोर हासिल करने वाले कॉलेजों को दिया गया है तथा जिन कॉलेजों के स्कोर 200-249 के बीच हैं उनको बी-ग्रेड बी और 200 से कम स्कोर हासिल करने वाले कॉलेजों को ग्रेड-सी दिया गया है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि फ्रेमवर्क 'प्रयास' में डाटा भरने वाले कालेजों में से कुल 9 कॉलेजों को 350 से अधिक अंक प्राप्त करने पर ए-प्लस ग्रेड दिया गया।



- 9 कॉलेजों को 350 से अधिक अंक प्राप्त करने पर ए-प्लस ग्रेड अवार्ड किया गया

### 24 को ग्रेड ए और 30 को बी प्लस ग्रेड मिला

24 कॉलेजों को ग्रेड-ए के तहत रखा गया है, 30 कॉलेजों को ग्रेड बी-प्लस मिला है। हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेशक ए.श्रीनिवास ने आज फ्रेमवर्क 'प्रयास' लांच करने के बाद बताया कि इसमें प्रत्येक कॉलेज के कुल और घटक-वार स्कोर का विस्तृत विश्लेषण शामिल है। उन्होंने बताया कि अब हरियाणा के विद्यार्थी ग्रेड और स्कोर के अनुसार कॉलेज चुनने की स्थिति में होंगे। इससे विद्यार्थियों को फायदा होगा।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कृषि विपणन बोर्ड की बैठक ली

# अंतरराष्ट्रीय सब्जी मंडी को लेकर अधिकारियों से मंथन

- गन्नौर मंडी को राष्ट्रीय महत्व की मार्केट (एमएनआई) में शामिल कराने के लिए केन्द्र के साथ प्रक्रिया को तत्काल आगे बढ़ाने के निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अंतरराष्ट्रीय फल एवं सब्जी गन्नौर को राष्ट्रीय महत्व की मार्किट (एमएनआई) में शामिल कराने के लिए केन्द्र सरकार के साथ प्रक्रिया को तत्काल आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री राज्य कृषि विपणन बोर्ड की लम्बित विभिन्न परियोजनाओं के संबंध में बुलाई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने तीन चरणों में 537 एकड़ 5 कनाल व 13 मरला भूमि पर विकसित की जा रही इस परियोजना के पहले चरण के लिए राज्य सरकार के अनुदान तथा हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, एचएसआईआईडीसी, हैफेड, हरियाणा राज्य भण्डागार निगम इत्यादि विभिन्न एजेन्सियों के माध्यम से इक्विटी पूंजी के रूप में निवेश की जाने वाली 400 करोड़ रुपये की राशि भी तुरंत प्रभाव से इस योजना के लिए गठित किये गए स्पेशल पर्पज व्हिकल (एसपीवी) के लिए उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए।



रोहतक। कृषि विपणन बोर्ड की बैठक लेते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### पिंजौर की प्रस्तावित सेब मंडी पर भी चर्चा

मुख्यमंत्री ने कहा कि शेष राशि फडिंग केन्द्रीय वित्त मंत्रालय से अनुदान के रूप में या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) तथा नीति आयोग से ऋण के रूप में प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। बैठक में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक डॉ. जे.गणेशन ने एचएमटी, पिंजौर की प्रस्तावित सेब मंडी, गुरुग्राम के सेक्टर 52ए में प्रस्तावित फूल मंडी पर भी विस्तार से प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय फल एवं सब्जी टर्मिनस, गन्नौर के लिए हरियाणा अंतरराष्ट्रीय बागवानी विपणन निगम का गठन पहले ही किया जा चुका है। इसके अलावा, डॉ. आर. यादव को स्पेशल पर्पज व्हिकल (एसपीवी) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

### हर 15 दिन में बोर्ड के कार्यों की समीक्षा होगी

बैठक में डॉ. जे.गणेशन ने बताया कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के अनुसार बोर्ड की 11174 सम्पत्तियों की पारदर्शी ढ़ंग से ई-नीलामी के लिए 28 अगस्त, 2019 को पोर्टल लांच किया गया तथा 3 सितम्बर से 30 अक्तूबर के बीच आरम्भ की गई ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से 26 मण्डियों की 543 सम्पत्तियों को नीलामी के लिए रखा गया, जिनमें से 15 मण्डियों में 79 सम्पत्तियां सफलतापूर्वक नीलाम की गई और बोर्ड को 34.25 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।मुख्यमंत्री ने कहा कि एचएसआईआईडीसी एवं एचएसवीपी की सम्पत्तियों के लिए भी ऐसे ही पोर्टल आरम्भ किया जाना चाहिए और हर वर्ष सम्पत्तियों की आरक्षित मूल्य राशि को संशोधित किया जाना चाहिए। बैठक में हर 15 दिन में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की लम्बित परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

## 26\11 के शहीदों की याद में बाइक रैली



**चंडीगढ़।** 26/11 मुंबई हमले के बहादुर-दिल शहीदों की याद में, एनजीओ 'आई एम स्टिल ह्यूमन' (आईएएसएच) ने - बेरेंट्स बाइ रॉक एंड स्टॉर्म और चंडीगढ़ के जाने-माने मोटरबाइक राइडिंग ग्रुप थंपर्स कैफे के सहयोग से, सेक्टर 19 के पेट्रोल पंप से एक श्रद्धांजलि अभियान - शौर्य राइड की शुरुआत की। अभियान को लेफ्टिनेंट जनरल के जे सिंह (सेवानिवृत्त), और शौर्य अभियान आई एम स्टिल ह्यूमन के एम्बेसडर, के नेतृत्व में चलाया जा रहा है।रैली में 17 बाइक सवारों को कर्नल मनविंदर सिंह (सेवानिवृत्त) और आशु खरे, निदेशक, रॉक एंड स्टॉर्म, द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि मुंबई आतंकवादी हमले में 17 जवानों ने बलिदान दिया था। शौर्य यात्रा देश के कई हिस्सों में जाएगी।





## खबर संक्षेप

### ससुराल में गए युवक को लगाई आग, झुलसा

**कैथल।** शहर पुलिस ने एक युवक के साथ मारपीट करने और उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने के आरोप में उसकी पत्नी, सास व ससुर सहित छह व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सुभाष नगर खुराना रोड कैथल के श्यामलाल ने शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह 16 नवंबर को अपनी पत्नी मीनू को लेने के लिए महादेव कॉलोनी कैथल आया था। उसने आरोप लगाया कि वहां पर उसकी पत्नी मीनू, सास सुलोचना, ससुर पाला राम व सुभाष विक्की और पूनम ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। शिकायत करता का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उस पर पेट्रोल छिड़ककर उसे आग लगा दी जिस कारण वह बुरी तरह से झुलस गया।

### नाबालिग ने दो युवकों पर लगाया रेप का आरोप

**कलायत।** जिला कैथल के एक गांव की आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग लड़की ने गांव के ही दो युवकों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस को दी लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि उनका घर खेतों में है और उनका बाथरूम खुले में बना हुआ है। गत रात्रि करीब 12 बजे वह शौच के लिए बाहर आई। तभी वहां गांव की तरफ से एक मोटरसाइकिल आता हुआ दिखाई दिया जिस पर गांव के दो लड़के सवार थे। उनमें से एक लड़के ने उसके मुंह पर कपड़ा डालकर पास के ही एक खेत में बने कमरे में ले गए और नशीला पदार्थ सुंघाकर उसके साथ दोनों ने दुष्कर्म किया। वे उसके दादा की बैठक में डालकर चले गए। सुबह जब माता-पिता ने उसे संभाला तो पूरी घटना सामने आई। है।

### छात्रा से अभद्रता करने वाला अध्यापक काबू

**रेवाड़ी।** बावल उपमंडल के एक कालेज की छात्रा को मैसेज भेज कर अभद्रता व परेशान करने के मामलें में आरोपित प्रवक्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित छात्रा के ही कालेज में प्रवक्ता है। बावल थाना प्रभारी मदन लाल ने बताया कि बीए तृतीय वर्ष की एक छात्रा ने शिकायत देते हुए अपने ही कालेज के राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता पर अभद्रता करते हुए परेशान करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। अपनी शिकायत में छात्रा ने बताया कि आरोपी प्रवक्ता ने पढाते हुए सभी विद्यार्थियों को वाट्सएप नंबर दिए थे ओर कहा था कि असाइनमेंट बनाते समय किसी को कोई परेशानी आए तो उसके नंबर पर मसैज कर जानकारी ले सकते है। छात्रा ने यह भी आरोप लगाया था कि पहले प्रवक्ता ने नॉरमल मैसेज किए थे और बाद में प्रवक्ता वाट्सएप पर अभद्रता करते हुए मानसिक रूप से परेशान करने लगा।

### तस्करों ने गोरक्षकों पर पथराव कर फायरिंग की

**फरीदाबाद।** सोमवार रात को गोतस्करों ने पकड़े जाने के डर से गोरक्षकों पर पथराव करते हुए फायरिंग की। जिसमें गोरक्षक बाल-बाल बच गए। मगर उन्होंने उनका पीछा जारी रखा। जिस पर गोस्तकर गाड़ी को बाटा चौक के निकट छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने स्कार्पियो गाड़ी को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गौ रक्षा दल के सदस्य अशोक बाबा ने बताया कि सोमवार रात को उन्हें सेक्टर-3 में रहने वाले दल के एक सदस्य ने सूचना दी कि स्कार्पियो सवार गोस्तकर गायों को भरकर ले जा रहे हैं। इस सूचना के बाद अशोक बाबा ने अन्य सदस्यों को साथ लेकर पिकअप वैन का पीछा शुरू कर दिया। गो रक्षा दल की गाड़ी को आता देख गोस्तकरों ने स्कार्पियो को हाइवे ओर मोड़ दिया। सदस्यों ने उनके पास जाकर ललकारा तो गोतस्करों ने उन पर फायरिंग कर दी। उन्होंने इधर-उधर भागकर जान बचाई।

# सगाई समारोह के दौरान बैंक्वेट हाल के एसी का कम्प्रेशर फटा, पांच कर्मी झुलसे

**एसजीएम नगर स्थित विद्या प्लाजा बैंक्वेट हॉल में हुआ हादसा, घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

एसजीएम नगर के 22 फुट रोड़ स्थित विद्या प्लाजा नामक बैंक्वेट हॉल में सगाई-समारोह के दौरान एसी का कम्प्रेशर फट गया। इस हादसे में हलवाई व अन्य काम करने वाले पांच कर्मचारी घायल हो गया। जिनमें से दो को मामूली चोटें आई है तथा तीन का ईलाज चल रहा है। इस घटना के दौरान इतनी तेज आवाज हुई कि ऊपर बने कमरे के शीशे टूट गए तथा कार्यक्रम स्थल की फॉल सीलिंग गिर गई और आसपास की दुकानों के दुकानदार भी बाहर निकल आए। फिलहाल कम्प्रेशर कैसे फटा, इसका अभी पता नहीं चल पाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना एसजीएम नगर अर्न्तगत 22 फुट रोड एसजीएम नगर में विद्या प्लाजा नामक एक बैक्वेंट है, जहां शादी समारोह व अन्य कार्यक्रम होते रहते है। आज सायं यहां एक सगाई समारोह चल रहा था। समारोह में आए लोग नीचे भोजन कर रहे थे। इसी बीच जोरदार धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि एकाएक फॉल सीलिंग गिर गई, लोग कुछ समझ नहीं पाए और एकाएक बाहर आ गए। कुछ ही देर बाद पता चला कि ऊपर छत पर हलवाई के पास लगा एसी का कम्प्रेशर फट गया इसके फटने से कई कर्मचारी खून से लथपथ जख्मी अवस्था में पड़े हुए थे, जिन्हें उपचार के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। एसी का यह कम्प्रेशर अंदर फिटिंड था और यह किन कारणों से फटा, इसका पता नहीं लग पाया है। कम्प्रेशर फटने से दलीप पुत्र राधेश्याम निवासी डबुआ कालोनी, महादेव पुत्र ठाकुर दास निवासी 25 फुट रोड एसजीएम नगर, राजेंद्र पुत्र मुन्नी लाल निवासी सिद्धार्थ नगर, मानपाल पुत्र जिमी पाल निवासी एसजीएम नगर व विष्णु गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका उपचार सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है।




**फरीदाबाद।** विद्या प्लाजा में एसी का कम्प्रेशर फटने से घायल हुए कर्मचारी।



**फरीदाबाद।** लग्न-सगाई समारोह के दौरान विद्या प्लाजा में फटा एसी का कम्प्रेशर।


### मौके का मुआयना किया

घटना की सूचना मिलते ही थाना एसजीएम नगर के प्रभारी हरदीप ने मौके मुआयना किया और अस्पताल में घायल हुए व्यक्ति से जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना में पांच लोग घायल हुए है जो हलवाई व अन्य कर्मचारी है।

**फरवरी में होगी खाप महापंचायत**

# हिंदू मैरिज एक्ट को लेकर होगा मंथन

**जींद।** हिन्दू मैरिज एक्ट में बदलाव, दो बच्चों के बाद रोक लगाने समेत अन्य जनहित मुद्दों को लेकर गांव कंडेला के ऐतिहासिक चबूतरे पर फरवरी माह के अंत में उत्तर भारत की खाप महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्यअतिथि के तौर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत शामिल होंगे। जबकि सांसदों व खाप प्रतिनिधियों को भी न्यौता भेजा जाएगा। महापंचायत के आयोजक एवं खाप पंचायतों के राष्ट्रीय संयोजक एव जनकल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने बताया कि खाप पंचायतें पिछले काफी समय से हिन्दू मैरिज एक्ट में बदलाव की मांग कर रही है। एक गांव में या गुहांड में या फिर गौत्र में शादी न हो जिसके लिए कानून बनाकर रोक लगाई जाए। देश की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है, बढ़ती आबादी तथा लोगों की सुविधाओं को देखते हुए केंद्र सरकार कानून बनाकर दो बच्चों से ज्यादा पर रोक लगाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में और ज्यादा बढ़ौत्तरी की जाए। जीरो बजट खेती तथा बागवानी को बढ़ावा दिया जाए। पर्यावरण, जल बचाओं, बेटी बचाओ व बेटी पढ़ाओ व अन्य प्रधानमंत्री द्वारा चलाई गई योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाए। इन्हीं जनहित मुद्दों को लेकर कंडेला खाप द्वारा फरवरी माह के अंत में महापंचायत बुलाने का निर्णय लिया गया है। जिसमे मुख्यअतिथि के तौर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत शामिल होंगे। इस मौके पर विनोद शाहपुर, धर्मबीर, नरेंद्र खटकड़, हजूरा सिंह, सुभाष बड़सिकरी समेत कई लोग मौजूद थे।



जानकारी देते हुए टेकराम कंडेला।

# फसल अवशेषों में आग लगाने के मामले में 20 सरपंचों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्य सचिव केशनी आनंद अरोड़ा ने कहा कि प्रदेश में फसल अवशेषों में आग लगाने को लेकर जीरो टोलरेंस पालिसी पर काम किया जाएगा। इस मामले में सरपंच से लेकर एसडीएम स्तर के अधिकारी पर भी पैनी निगाहे रखी जाएंगी। अगर किसी गांव और उपमंडल में फसल अवशेषों में आग लगने का एक भी मामला सामने आया तो सम्बन्धित सरपंच और अधिकारी को चार्जशीट और सस्पैंड करने में जरा सी भी देरी नहीं लगाई जाएगी। मुख्य सचिव केशनी आनंद अरोड़ा मंगलवार को चंडीगढ़ से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले मुख्य सचिव ने फतेहाबाद, जींद, कैथल, करनाल, सिरसा, अम्बाला, भिवानी, हिसार, सोनीपत, पानीपत, रोहतक और अन्य जिलों के उपायुक्तों से फसल अवशेषों में आग लगाने, आग लगाने वालों के खिलाफ दर्ज एफआईआर, गिरफ्तारियों, चालान, चार्जशीट, सस्पैंड, जुर्माने की राशि सहित अन्य पहलुओं पर फीडबैक रिपोर्ट हासिल की है। उपायुक्त डा. एसएस फुलिया ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में 70 मुकदमे फानों में आग लगाने लोगों के खिलाफ दर्ज किए गए है।

### अनियंत्रित कार खेत में घुसी, कार व पराली राख

**फरीदाबाद।** थाना छांयसा एरिया के हीरापुर गांव में सोमवार रात को खेत किनारे पर लगे पराली के ढेर में अनियंत्रित होकर कार जा घुसी। अचानक कार मे आग लगने पर उसमें सवार तीनों युवक बाहर आ गए। कार और पराली में आग लगने की सूचना पुलिस और फायर बिग्रेड को दी गई। पुलिस के अनुसार हीरापुर-मोहना रोड पर हीरापुर गांव के निकट मोहना गांव के किसान पतराम ने अपने खेत में पशुओं के चारे के लिए पराली का ढेर लगाया हुआ है। सोमवार रात को इस रोड़ से मुजेड़ी गांव निवासी प्रवीण अपने दो अन्य दोस्तों के साथ बलेनो गाड़ी से गुजर रहा था। अचानक उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर पराली के ढ़ेर में जा घुसी।

### कैंटर से टकराई बुलेट आढ़ती की मौत

**उचाना।** अनाज मंडी में आढ़त की दुकान करने वाले रामनिवास की बड़ौदा गांव के पास आउट साइड में खड़े कैंटर से बुल्ट टकराने से मौत हो गई। कैंटर से हुई टक्कर के बाद गंभीर रूप से घायल रामनिवास को सामान्य अस्पताल में दाखिल करवाया गया जहां उसकी मौत हो गई। घसो गांव का रामनिवास कई सालों से जींद रह रहा है। सोमवार रात को वह अनाज मंडी से बुल्ट मोटर साइकिल पर अपने घर जींद जा रहा था। थाना पुलिस ने मृतक के भाई बलजीत की शिकायत पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। बताया जा रहा है कि रॉग साइड में खड़े कैंटर से सीधी बाइक टकरा गई थी, जिसमें रामनिवास की मौत हो गई।

# 50 लाख के चेक बाउंस होने पर 80 लाख का जुर्माना, दो साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- अदालत के आदेश पर आरोपी को हिरासत में लिया
- मार्च 2015 में दर्ज कराया था केस, तभी से था विचाराधीन

अदालत ने 50 लाख रुपए चेक बाऊंस होने पर एक व्यक्ति को 80 लाख रुपए का जुर्माना किया है और साथ में दो वर्ष की कैद की सजा सुनाई है। अदालत के आदेश पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार पूरा मामला साल 2015 का है। जब गांव धनाना निवासी अनिल शर्मा, जो बॉम्बे ट्रांसपोर्ट का काम करता था। अनिल शर्मा ने 2 मार्च 2015 को बॉम्बे में अपना फ्लेट बेचा था। इसके बाद गांव बास निवासी अनिल कौशिक जो फिलहाल भिवानी सेक्टर-23 में रहता है, ने अनिल शर्मा से एक अप्रेल 2015 को 50 लाख रुपये तीन महीने के लिए बैंक ब्याज पर लिए। जब पैसे लौटाने का समय आया तो अनिल कौशिक ने अनिल शर्मा को नकद की बजाय 25-25 लाख रुपये के दो चेक 18 नवंबर 2015 दिए। अनिल शर्मा ने जब ये चेक बैंक में लगाए तो दोनों चेक बाउंस हो गए। इसके बाद अनिल शर्मा ने 10 मार्च 2016 को जेएमआईसी कोर्ट के माध्यम से केस किया। इस मामले में अनिल शर्मा के वकील रमेश सांगवान ने बताया कि आरोपी अनिल कौशिक ने अनिल शर्मा के वाट्सएप पर मेसैज भेजा कि उसने अपने दोनों चेक गुम होने की शिकायत थाने में दी है। अब तुम्हें कोर्ट से भी कुछ नहीं मिलेगा। अपने जीवन की सारी कमाई डूबने के डर से आहत होकर अनिल शर्मा ने 22 अप्रैल 2016 को फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली थी।

# जमीन विवाद में खेत में जा रहे युवक को गोली मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

अमीपुर गांव में मंगलवार सुबह खेतों पर जा रहे एक युवक पर स्कॉर्पियो सवार युवकों ने रॉड से जानलेवा हमला करते हुए पैर में गोली मार दी। गोली मारने के बाद हमलावर फरार हो गए। घायल युवक को अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अमीपुर गांव निवासी सुंदर भाटी गांव में ही खेड़ी बाड़ी का काम करता है। अन्य दिनों की तरह मंगलवार सुबह करीब 7 बजे भी वह अपने खेतों के लिए बाइक पर सवार होकर जा रहा था। जब वह गांव से बाहर नाले के पास पहुंचा, तो वहां पर पहले से खड़े स्कॉर्पियो सवार युवकों ने रूकने का इशारा किया। इशारा पाकर सुंदर भाटी ने बाइक को धीमा कर लिया। आरोप है कि तभी स्कॉर्पियो सवार अमीपुर गांव निवासी नरेश व सुधीर और उनके साथ आए युवकों ने सुंदर भाटी पर रॉड व डंडों से हमला शुरू कर दिया। युवक के हाथ पैर तोड़ने के बाद आरोपितों ने उसके ऊपर फायरिंग कर दी। यह गोली उसके सीधे पैर में जाकर लगी। सूचना पाकर पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घायल युवक को तत्काल सेक्टर.19 स्थित प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने युवक को आईसीयू वार्ड में लेकर उसका उपचार शुरू किया।

# केबीसी में साढ़े तीन लाख जीतने के नाम पर डेढ़ लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

- फिर से और पैसे मांगे तो मना किया और फोन काट दिया, अब संपर्क नहीं

शहर में साइबर ठगों ने अपना जाल फैला रखा है। इसमें लोगों को मोबाइल पर फोन कॉल कर अपने जाल में फंसा कर ठगी का शिकार बना रहे हैं। फरीदाबाद के राहुल कालोनी में रहने वाले एक परिवार से साइबर ठगों ने चर्चित टीवी कार्यक्रम कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) के नाम पर करीब 1.60 लाख रुपये ठग लिए। जीवन भर की कमाई गंवाने के बाद पीड़ित परिवार चौकी, थाने, साइबर सेल व पुलिस आयुक्त कार्यालय के चक्कर काट रहा है। एनआईटी थाना क्षेत्र के राहुल कालोनी में रहने वाले एक परिवार के साथ यह घटना हुई। यहां रहने वाले शिवराम राय ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं। उनकी पत्नी बीके सिविल अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करती हैं। उनका सोलह वर्षीय बेटा पवन मोबाइल फोन पर कौन बनेगा करोड़पति गेम खेलता था। एक दिन उसे एक मेसेज आय। उसमें एक लिंक था। इस पर गेम में शामिल होने की बात लिखी थी। पवन ने उसे क्लिक कर दिया। इसके बाद उसके पास साढ़े तीन लाख रुपये जीतने का मेसेज आया। साथ में अमिताभ बच्चन की एक फोटो भी भेजी।

**हवा चलने से प्रदूषण से मिली मुक्ति, लोगों को राहत**

# तेज हवा से खराब हो सकती है रबी की फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

- प्रदेश में तीन दिन से चल रही है 25 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से पश्चिमी हवा

जिला में तीन दिन से सर्द हवाएं चल रही हैं। ये हवाएं करीब 25 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से क्षेत्र में चल रही हैं। जिसके कारण क्षेत्र में छाया स्मॉग हट गया। इससे दो-तीन दिन से लोगों को प्रदूषण से राहत मिली हुई है, मगर यह हवा किसानों के लिए सही नहीं बताई जा रही। खेती के जानकारों का कहना है कि ज्यादा हवा रबी की फसल के लिए नुकसानदायक है।

क्षेत्र में तीन दिन से पश्चिमी हवा चल रही है। हवा की गति करीब 25 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार मानी जा रही है। इस हवा के कारण क्षेत्र में कई दिनों तक पड़ा स्माग छट गया। जिसके कारण लोगों ने प्रदूषण से राहत की सांस ली है। वहीं आसमान भी अब दो दिन से बिल्कुल साफ नजर आने लगा है। जिससे दिन के समय खुलकर धूप खिल रही है। दूसरी ओर इन सर्द हवाओं के कारण क्षेत्र में रात के तापमान में भी अंतर आने लगा है तथा रात ठंडी होने लग गई हैं। सर्द हवाओं की वजह से लोगों ने अपने गर्म कपड़े पूर्णतय निकाल लिए हैं। दुपहिया वाहनों में सर्द हवाएं ज्यादा लग रही हैं। वहीं सर्द हवाओं की वजह से खेती को नुकसान भी हो रहा बताया जा रहा है। किसान ध्यानचंद, सुगन चंद, श्योताज आदि ने बताया कि इस समय खेतों में गेहूं की बिजाई चल रही है। वहीं सरसों की फसल उगने लगी है। धरती में नमी के कारण बीज जल्दी अंकुरित हो जाता है, मगर तेज हवाओं की वजह से धरती की नमी कम हो रही है। जिसके कारण बीज अंकुरित होने में समय लग सकता है। वहीं नमी कम होने के कारण किसानों को फसलों में ज्यादा पानी की आवश्यकता पड़ेगी। इससे बारानी क्षेत्र के किसानों को ज्यादा नुकसान होगा। किसानों व खेती के जानकारों का मानना है कि इस समय चली सर्द हवाएं सही नहीं हैं। ये हवाएं फसल बड़ी होने के बाद चले तो ठीक रहेगा। बुजुर्ग रामकिशन ने बताया कि ऐसी हवाएं फाल्गुन के मौसम में चलती हैं। जिसके कारण फसल पक जाती है। इस समय ऐसी हवाएं फसलों के लिए सही नहीं हैं। इससे रबी की तीनों मुख्य फसलों सरसों, गेहूं व चने को नुकसान हो सकता है।

### 22 तक रहेगा मौसम परिवर्तनशील

कृषि मौसम विज्ञान विभाग हरियाणा कृषि विवि हिसार से मिली जानकारी के अनुसार 22 नवंबर तक मौसम परिवर्तनशील परंतु खुश्क रहेगा। ऐसे में हल्की से मध्यम गति से उत्तरपश्चिमी हवा चलने की संभावना है। जिससे रात के तापमान में हल्की गिरावट आएगी। इसके साथ ही बीच-बीच में हल्के बादल छाए रहने की भी संभावना है।




## खबर संक्षेप

### छुट्टी आए जवान की हृदय गति रुकने से मौत

**नरवाना।** कस्बे के धोला कु आं मोहल्ला निवासी व वायु सेना में तैनात एक जवान की हृदय गति रूकने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि 33 वर्षीय अतुल शर्मा पुत्र जयदेव अपनी डयूटी से छुट्टी लेकर घर आया हुआ था। जिसके चलते मंगलवार को अचानक उसकी छाती में दर्द शुरू हो गया। परिजन उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। अतुल गुजरात के अहमदाबाद में भारतीय वायु सेना में तैनात था।

### ईपीएसए टीम ने उद्योगों का सर्वे कर लिया जायजा

**पानीपत।** एंवायरमेंट पाल्यूशन कंट्रोल एथोरिटी की टीम पानीपत के उद्योगों में जलाए जाने वाले ईंधन का जायजा लेने के लिए पानीपत पहुंची। टीम ने सेक्टर 29 व 25 में बॉयलर में जलाने वाले ईंधन की जानकारी ली। उन्होंने पाया कि ईंधन के रूप में पानीपत में मूंगफली के छिलके, चावल की भूसी, सरसो की छड़ बॉयलर में जलाई जा रही है। टीम ने उद्योगों का निरीक्षण कर पीएनजी की सप्लाई की स्थिति का भी जायजा लिया और रिपोर्ट तैयार की। इस दौरान टीम के साथ पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी साथ रहे।

### केवाईसी के बहाने खाते से निकाले एक लाख

**भिवानी।** बैंक कॉलोनी के एक युवक के खाते से एक लाख रुपए निकाल लिए। बाद में पीड़ित युवक ने इस बारे में थाने में शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच आरंभ कर दी। बैंक कॉलोनी निवासी जयसिंह ने बताया कि उसके पास एक कॉल आई। फोन करने वाले ने कहा कि आपकी केवाईसी करनी है। केवाईसी करने के बहाने जानकारी ले ली। उसके बाद उसके खाते से दस बार ट्रांजेक्शन करके एक लाख रुपए निकाल लिए। उसके बाद उसने बैंक खाते को बंद करवाया। पुलिस ने जांच आरंभ कर दी है।

### बदमाशों ने कर्मचारियों से गन प्वाइंट पर लूट

**यमुनानगर।** पोल्ट्री फार्म संचालकों से पेमेंट इकट्ठी करने वाली बीआर पोल्ट्री सैल कंपनी के कर्मचारियों से गन प्वाइंट पर दो बदमाशों ने 61 हजार रुपये लूट लिए। जाते हुए बदमाश उनके पास से मोबाइल व बाइक की चाबी भी ले गए। बाद में बदमाश मोबाइल व बाइक की चाबी घटना स्थल से करीब आधा किलोमीटर दूर फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पृथ्वी नगर फरकपुर निवासी जसविंद्र कुमार ने बताया कि वह बीआर पोल्ट्री सैल कंपनी में नौकरी करता है। वह पोल्ट्री फार्म संचालकों से पेमेंट इकट्ठी करके कंपनी में जमा करवाते हैं। जसविंद्र ने बताया कि वह अपने दोस्त के साथ करीब 61 हजार रुपये की पेमेंट इकट्ठी करके जा रहे थे। रास्ते में रटौली सरकारी स्कूल के पास उन्हें पल्सर बाइक पर दो युवक मिले। आरोपितों ने उन्हें बाइक पर चलते समय उसके दोस्त का कंधा पकड़ लिया और उन पर गन तान दी। इसके बाद आरोपित उन्हें कच्चे रास्ते पर लेकर गए। जहां आरोपितों ने उनके पास से 61 हजार रुपये लूट लिए। जाते हुए आरोपित बदमाश उनके पास से मोबाइल व बाइक की चांबी भी छीनकर ली। वह बाइक की चाबी व मोबाइल आधा किलोमीटर दूर सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए।

### मार्केट फीस से कमेटी को छह करोड़ की कमाई

**उचाना।** धान, कपास की मार्केट फीस से मार्केट कमेटी को छह करोड़ रुपये से अधिक की इंकम हो चुकी है। प्रमुख रूप से मानी जाने वाली फसलों में अब धान, कपास का सीजन चल रहा है। मार्केट कमेटी में दर्ज आंकड़ों के अनुसार अब तक धान एक लाख 68 हजार 785 क्विंटल आ चुकी है तो कपास एक लाख 38 हजार 115 क्विंटल आ चुकी है। मार्केट कमेटी सचिव जोगिंद्र सिंह ने बताया कि किसानों को किसी तरह की परेशानी फसल बेचने को लेकर नहीं आने दी जा रही है। किसानों को बिजली, पानी, सफाई व अन्यसुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। सभी फसलों की इंकम छह करोड़ पार हो चुकी है।

---

### ग्रामीणों ने सड़क उखाड़ी व अवरोधक लगाए, वाहनों की लगी कतार

# ओवरलोड डंपर का टायर फटा, सड़क किनारे बैठे व्यक्ति की मौत, लोग भड़के

- टायर में लगा लोहे का कड़ा हजारी के सिर में जाकर लगा
- गंभीर रूप से घायल होने के बाद मौके पर ही तोड़ा दम
- उच्च अधिकारी को मौके पर बुलाने की बात पर अड़े रहे ग्रामीण
- पंचायत घर के बाहर बनी कुर्सी पर बैठा था हजारी लाल
- फरार डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज



नांगल चौधरी। घटना स्थल पर ग्रामीणों से बातचीत करते नायब तहसीलदार शेरसिंह, ग्रामीणों द्वारा खोदा गया रोड और घटना स्थल पर खड़ा ओवरलोड डंपर।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी**

गांव शहबाजपुर में सोमवार रात को ओवरलोड डंपर के आगे का टायर फटने के कारण उसमें से निकले लोहे के चक्र से रोड के साइड में बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिसके बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार सुबह शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

वहीं इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह 9 बजे शहबाजपुर गांव के रोड को बीच में से उखाड़ व साइड में अवरोधक डालकर जाम लगा दिया। जिस कारण से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सूचना पाकर नायब तहसीलदार शेरसिंह भी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। जिन्होंने आश्वासन देकर जाम खुलवाने को प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण किसी उच्च अधिकारी को मौके पर बुलाने की बात पर अड़े रहे। जिस कारण से ग्रमीणों के साथ हुई बातचीत से समस्या का कोई समाधान नहीं निकला। खबर लिखे जाने तक जाम लगा हुआ था।

जानकारी के अनुसार शहबाजपुर का 57 वर्षीय हजारी लाल सोमवार रात को गांव के पंचायत घर के बाहर बनी कुर्सी पर बैठा हुआ था। इसी दौरान एक ओवरलोड डंपर दौखेरा की तरफ से आ रहा था। जैस ही डंपर पंचायत घर के पास पहुंचा तो इसके आगे का टायर अचानक फट गया। जिस कारण से टायर में लगा लोहे का कड़ा निकल कर रोड की साइड में बैठे हजारी के सिर में जाकर लगा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद डंपर चाालक मौके पर से फरार हो गया। मृतक फर्नीचर बनाने का काम करता था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर डम्फर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

#### डेढ़ साल से गुजर रहे ओवरलोड वाहन, प्रशासन मौन

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले डेढ़ साल से शहबाजंपुर से बाई पास रोड़ प्रस्तावित है। लेकिन उसका निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है। जिससे कि सारे दिन ये ओवरलोड डम्फर गांव में से होकर गुजरते है। जाम लगा रहे ग्रामीणों ने बताया कि जब तक प्रशासन की तरफ से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलेगा, तब तक जाम नहीं खोलेंगे। उन्होंने प्रशासन के सामने अपनी मांग रखते हुए बताया कि मृतक हजारी को उचित मुआवजा दिया जाए। ओवरलोड डम्फरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाऐं व इन ओवरलोड डम्फरों को गांव में से आवागमन करना बंद हो। जल्द से जल्द प्रस्तावित बाईपास का निर्माण शुरू करवाया जाए।

#### यह कहते हैं थाना प्रभारी

इस बारे में थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि घटना की जानकरी मिल गई है। मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया गया हैं। ओवरलोड डंपर को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

---

## विधायक की फटकार के बाद उखाड़े गए सड़क के ब्लॉक



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका**

फोरलेन सड़क के निर्माण में लगाई जा रही घटिया स्तर की सामग्री की शिकायतें मिलने के बाद हलका विधायक ईश्वर सिंह द्वारा दो दिन पहले दिखाए गए सख्त तेवरों के चलते पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों ने सड़क की बरम में लगाए गए ब्लाकों को उखाड़ना शुरू कर दिया। विभाग के जेई बलबीर सिंह की देखरेख में मजदूरों ने कैथल रोड पर लगाए गए ब्लाकों को उखाड़ा। रविवार को लोग विधायक ईश्वर सिंह से मिले और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों व ठेकेदार द्वारा फोरलेन के निर्माण में की धांधली की शिकायत की।

लोगों की शिकायत पर कड़ा संज्ञान लेते हुए विधायक ईश्वर सिंह ने तुरंत पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन से बात कर पूरे मामले की जांच करवाने व गलत काम करने के लिए जिम्मेवार अधिकारियों के खिलाफ पर्चा दर्ज करवाने के आदेश दिए थे। जिसके बाद विभाग के एक्सईएन राजकुमार ने सोमवार को मौके पर पहुंचकर सड़क निर्माण में लगाई जा रही सामग्री की जांच की। एक्सईएन ने जांच के बाद खुद माना था कि लगाई जा रही सामग्री सरकारी मापदंडों के अनुसार नहीं है। इसलिए काम को बंद करवा दिया गया है और लगाए गए सभी ब्लाकों को उखाड़ कर दोबारा से लगवाया जाएगा।

**फोरलेन सड़क में घटिया सामग्री लगाने का मामला**

#### केस दर्ज होगा

धांधली की शिकायतें जैसे ही मिली। वैसे ही अधिकारियों को जांच के आदेश दिए। गलत काम के लिए जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ मामला दर्ज करवाने को कहा गया है।

*-ईश्वर सिंह, विधायक गुहला।*

#### नाले नीचे होंगे

फोरलेन सड़क के बरसाती पानी की निकासी के लिए ठेकेदार ने सड़क के दोनों तरफ नाले का निर्माण करवाया था। नाले की ऊंचाई सड़क से डेढ़ फुट तक ज्यादा होने के चलते लोग इस नाले का शुरू से ही विरोध करते आ रहे थे। अब विधायक ईश्वर सिंह ने इस नाले की ऊंचाई कम करने के आदेश दिए है ताकि बरसाती पानी आसानी से निकल सके और दुकानदारों को भी दिक्कत ना आए।

---

## बैंक में सेंधमारी, लाखों रुपये ले उड़े

- चोरों ने सीसीटीवी कैमरों को किया क्षतिग्रस्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**



उपमंडल पिहोवा के गांव ट्यूकर में सोमवार रात्रि चोरों ने एक्सिस बैंक की दीवार में सेंधमारी करके लाखों की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सुबह बैंक की दीवार में सेंध देख ग्रामीणों ने चोरी की सूचना बैंक कर्मचारियों को दी। बैंक कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को बुलाया। मामले की सूचना मिलते ही डीएसपी धीरज कुमार व थानाध्यक्ष मलकीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मौके का जायजा लिया। फोरंसिक टीम ने मौके से नमूने एकत्रित किए। फोरेसिंक टीम से विशेषज्ञ डा. अशोक वर्मा ने मौके से नमूने एकत्रित कर जांच हेतु फोरेसिंक लैब में भिजवाए। पुलिस ने डीवीआर रिकॉर्डिंग को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

बताया जाता है कि चोर बैंक के स्ट्रांग रूम से लगभग 8 लाख रुपये की नगदी चुरा कर ले गए हैं। चोरों ने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। एक्सिस बैंक की यह छोटी ब्रांच पंजाब से लगती सीमा के पास गांव ट्यूकर में है। बैंक की पिछली दीवार गन्ने के खेत में लगती है। चोरों ने पिछली दीवार में सेंधमारी करके चोरी की। चोरों ने स्ट्रांग रूम को कटर से काटकर नगदी की चोरी की और फरार हो गए।

प्रभारी मलकीत ने बताया कि चोर बैंक में रखी सेफ को कटर से काटकर उसमें रखे कुछ सिक्के व नगदी चोरी कर ले गए है। हार्ड डिस्क को कब्जें में लिया गया है । मलकीत ने बताया कि बैंक कर्मचारियों ने बताया कि बैंक में रात के समय कोई गार्ड नहीं रहता। मलकीत ने कहा कि इस बारे बैंक के अधिकारियों से बात की जाएगी कि गार्ड की तैनाती की जाए और बैंक में बढ़िया क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं।

---

## राइस मिलरों पर छापा, धान के कई ट्रक पकड़े

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा**

कैबिनेट मीटिंग में राइस मिलरों में चावलों में गड़बड़ी का मामला उछलते ही प्रशासन हरकत में आ गया है। बीती रात उपमंडलाधिकारी गौरव कुमार के नेतृत्व में टीम ने राइस सेलरों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एसडीएम ने आधा दर्जन से ज्यादा संदिग्ध ट्रकों को पकड़ा है, इन सभी ट्रकों में धान की बोरियां लदी हुई। एसडीएम ने संबंधित एजेंसियों को इन सभी ट्रकों की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। एसडीएम गौरव कुमार व उनकी टीम ने घरौंडा के लगभग 30 राइस मिल्स में छापेमारी की। अधिकारियों ने सभी राइस मिल्स के स्टॉक व धान से भरे ट्रकों की जांच की।

#### अधिकारियों को दिए आदेश

रात को पीआर धान का स्टॉक चेक करने के लिए अभियान चलाया गया। राइस मिल्स में स्टॉक चेक किया गया था, इसके साथ ही राइस मिल्स के अंदर व बाहर खड़े ट्रकों की बिलिंग भी चेक की गई थी। लगभग आधा दर्जन ट्रक संदिग्ध दिखाई दिए है। जिनकी जांच के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए गए है।

*-गौरव कुमार, एसडीएम घरौंडा*

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष कैबिनेट मीटिंग में राइस मिलरों द्वारा चावल में गड़बड़ी करने का मामला उठा। सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया और तुरंत अधिकारियों को राइस मिलों में चेकिंग के आदेश जारी कर दिए। सरकार के आदेशों ने प्रशासनिक अधिकारियों की नींदें उड़ा दी। आनन-फानन में सभी प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस बल घरौंडा एसडीएम कार्यालय में पहुंचा दिखाई दिया। एसडीएम गौरव कुमार की अध्यक्षता में रात दस बजे बैठक शुरू हुई। बैठक में तहसीलदार रमेश कुमार व नायब तहसीलदार सुमन लता, मधुबन एसएचओ सहित भारी पुलिस बल शामिल हुआ। सरकार के आदेशों पर छापामार कार्रवाई की गई।

### बाहर का चावल पकड़ने के लिए राइस मिल खंगाले

**तरावड़ी।** बीती रात फूड सप्लाई विभाग ने तरावडी व नीलोखेडी के सीएमआर का कार्य करने वाले राईस मिलो मे चेकिंग अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार सोमवार रात को फुड सप्लाई विभाग के नेतृत्व मे गठित टीमों ने तरावड़ी नीलोखेडी के राईस मिलो मे चैकिंग की। चैकिंग के दौरान टीमों ने राइस मिलों मे यूपी पंजाब से आए चावल व बारदाने की जांच की व यह सुनिश्चित किया कि बाहर से कोई चावल सीएमआर का कार्य करने वाली मिलों में तो नहीं है। जांच के दौरान क्या मिला इसकी सही जानकारी नहीं मिल पाई है। हमारी जानकारी के अनुसार कुछ मिलो में ऐसा माल मिला है।

---

## बिलों की प्रतिपूर्ति नहीं होगी आसान

- इमरजेंसी सर्टिफिकेट के लिए संबंधित विशेषज्ञ की राय होगी जरूरी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

हरियाणा प्रदेश के कर्मचारियों, अधिकारियों को चिकित्सा बिलों की प्रतिपूर्ति करवाना अब आसान नहीं होगा। प्रदेशभर में कई ऐसे मामले सामने आ रहे थे जिसमें बिना विशेषज्ञों की राय के ही प्रदेशभर के सिविल सर्जनों द्वारा कर्मचारियों, अधिकारियों को चिकित्सा बिलों की प्रतिपूर्ति के लिए अमरजैंसी सर्टिफिकेट जारी किए जा रहे थे। ऐसे में अब स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने इन मामलों में कड़ा संज्ञान लिया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा हरियाणा प्रदेश के सभी सिविल सर्जनों तथा पीएमओ को पत्र लिख कर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं कि बिना विशेषज्ञ की राय के बिना कर्मचारियों, अधिकारियों को चिकित्सा बिलों की प्रतिपूर्ति के लिए इमरजेंसी सर्टिफिकेट जारी न किए जाएं। प्रदेशभर के नागरिक अस्पतालों में चिकित्सकों की भारी कमी है। वहीं विशेषज्ञ चिकित्सकों की नागरिक अस्पतालों में विशेष जरूरत है।

कर्मचारियों, अधिकारियों द्वारा अपने चिकित्सा बिलों की प्रतिपूर्ति के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की राय लेना अति आवश्यक होता है लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के चलते इन कर्मियों व अधिकारियों द्वारा सिविल सर्जनों के माध्यम से इमरजेंसी सर्टिफिकेट जारी करवा लिया जाता है और वे निजी अस्पतालों में अपना उपचार करवा लेते हैं। ऐसे मामलों में अब स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा कड़ा संज्ञान लिया गया है। उन्होंने प्रदेश के सभी सिविल सर्जनों व पीएमओ को पत्र भेजा है। इस मामले में सरकार द्वारा अब यह निर्णय लिया गया है कि भविष्य में संबंधित विशेषज्ञ की राय प्राप्त किए बिना ही इमरजेंसी सर्टिफिकेट जारी न किया जाए। यदि विशेषज्ञकार्यरत न हो तो जिले से संपर्क किया जा सकता है।

### ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर हड़ताल आठ को

**यमुनानगर।** नगर निगम यमुनानगर के यूनियन कार्यालय में मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता शाखा प्रधान राजकुमार धारीवाल और संचालन जिला सचिव गुलशन भारद्वाज ने किया। शाखा प्रधान राज कुमार धारीवाल और गुलशन भारद्वाज ने बताया कि बैठक में कुछ अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि आगामी 8 जनवरी 2020 को ट्रेड यूनियन के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल होगी जिसमें नगर निगम और दमकल विभाग यमुनानगर के तमाम कच्चे व पक्के कर्मचारी भाग लेंगे। आज केंद्र और राज्यों की जन व मजदूर विरोधी नीतियों के कारण लाखों कर्मचारियों का रोजगार चला गया है।

---

## ठेकेदार ने डकारा कर्मियों का पीएफ

### हटाए गए सफाई कर्मचारियों ने लगाया आरोप

- राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग को भेजी शिकायत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी**

नगर परिषद में ठेकेदार के अधीन काम करने वाले सफाई कर्मचारियों पर लगातार जुल्म हो रहे है। पहले ठेकेदार ने उनका पीएफ डकार लिया और अब उन्हें नौकरी से ही धक्का मार कर भगा दिया। हटाए गए कर्मचारी चाहकर भी कुछ नहीं कर पाए। कर्मचारियों ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन को शिकायत भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

हटाए गए कर्मचारी कमल, रॉकी, राजेश, राहुल, आशीष, राजकुमार, राहुल कुमार आदि ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन मनहर वल भाई झाला को लिखे पत्र में बताया कि अप्रैल 2017 में उन्हें दा स्वामी कॉन्ट्रैक्टर के मार्फत हुडा सेक्टरों में बतौर सफाई कर्मचारी लगाया गया था। इसके अलावा कुल 62 कर्मचारी लगे हुए थे। कर्मचारियों का आरोप है कि ठेकेदार ने उन्हें बगैर कोई नोटिस दिए हटा दिया। जबकि उनके स्थान पर अपने रिश्तेदारों को लगा लिया गया। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त कर्मचारियों को सफाई कार्य का कोई अनुभव नहीं है। इसको लेकर उन्होंने नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी से भी बात की, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। कर्मचारियों को आरोप है कि ठेकेदार ने उनका पीएफ तक जमा नहीं कराया। उन्होंने बताया कि 24 मई 2019 के प्रदेश सरकार के नोटिफिकेशन के अनुसार जो भी कर्मचारी हड़ताल में शामिल थे, उन सभी कर्मचारियों को पाली रोल पर लिया जाना था, लेकिन उन्हें पालिका रोल पर ना लेकर उनके स्थान पर ठेकेदार ने अपने चहेतों को लगा दिया। उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

---

## एनजीटी ने भट्ठों को बंद करने के आदेश दिए

- एनजीटी को 15 दिसंबर तक प्रस्तुत होगी अध्ययन रिपोर्ट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के मुख्य बेंच ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ईंट भट्ठों को बंद करने का आदेश जारी किया है। ट्रिब्युनल ने यह फैसला दो दिन पूर्व उत्कृष पंवार नाम के व्यक्ति की केंद्रिय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व अन्य के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई के बाद लिया है। जारी फैसले के अनुसार याचिकाकर्त्ता ने एनजीटी से ईंट भट्ठों को फरवरी 2020 के अंत या जब तक प्रदूषण का स्तर सामान्य नहीं हो जाता, तक बंद करने के निर्देश जारी करने का अनुरोध किया था। याचिकाकर्त्ता ने इस याचिका में कहा था कि हालांकि प्रदूषण के ओर भी अनेक कारण है लेकिन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सात हजार ईंट भट्ठे प्रदूषण फैला रहे हैं, जिन्हे प्रदूषण की अधिकतम मार के समय में बंद करा दिया जाना चाहिए। याचिका की सुनवाई के एनजीटी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सभी ईंट भट्ठों को वैज्ञानिक अध्ययन की रिपोर्ट प्राप्त होने या स्थिति में सुधार होने तक बंद करने का आदेश जारी किया है। इसी बीच ट्रिब्युनल ने कहा है कि केंद्रिय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सभी ईंट भट्ठों के पर्यावरण पर प्रभाव की वैज्ञानिक अध्ययन की रिपोर्ट 15 दिसंबर 2019 तक प्रस्तुत करेगा। यदि वायु की गुणवत्ता में इससे पहले सुधार होता है तो इस अंतरिम आदेश पर पुनर्विचार किया जा सकेगा।

---

### किसानों व मौजिज लोगों को किया जागरूक

## देहरादून की टीम ने समझाई जैव विविधता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों**

जैव विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया देहरादून की टीम नगर के बीडीपीओ कार्यालय पहुंची और प्रशासन के सहयोग से कार्यशाला आयोजित करके किसानों, सरपंचों व मौजिज लोगों को जैव विविधता के बारे में जागरूक किया। इस टीम की अगुवाई पूर्व आईपीएस अधिकारी डा. एके गुप्ता कर रहे थे।

इस मौके पर एसडीएम मनदीप कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की तथा कार्यशाला की अध्यक्षता बीडीपीओ कीर्ति सिरोहीवाल ने की।



जींद। कार्यशाला में मौजूद अधिकारीगण।

अपने संबोधन में एसडीएम मनदीप कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2002 में जैव विविधता अधिनियम पारित किया था और उसमें निर्देश जारी किए गए थे कि जैव विविधता के स्त्रोतों को बचाना है। इसको लेकर केंद्र स्तर पर नेशनल बायोडायवर्सिटी अथॉरिटी (एनबीए) तथा प्रदेश स्तर पर स्टेट बायोडायवर्सिटी बोर्ड (एसबीबी) का गठन किया गया था लेकिन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया और ना ही इसके लिए कोई कमेटियां बनाई गई। अब एनजीटी कोर्ट ने कड़े निर्देश दिए हैं कि लोकल स्तर पर बायोडासवर्सिटी कमेटियां बनाई जाए और उन कमेटियों को उनके कायार्ें के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की जाए। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे फायदे की ओर अपने कदम बढ़ाकर पर्यावरण को संरक्षित करने में अपना सहयोग प्रदान करें।

अपने संबोधन में बीडीपीओ कीर्ति सिरोहीवाल ने बताया कि लोगों को जैव विविधता के प्रति जागरूक करने के लिए वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया देहरादून की ओर से पूर्व आईपीएस अधिकारी डा. एके गुप्ता के नेतृत्व में एक टीम यहां पहुंची है। उन्होंने बताया कि जैव विविधता अभियान को आगे बढ़ाने के लिए गांव स्तर पर कमेटियां बनाई जाएंगी, जिसमें गांव के सरपंच, पंच, नंबरदार व मौजिज लोगों को शामिल किया जाएगा। गांव स्तर पर गठित कमेटी में एक रजिस्टर लगाकर उसमें यह दर्ज किया जाएगा कि उस गांव में कौन-कौन से जीव जंतु, औषधीय पौधे या किस प्रकार की मिट्टी पाई जाती थी और अब फिलहाल में कौन-कौन सी शेष हैं। इन सभी बातों का एक रिकॉर्ड तैयार कर 31 दिसंबर तक एनजीटी कोर्ट सौंपी जाएगी। वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की टीम का नेतृत्व कर रहे डा. एके गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में कीटनाशक दवाइयों व खादों का अंधाधुंध प्रयोग हो रहा है जोकि मानव स्वास्थ्य व वातावरण के लिए अत्यंत खतरनाक है।

## सबसे बड़ी मार्केट कैप वाली कंपनी बनी आरआईएल

# रिलायंस इंडस्ट्रीज 9.5 लाख करोड़ रुपये के साथ देश की पहली कंपनी बनी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप मंगलवार को 9.5 लाख करोड़ रुपए से ऊपर पहुंच गया। मुकेश अंबानी की स्वामित्व वाली कंपनी रिलायंस इतना वैल्यूएशन हासिल करने वाली देश की पहली कंपनी बन गई। शेयर बाजार बंद होने पर बीएसई पर वैल्यूएशन 9.57 लाख करोड़ रुपए रहा। रिलायंस 18 अक्टूबर को 9 लाख करोड़ रुपए पर पहुंची थी। उतने वैल्यूएशन का रिकॉर्ड भी अभी रिलायंस के ही नाम है। मार्केट कैप में दूसरी बड़ी कंपनी टीसीएस की वैल्यू 7.91 लाख करोड़ रुपए है। मंगलवार को रिलायंस के शेयर 3.3 फीसदी की तेजी के साथ 1,506.75 पर पहुंच गए जो कि एक नया रेकॉर्ड है। पिछले महीने जब आरआईएल ने 9 लाख करोड़ के मार्केट कैप का आंकड़ा छुआ था। दोपहर में सेंसेक्स 180 पॉइंट की वृद्धि के साथ कारोबार कर रहा था। पिछले महीने आरआईएल ने ऐलान किया था कि कंपनी एक नई सब्सीडरी शुरू करेगी जिसके तहत डिजिटल इनिशिएटिव और एप का कोरबार आएगा। इसमें 1.08 लाख करोड़ लगाने की योजना है। यह नई इकाई भारत में सबसे ज्यादा डिजिटल सर्विस देने वाली कंपनी होगी। यह नई एंटिटी टेक्नॉलजी, हेल्थकेयर, एजुकेशन के क्षेत्र का काम करने के साथ अगली पीढ़ी की जरूरतों को भी ध्यान में रखा जाएगा। इसमें आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन शामिल है। जानकारों के मुताबिक इस नए प्लेटफॉर्म की तरफ निवेशकों का भी आकर्षण होगा। बैंक ऑफ अमेरिका के मेरिल लिंच के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड अगले दो साल में 200 अरब डॉलर की कंपनी हो सकती है। जानकारों का मानना है कि कंपनी इस लक्ष्य को नए कॉमर्स वेंचर, ब्रॉडबैंड ऑपरेशन और डिजिटल वेंचर के माध्यम से हासिल किया जा सकता है।

- वैल्यूएशन में दूसरे नंबर की कंपनी टीसीएस का मार्केट कैप 7.91 लाख करोड़ रुपए
- रिलायंस ने 18 अक्टूबर को 9 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचने का रिकॉर्ड बनाया था
- 15 महीने में मार्केट कैप 1.5 लाख करोड़ बढ़ा, अगस्त 2018 में 8 लाख करोड़ पर पहुंची थी

### रिलायंस के शेयर में इस साल 34% बढ़त

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में मंगलवार को करीब 4% तेजी आई। इससे मार्केट कैप तेजी से बढ़ा। बीएसई पर शेयर 3.5% बढ़त के साथ 1,509.80 रुपए पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 3.87% चढ़कर 1,514.95 रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा। इस साल शेयर 34% चढ़ चुका है। रिलायंस पिछले साल अगस्त में 8 लाख करोड़ रुपए के मार्केट कैप पर पहुंची थी। इस मामले में भी वो देश की पहली कंपनी बनी थी।

### वैल्यूएशन में टॉप-5 कंपनियां

| कंपनी | मार्केट कैप (रुपए) |
|---|---|
| रिलायंस इंडस्ट्रीज | 9.57 लाख करोड़ |
| टीसीएस | 7.91 लाख करोड़ |
| एचडीएफसी बैंक | 6.96 लाख करोड़ |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 4.40 लाख करोड़ |
| एचडीएफसी | 3.82 लाख करोड़ |

### रिलायंस अगले 2 साल में 200 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है: रिपोर्ट

ब्रोकरेज फर्म बैंक ऑफ अमेरिका मेरिल लिंच ने पिछले महीने ये रिपोर्ट जारी की। इसके मुताबिक रिलायंस के न्यू कॉमर्स और ब्रॉडबैंड बिजनेस की मदद से अगले 24 महीने में कंपनी का मार्केट कैप 200 अरब डॉलर (14.40 लाख करोड़ रुपए) तक पहुंच सकता है।

## ग्रीन Tribunal की डीज़ल थ्रीव्हीलर वाहनों पर रोक लगाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली **NCR** में बढ़ते हुए प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण प्रदूषण कन्ट्रोल कमेटी (**EPCA**) एवं **NGT** ने सुप्रीम कोर्ट को अपनी रिपोर्ट में डीज़ल थ्रीव्हीलर ऑटो का रजिस्ट्रेशन रोकने की सिफारिश की है और जितने भी पुराने डीज़ल थ्रीव्हीलर ऑटो रिक्शा दिल्ली **NCR** सोनीपत में चल रहे हैं उनको **CNG** में बदलने की सिफारिश की है, ऐसा नकरने की स्थिति में इनस भी डीज़ल वाहनों को जब्त करने की सिफारिश की है। बढ़ते हुए जानलेवा प्रदूषण क देखते हुए कोर्ट इन डीज़ल वाहनों को चलने से रोकने हेतु कोई न कोई सख्त कदम उठाने की पूरी तैयारी में है।


## केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में मेधावी खिलाड़ी कार्मिकों (पुरुष / महिला) की भर्ती-2019

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में खेल कोटा–2019 के तहत प्रधान आरक्षक (जीडी) के अस्थायी पदों को भरने के लिये भारतीय पुरुष / महिला नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

2. खेल कोटा–2019 के तहत प्रधान आरक्षक (जीडी) की खेल वार रिक्तियां निम्नानुसार हैं जो भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी समय अथवा किसी भी चरण में बढ़ या घट सकती हैं :–

| क्र. सं. | खेल–कूद / प्रतिस्पर्धाएं | रिक्तियां | |
|---|---|---|---|
| | | पुरुष | महिला |
| 1. | एथलेटिक्स (विविध प्रतिस्पर्धाएं) | 44 | 47 |
| 2. | बॉक्सिंग (विविध भार श्रेणी) | 07 | 04 |
| 3. | बास्केटबॉल | 08 | – |
| 4. | जिम्नास्टिक | 04 | – |
| 5. | फुटबॉल | 06 | – |
| 6. | हॉकी | 12 | – |
| 7. | हैंडबॉल | 09 | – |
| 8. | जूडो (विविध भार श्रेणी) | 10 | 07 |
| 9. | कबड्डी | 08 | 12 |
| 10. | निशानेबाजी (रायफल एवं पिस्टल) | 23 | 09 |
| 11. | तैराकी (विविध श्रेणियां) | 14 | - |
| 12. | वॉलीबॉल | 08 | - |
| 13. | भारोत्तोलन (विविध भार श्रेणी) | 17 | 15 |
| 14. | कुश्ती (विविध भार श्रेणी) | 20 | - |
| 15. | ताईक्वांडो (विविध भार श्रेणी) | 16 | - |
| | सकल योग | 206 | 94 |

विस्तृत विवरण के लिये कृपया दिनांक 16.11.2019 के इम्पलायमेंट न्यूज / रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन / अधिसूचना अथवा सीआईएसएफ वेबसाइट https://www.cisfrectt.in देखें।

डीएवीपी–19113/11/0003/1920


## पीएमसी बैंक से 1 लाख निकाल सकते हैं ग्राहक

**मुंबई।** घोटाले में फंसे पंजाब एंड महाराष्ट्र कोऑपरेटिव बैंक (पीएमसी) के जमाकर्ता आपातकालीन चिकित्कीय जरूरतों की स्थिति में एक लाख रुपये तय की निकासी के लिए रिजर्व बैंक द्वारा नियुक्त प्रशासक से संपर्क कर सकते हैं। रिजर्व बैंक ने मंगलवार को बंबई उच्च न्यायालय में दायर शपथपत्र में कहा कि विवाह, शिक्षा, जीवनयापन आदि जैसी दिक्कतों की स्थिति में निकासी की सीमा 50 हजार रुपये है। शपथपत्र में कहा गया कि बैंक और इसके जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए इस तरह की सीमा तय करना आवश्यक था। रिजर्व बैंक के वकील वेंकटेश धोंड ने न्यायमूर्ति एस.सी. धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति आर.आई. चागला की पीठ को बताया कि दिक्कतों से जूझ रहे जमाकर्ता केंद्रीय बैंक द्वारा नियुक्त प्रशासक से मिलकर एक लाख रुपये तक की निकासी की मांग कर सकते हैं।

# सोना 328 और चांदी का भाव 748 रुपये चढ़ा

- सोना बढ़कर 39,028 रु. प्रति दस ग्राम, चांदी बढ़कर 45,873 रुपए किलो हो गई

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों के संकेत से स्थानीय सराफा बाजार में सोना 328 रुपए बढ़कर 39,028 रुपए प्रति दस ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्युरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में कीमती धातु का दाम 38,700 रुपए प्रति दस ग्राम रहा था। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, दिल्ली में 24 कैरेट सोने का हाजिर भाव 328 रुपए बढ़ गया। वैश्विक बाजारों की तेजी से इसमें मजबूती रही। सोने के साथ ही चांदी के दाम में भी 748 रुपए प्रति किलो की वृद्धि दर्ज की गई। चांदी 748 रुपए बढ़कर 45,873 रुपए किलो हो गई। इससे पिछले दिन यह 45,125 रुपए किलो पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना मामूली नरम रहकर 1,470 डालर प्रति औंस और चांदी मजबूती के साथ 17.10 डालर प्रति औंस पर बोली गई।

### वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव

पटेल ने कहा, अमेरिका- चीन के बीच व्यापार समझौते की समाचारों से वैश्विक बाजारों में उतार- चढ़ाव बना रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का हाजिर भाव नीचे में 1,470 डालर प्रति औंस के आसपास रहा।

## सेंसेक्स में 186 अंक की उछाल

**मुबई।** वैश्विक शेयर बाजारों में मजबूती के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में अच्छी-खासी तेजी से सेंसेक्स 186 अंक उछल गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 185.51 अंक यानी 0.46 प्रतिशत बढ़कर 40,469.70 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार , नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 55.60 अंक यानी 0.47 प्रतिशत चढ़कर 11,940.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलांयस इंडस्ट्रीज का शेयर कारोबार के दौरान करीब चार प्रतिशत बढ़कर 1,514.95 रुपए के सर्वकालिक ऊच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिलायंस 9.5 लाख करोड़ रुपए के बाजार पूंजीकरण को छूने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है।

**इनमें रही गिरावट:** इसके विपरीत, यस बैंक 2.66 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.19 प्रतिशत और टाटा स्टील 2.02 प्रतिशत गिरा। इसके अलावा, टीसीएस, टाटा मोटर्स और हीरो मोटोकॉर्प के शेयरों में भी गिरावट रही।


## हरियाणा सरकार

### शुद्धिपत्र सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड / निगम / प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई–मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएन, फरीदाबाद | NIET NO. 22/TS/FBD/2018-19 | निविदा जमा करने की तिथि दिनांक 25.11.2019 को 13:00 बजे तक बढ़ा दी गई है और खुलने की तिथि दिनांक 25.11.2019 को 15:00 बजे तक है | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचपीजीसीएल पानीपत | ( NIT NO. 117/EMD-II/E-268/VOL-I DTD.04.09.2019) (TENDER ID NO. 2019_HBC_101115_1) | आरम्भिक तिथि 04.09.2019 को 17:00 बजे तथा अंतिम तिथि 22.11.2019 को 13:00 बजे | www.hpgcl.org.in & https://etenders. hry.nic.in | 0180-2566015 xenmtcplg1@gmail.com |
| 3 | एचपीजीसीएल पानीपत | ( NIT NO. UNIT-7&8/PTPS/C&I-7/5 DTD.06.09.2019) (TENDER ID NO. 2019_HBC_102201_1) | आरम्भिक तिथि 07.09.2019 को 15:00 बजे तथा अंतिम तिथि 02.12.2019 को 13:00 बजे | www.hpgcl.org.in & https://etenders. hry.nic.in | 0180-2566015 xenmtcplg1@gmail.com |
| 4 | एचपीजीसीएल हिसार | 2019_HBC_106183_1 NIT NO.34/RGTPP/ROTARY-I/M&P-576/2019-2020 DT. 11.10.2019 | शुद्धिपत्र – प्रथम आरजीटीपीपी खेदड़ में 600एम डब्ल्यू, यूनिट – I की आगामी कैपिटल ऑवरहॉलिंग के दौरान फैन्ज आरएपीएच एस तथा डक्टिंग की ऑवरहॉलिंग खुलने की निर्धारित तिथि 19.11.2019 को 15:00 बजे है | https://etenders.hry.nic.in | 8222022077 ls.virdi@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in  संवाद विज्ञा. सं. –13/1920/3276800000/79422 दि. 19.11.19

## हरियाणा सरकार

### निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य / सूचना / निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प रोहतक | भिवानी शहर में किमी. 114.320 से 118.300 तक एनएच–709 (एक्सटेंशन) के सेंट्रल वर्ज में गैप को हटाना। | 18.11.2019 17.12.2019 | 8.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01262-247271 pwdeepd3nhrtk1@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प नूह | जिला नूह तावडू में हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में पेंटिंग द्वारा ए/आर। | 18.11.2019 02.12.2019 | 4.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-271237 |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | पानीपत में लोनिवि रेस्ट हाउस का निर्माण (ईपीएबीएक्स, लेन और फायर अलार्म सिस्टम का प्रावधान) + 6 अन्य कार्य। | 21.11.2019 03.12.2019 | 1.53 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज, रोहतक | गांव खेरड़ी में विलेज नॉलेज सेंटर का निर्माण + 11 अन्य कार्य। | 25.11.2019 06.12.2019 | 251.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812175055 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, भिवानी | सुन्दर सौरखी लिंक माइनर चैनल के आरडी 0 से 29000 टेल की आंतरिक सफाई + 8 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 26.11.2019 | 15.20 लाख | www.hid.gov.in | 01664-242141 xenbwsbhiwani@rediffmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, पलवल | खटेला माइनर के हैड से टेल तक की जाला, जलखुम्बी, जंगली घास और जंगली पेड़–पौधों इत्यादि की आंतरिक सफाई + 5 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 27.11.2019 | 6.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01275-252179 xenpwl79@gmail.com |
| 7 | वन विभाग, हिसार | जिला चरखी दादरी गांव पिचौपा और झोझू के तालाब का निर्माण + 2 अन्य कार्य। | 19.11.2019 02.12.2019 | 56.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-259233 dwlohisar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/1920/53782400000/79423 दि. 19.11.19

## हरियाणा सरकार

### निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | निविदा सूचना कार्य का नाम | खुलने बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई–मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल पानीपत | (एनआईटी सं. 16-2019/V-226/GS) | 13.11.2019 12.12.2019 | 25.86 लाख | www.hpgcl.org.in & https://etenders. hry.nic.in TENDER NO - 2019_HBC_ 108663_1 | 0180-2566015 xenmtcplg1@gmail.com |
| 2 | एचपीजीसीएल हिसार | एनआईटी सं. 310/RGTPP/MM-I/TOE-12501 दि. 07.11.2019 आरजीटीपीपी, खेदड़, हिसार को पूर्ण बैटरी बैंक की आपूर्ति। | 07.11.2019 06.12.2019 | 87600/- | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 2019_HBC_107824_1 | 9355084358 xenmm1rgtpp@gmail.com |
| 3 | एचपीजीसीएल हिसार | एनआईटी सं. 311/RGTPP/MM-I/TOE-12545 दि. 08.11.2019 आरजीटीपीपी, खेदड़, हिसार को ब्रिक मैनुफैक्चरिंग यूनिट की आपूर्ति। | 08.11.2019 28.11.2019 | 20000/- | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 2019_HBC_108031_1 | 9355084358 xenmm1rgtpp@gmail.com |
| 4 | एचवीपीएनएल करनाल | 132 केवी एस/स्टेशन एचवीपीएनएल, जुंडला में मौजूदा 20/25 एमवीए, 132/33 केवी टी/एफ से 40/50 एमवीए 132/33 केवी का संवर्धन। | 15.11.2019 22.11.2019 | 4.85 लाख | WWW.HVPN.ORG.IN TENDER NO - '2019_HBC__108989_1/ NIT No. 63/TSKNL/2019-20 Dt. 15-11-2019 | 0172-258789 pro@hvpn.org.in |
| 5 | एचवीपीएनएल करनाल | 220 केवी एस/स्टेशन एचवीपीएनएल निसिंग में 4 अदद 132 केवी एसएफ-6 ब्रेकर (एबीबी मेक) का निर्माण। | 15.11.2019 22.11.2019 | 1.15 लाख | WWW.HVPN.ORG.IN TENDER NO - '2019_HBC_109005_1/ NIT No. 64/TSKNL/2019-20 Dt. 15-11-2019 | 0172-258789 pro@hvpn.org.in |
| 6 | एचवीपीएनएल फरीदाबाद | 400 केवी एस/स्टेशन नवादा से 220 केवी टीएसएस डीएफसीसीआईएल तक 220 केवी डी/सी लाइन को ऑक्मोडेट करने के लिये 400 केवी एस/स्टेशन नवादा में 2 अदद 220 केवी लाइन बेज की रचना। | बंद होने की तिथि 02.12.2019 | 9.79 लाख | www.hvpn.org.in TENDER NO - NIET No. 01/TS/FBD/2019-20 | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 7 | एचवीपीएनएल फरीदाबाद | 2×12.5/16 एमवीए 66/11 केवी टी/एफ से 1×12.5/16 एमवीए + 1×25/31.5 एमवीए 66/11 केवी टी/एफ तक 66 केवी एस/स्टेशन एस्कॉर्ट्स-II का संवर्धन। | बंद होने की तिथि 02.12.2019 | 4.90 लाख | www.hvpn.org.in TENDER NO - NIET No. 02/TS/FBD/2019-20 | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 8 | एचवीपीएनएल फरीदाबाद | 66 केवी एस/स्टेशन यूएसए में डबल बस व्यवस्था के साथ-साथ 66 केवी पल्ला–एनएच-3 लाइन के एक सीकेटी के लीलो को एक्मॉडेट करने के लिये 1 अदद 66 केवी लाइन बे की रचना। | बंद होने की तिथि 02.12.2019 | 5.04 लाख | www.hvpn.org.in TENDER NO - NIET No. 04/TS/FBD/2019-20 | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 9 | एचवीपीएनएल फरीदाबाद | 1×12.5/16 एमवीए + 1×25/31.5 एमवीए 66/11 केवी टी/एफ से 2×25/31.5 एमवीए 66/11 केवी टी/एफ तक 66 केवी एस/स्टेशन छैन्सा का संवर्धन। | बंद होने की तिथि 02.12.2019 | 3.84 लाख | www.hvpn.org.in TENDER NO - NIET No. 03/TS/FBD/2019-20 | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 10 | दि अम्बाला जिला सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि. | दुग्ध संयंत्र अम्बाला के परिसर से भूसे यार्ड से बॉयलर तक चावल के भूसे की शिफ्टिंग, बॉयलर में फायरिंग और भूसे की राख को उठाना। | 22.11.2019 16.12.2019 | 50000/- | http:vitaindia.etenders.hry.nic.in www.vitaindia.org.in TENDER NO - 42 | 0171-2540614, 9996648121 milkplant@vitaambala.com |
| 11 | दि अम्बाला जिला सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि. | दुग्ध संयंत्र, अम्बाला के उत्पादन संभाग में लगभग 1.0 लाख लीटर से 1.25 लाख लीटर लिक्विड मिल्क की क्रेट्स इत्यादि में पाउचेज प्रतिदिन में पैकिंग, दुग्ध क्रेट्स की धुलाई / सफाई हेतु जॉब कार्य। | 21.11.2019 13.12.2019 | 1 लाख | http:vitaindia.etenders.hry.nic.in www.vitaindia.org.in TENDER NO - 41 | 0171-2540614, 9996648121 milkplant@vitaambala.com |
| 12 | नगर पालिका खरखौदा (यूएलबी) | सैनी चौपाल को पूरा करना। (डी–प्लान 2019–20) + 5 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 04.12.2019 | ईएमडी 83800/- | etenders.hry.nic.in | 8222002777 yogeshrathi89@gmail.com |
| 13 | नगर पालिका इन्द्री | नगरपालिका, इन्द्री में टिल्ला डब्ल्यू. नं. 06 पर पार्क और सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | बंद होने की तिथि 04.12.2019 | 1.22 लाख | etenders.hry.nic.in TENDER NO - MCI014NOV2019 | 9416435945 secymc.indri@gmail.com |
| 14 | कन्फैड जिला कार्यालय कैथल | टीपीडीएस/एसएनपी स्कीम परिवहन कार्य। | 19.11.2019 28.11.2019 | ईएमडी 1.50 लाख | http://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 2019_HBC_109276_1 2019_HBC_109284_1 | 7015479830 confedkaithal@gmail.com |
| 15 | हरियाणा रोडवेज इंजी. कार्पो. लि., गुरुग्राम | आकार 9.00 × 20 और 10.00 आर 20 आकार, वॉल्वो और स्वराज माजदा के नायलॉन और रेडियल टायरों की मरम्मत करने और रिट्रेडिंग हेतु मानवशक्ति का प्रावधान। | 20.11.2019 12.12.2019 | 22.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 001/PMA/HREC/2019-20 | 9891987373, 9891257373 gm.hrec27@gmail.com |
| 16 | कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र में बी.आर. अंतर्राष्ट्रीय चौक के निकट ग्राउंड से ब्रह्मसरोवर के चारों ओर विभिन्न केडीबी एरिया तक मिट्टी को हटाना + 2 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 28.11.2019 | 16.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01744-270187, 294505 kdbkkr@gmail.com |
| 17 | हाउसिंग बोर्ड हरियाणा, पंचकूला | हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-77-78, फरीदाबाद में आंतरिक पीएच एवं ईआई सेवाओं समेत बी.पी.एल. श्रेणी हेतु 204 अदद ईडब्ल्यूएस ग्रुप-बी (3 मंजिला) आवासीय इकाई का निर्माण (मै. नवरंग इंफ्रास्ट्रक्चर आईएनसी. के जोखिम व लागत पर) | 22.11.2019 06.12.2019 | 5.69 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 3445 dated 18.11.2019. | 0129-2276030 xenhbhfbd@gmail.com |
| 18 | नगर परिषद, चरखी दादरी | आवंटन की तिथि से 1 वर्ष हेतु स्ट्रीट लाइट के रखरखाव के लिये अनुबंध। | 19.11.2019 26.11.2019 | 1.97 लाख | etenders.hry.nic.in | 01250-220056 EXECUTIVE ENGINEER |
| 19 | नगर परिषद, चरखी दादरी | म्यूनिसिपल एरिया चरखी दादरी से बंदर को पकड़ना। | 19.11.2019 26.11.2019 | 3.50 लाख | etenders.hry.nic.in | 01250-220056 EXECUTIVE ENGINEER |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/1920/7923516800000/79421 दि. 19.11.19


## जियो ने उपभोक्ता को बनाए रखा

**मुंबई।** रिलायंस जियो का 4जी मोबाइल डेटा नेटवर्क हर किसी को और सब कुछ को, हर जगह - हमेशा उच्चतम गुणवत्ता और बेहतरीन दरों को एक साथ प्रस्तुत करने के लिए दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण मिशन पर है। जियो ने 2016 में भारत को दुनिया के सबसे बड़े डेटा-मार्केट के रूप में 20 मिलियन जीबी प्रति माह से बढ़ाकर 600 मिलियन जीबी प्रति माह कर दिया है। देश भर में डेटा-खपत और 4 जी कवरेज में भारी वृद्धि को देखते हुए, अभी भी 40 मिलियन से अधिक भारतीय उपभोक्ता हैं, जिन्हें नवीनतम तकनीकों का लाभ नहीं मिला है।

## सरकार बैंक जमा पर बीमा कवर बढ़ाकर 10 लाख रुपए करे

**मुंबई।** रिजर्व बैंक की कर्मचारी यूनियनों ने बैंकों में जमा राशि पर बीमा कवर को मौजूदा एक लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए करने की सरकार से मांग की है। सहकारी क्षेत्र के पंजाब एण्ड महाराष्ट्र सहकारी बैंक में जारी संकट के बीच बैंक जमा पर बीमा कवर बढ़ाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सप्ताहांत इस संबंध में सरकार की मंशा बताई।

## आईआरसीटीसी को 'गोल्डन चैरिअट' की बागडोर

**नई दिल्ली।** कर्नाटक सरकार ने सैलानियों के लिए चलाई जा रही आलीशान गोल्डेन चैरिअट रेलगाड़ी की जिम्मेदारी राजस्व में हिस्सेदारी के एक समझौते के तहत भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) को सौंप दी है। अब आईआरसीटीसी अपनी निगरानी में इस की आंतरिक साज-सज्जा बदल कर इसे मार्च 2020 से फिर परिचालित करेगी। पिछले करीब 10 साल से इस ट्रेन को चला रहे कर्नाटक सरकार के उपक्रम कर्नाटक स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (केएसटीडीसी) को इसमें घाटा हो रहा था।


## भा.कृ.अनु.सं.-केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान

सिरसा रोड, हिसार (हरियाणा)

दूरभाष नं. 01662–281611, फैक्स नं. 01662–275004

### निविदा सूचना

सचिव, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से निदेशक, केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान, हिसार द्वारा लगभग 3000–4000 लीटर LN2 प्रति महीना केन्द्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान हिसार में सप्लाई करने हेतु लाइसैंस धारक एजेंसियों / फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा जमा करवाने की अन्तिम तिथि दिनांक 27.12.2019 को 2.30 बजे तक है जो अगले दिन दिनांक 28.12.2019 दोपहर बाद 3.00 बजे खोली जाएंगी।

शर्तें व निर्धारित प्रपत्र संस्थान की वेबसाइट www.cirb.res.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

हस्ता/– (रविन्दर)
प्रशासनिक अधिकारी
फोन नं. 01662–281611

## निविदा सूचना

### भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय (नौसेना) आईएनएस भारत

कमांडिंग ऑफिसर, आईएनएस इंडिया, दारा शिकोह, नई दिल्ली–110011 से एनडीडीबी / अनुमोदित एनसीडीएफआई / अनुशंसित पंजीकृत सहकारी समितियां और दिल्ली दुग्ध योजना से बटर फ्रैश की आपूर्ति हेतु एक वर्ष की अवधि के लिये वार्षिक अनुबंध की समाप्ति हेतु ई–बोलियां आमंत्रित करते हैं। एल–1 न्यूनतम दरों (कुल राशि पर) के आधार पर निर्धारित किये जाएंगे। डाउनलोड हेतु निविदा दस्तावेज www.eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इच्छुक फर्में अधिक विवरण हेतु 8800197201 पर सम्पर्क करें।

हस्ता/– (एस राम कुमार)
कैप्टन
डीएवीपी–10702/11/0194/1920 कमांडिंग ऑफिसर (एओएल)

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृशि भूमि का तबादला प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1003

मनकि बिजेन्द्र पुत्र कांसीराम पुत्र हरनारायण निवासी एंव बिस्वेदार गॉव याकुबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2015–16 व इन्तकाल न0 4532 तकसीम, के अनुसार अराजी खेवट न0 544मिन/476 खाता न0 568मिन मु0 न0 2 किला न0 17/2(3–13), 23(7–8), 24(8–0), 26(0–12), मु0 न0 20 किला न0 3(6–16), किते 5, तादादी रकबा 26 कनाल 9 मरले का 173/529 भाग बकदर 8 कनाल 13 मरले वाका रकबा मौजा याकुबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज हूँ जिसमें सें कुल रकबे का 126313/529000 भाग बकदर 6 कनाल 6.313 मरले (0.78945625 एकड) जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 2 किला न0 17/2(3–13), 24मिन पूर्व (2–1.313), 26(0–12), किते 3, तादादी रकबा 6 कनाल 6.313 मरले (0.78945625 एकड) का कब्जा दिया जा रहा है।


अत: यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 19.11.2019

राजबीर सिंह
एडवोकेट,
पंचायत भवन गुरूग्राम
Mobile : 09818214284
E-mail : adv.rajbir.singh@hotmail.com

# युवती ने अनोखे अंदाज में बताए ट्रैफिक नियम

एजेंसी ▶▶| इंदौर



अगर आप शाम के वक्त यहां बेहद व्यस्त एमजी रोड से गुजरें तो ट्रैफिक सिग्नल पर यातायात दुरुस्त करने में जुटी 23 वर्षीय स्वयंसेविका की चुस्ती-फुर्ती और उसके हाव-भाव से प्रभावित हुए बिना नहीं रह पाएंगे। उसे देखकर लगता है मानो वह सड़क पर पाश्चात्य शैली की नृत्य मुद्राओं का प्रदर्शन कर रही है। वाहन सवारों से यातायात नियमों के पालन की गुजारिश करती इस एमबीए छात्रा के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। अच्छे काम के लिये पुलिस के आला अधिकारी भी उसकी तारीफ कर चुके हैं। वायरल वीडियो में वो बिना हेलमेट पहने चालकों से कह रही हैं, ''अगर आप लोग हेलमेट पहनेंगे तो मैं आपको सलाम करूंगी।' यही नहीं वो हेलमेट पहने चालकों को देखकर हाथ जोड़ रही हैं और सलाम कर रही हैं। पुणे के एक विश्वविद्यालय में नवाचार और उद्यमिता विषय में एमबीए की पढ़ाई कर रहीं शुभी जैन (23) मध्यप्रदेश के सागर जिले के बीना कस्बे से ताल्लुक रखती हैं। वह 15 दिन की इंटर्नशिप के लिये इंदौर आयी हैं।

# अनुच्छेद 370 हटाने के बाद 765 पत्थरबाज गिरफ्तार

## ▶▶ केंद्र सरकार ने संसद में बताया 190 मामले दर्ज हुए ▶▶ घाटी में पत्थरबाजी में कमी आई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मंगलवार को संसद में बताया कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद पत्थरबाजी में कमी आई है। सरकार ने बताया कि अब तक 765 पत्थरबाजों को गिरफ्तार किया गया है। सरकारी की ओर से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी. किशन रेड्डी ने यह जानकारी सदन में दी। रेड्डी ने कहा- 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने के बाद से 15 नवंबर तक पत्थरबाजी और कानून व्यवस्था प्रभावित करने के मामले में 190 केस दर्ज किए गए। इससे पहले 1 जनवरी 2019 से लेकर 4 अगस्त तक जम्मू-कश्मीर में ऐसे 361 केस दर्ज किए गए थे। रेड्डी के अनुसार, सरकार ने घाटी में हालात को नियंत्रित रखने के लिए उपद्रवी तत्वों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया है। पब्लिक सेफ्टी के तहत सुरक्षा के तौर पर अलगाववादियों को हिरासत में भी लिया गया है।



अनुच्छेद 370 हटाने के बाद घाटी में 34 लाख से ज्यादा पर्यटक पहुंचे

### अलगाववादी पत्थरबाजी में शामिल

रेड्डी ने यह भी कहा कि अलग-अलग जांच एजेंसियों के द्वारा की गई जांच में यह बात सामने आई कि हुर्रियत से जुड़े कई अलगाववादी नेता घाटी में पत्थरबाजी से जुड़ी घटनाओं में शामिल रहे हैं। एनआईए ने ऐसे 18 लोगों के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किए हैं।

वहीं पिछले 6 महीने में घाटी में 34 लाख 10 हजार 219 पर्यटक आए, जिनमें 12 हजार 934 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं।

# अप्रैल-सितंबर के बीच रोजाना हुए करीब 32 बैंकिंग फ्रॉड

- अप्रैल-सितंबर के बीच रोजाना हुए करीब 32 बैंकिंग फ्रॉड
- 95 हजार करोड़ का नुकसान, वित्त मंत्री ने कहा - पिछले दो वित्त वर्ष में करीब 3,38,000 बैंक अकाउंट जब्त

**नई दिल्ली।** भारत के सरकारी बैंकों में चालू वित्त वर्ष 2019-20 के पहले 6 माह में करीब 13.34 बिलियन डॉलर 95 हजार करोड रुपए की धोखाधड़ी हुई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद के उच्च सदन राज्यसभा में इस बारे में जानकारी दी। देश में इस साल अप्रैल से सितंबर के दौरान बैंकिंग धोखाधड़ी के मामलों की संख्या करीब 5,743 पहुंच गई। आंकड़ों पर गौर करें, तो देश में हर दिन करीब 32 बैंक फ्रॉड को अंजाम दिया गया। निर्मला सीतारमण ने सरकार की तरफ से सफाई पेश करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने बैंकिंग धोखाधड़ी के मामलों को रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं और आगे भी उठाए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने सख्ती बरतते हुए पिछले दो वित्त वर्ष में करीब 3,38,000 बैंकिंग अकाउंट को जब्त कर दिया है, जिन पर ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी का आरोप था। साथ ही बैंकिंग फ्रॉड करके भागने वाले व्यक्ति की संपत्ति जब्त करने के लिए एक कानून इकोनॉमिक ऑफेंडर्स एक्ट लेकर आयी है।

## विश्वास है आईआईटी, एनआईटी प्रदूषण मुद्दे का समाधान ढूंढ लेंगे : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को विश्वास जताया कि आईआईटी और एनआईटी अपनी विशेषज्ञता के माध्यम से वायु प्रदूषण की समस्या का समाधान ढूंढ लेंगे और साथ ही छात्रों तथा शोधकर्ताओं में संवेदनशीलता जगाएंगे। कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में वार्षिक 'विजिटर्स कॉन्फ्रेंस' में ये बयान दिए। सम्मेलन में 23 भारतीय प्रौद्योगिक संस्थानों (आईआईटी), 31 नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईआईईएसटी), शिबपुर के निदेशकों ने हिस्सा लिया। कोविंद ने कहा, "यह वर्ष का ऐसा वक्त है जब देश की राजधानी और कई अन्य शहरों की वायु गुणवत्ता मानकों से परे काफी खराब हो गई है। कई वैज्ञानिकों ने भविष्य की दुखद तस्वीर पेश की है। शहरों में धुंध और खराब दृश्यता के दिनों में हमें डर रहता है कि क्या भविष्य ऐसा ही है।

## मेडिकल छात्र की संदिग्ध हालात में मौत

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** स्थानीय मेडिकल कॉलेज के 34 वर्षीय छात्र की मंगलवार को यहां संदिग्ध हालात में मौत हो गयी। इस मौत पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि एक व्हिसलब्लोअर ने दावा किया कि मृतक सूबे के कुख्यात व्यापमं घोटाले से जुड़ा हुआ था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आजाद नगर क्षेत्र के एक स्कूल के पास भूरेलाल वास्केल (34) का शव मिला। वह शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस पाठ्यक्रम का छात्र था। उन्होंने बताया कि वास्केल मूलतः खरगोन जिले के एक गांव का रहने वाला था। वह इंदौर के अजय बाग इलाके में किराये के मकान में रहकर मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था।

## पीडीपी सांसद ने गृह मंत्री को लिखा पत्र राजनीतिक बंदियों को रिहाई की मांग

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में एक समय भाजपा की सहयोगी रह चुकी पीडीपी ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों सहित राजनीतिक कैदियों को रिहा करने की मांग की और कहा कि कश्मीर घाटी में लोगों के मन में बैठे डर का समाधान होना चाहिए। पीडीपी के राज्यसभा सदस्य मोहम्मद फैयाज मीर ने पत्र में कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग "अत्यधिक कठोर संचार पाबंदियों" के चलते पीड़ा सह रहे हैं और इससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा, "ये बेहद बुनियादी बात है कि भारत सरकार के उच्चतम अधिकारियों को जम्मू-कश्मीर के लोगों तक पहुंचना चाहिए और अनिश्चितता, नेतृत्वहीनता और लगातार बंदी से संबंधित उनके सवालों का समाधान करना चाहिए।"

## सबरीमला: 12 वर्षीय लड़की को जाने से रोका

**सबरीमला।** पुडुचेरी की 12 साल की एक लड़की यहां भगवान अयप्पा मंदिर अपने पिता के साथ आई थी लेकिन मंगलवार सुबह उसे पम्बा से आगे जाने की इजाजत नहीं दी गई। महिला पुलिसकर्मी ने लड़की का आधार कार्ड देखा और पाया कि वह 12 साल की है। इसके बाद पुलिसकर्मी ने लड़की को पम्बा से आगे जाने की इजाजत नहीं दी। जब बच्ची के रिश्तेदारों को सबरीमला की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई तो उसके पिता और अन्य रिश्तेदार ही आगे बढ़े। मंदिर में प्रवेश की पारंपरिक तौर पर 10-50 साल की महिलाओं का प्रवेश वर्जित है।

# इलाज में लापरवाही : चिकित्सकों पर 30 लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** शीर्ष उपभोक्ता आयोग एनसीडीआरसी ने सहारा इंडिया मेडिकल इंस्टीट्यूट लिमिटेड के दो चिकित्सकों को निर्देश दिया है कि वे इलाज में लापरवाही के चलते किडनी खराब होने के कारण एक मरीज को 30 लाख रुपये का हर्जाना दें। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने चिकित्सक संदीप अग्रवाल और मुफ्फजल अहमद को क्रमशः लखनऊ निवासी ज्ञान मिश्रा को 20 लाख रुपये और 10 लाख रुपये देने का निर्देश दिया। आयोग के पास शिकायत लंबित होने के दौरान मिश्रा की मृत्यु हो गई। आदेश में यह भी कहा गया कि मिश्रा को यह क्षतिपूर्ति देने के लिए परोक्ष रूप से अस्पताल भी जवाबदेह है। एनसीडीआरसी ने कहा, "डॉक्टर संदीप अग्रवाल को क्षतिपूर्ति के रूप में 20 लाख रुपये मिश्रा को देने का निर्देश दिया गया है, जबकि मुफ्फजल अहमद को उन्हें 10 लाख रुपये देने होंगे। विपक्षी पक्ष क्रमांक एक (सहारा इंडिया मेडिकल इंस्टीट्यूट लिमिटेड) परोक्ष रूप से शिकायतकर्ता को उक्त राशि देने के लिए जवाबदेह होगी। आयोग ने कहा कि चूंकि शिकायत लंबित रहने के दौरान मिश्रा की मृत्यु हो गई, इसलिए इस बात को साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं है कि उनकी मौत चिकित्सकों की लापरवाही के चलते हुई, लेकिन ये बात तय है कि जिस साल उन्होंने उनसे इलाज कराया, उस दौरान उनकी किडनी खराब हुई। मिश्रा की शिकायत के अनुसार वह 2011 में लखनऊ के सहारा अस्पताल में अग्रवाल की निगरानी में भर्ती हुए। उनका सीरम क्रिएटिनिन, जो खून में पाया जाने वाला एक अपशिष्ट उत्पाद है।

## विशेष अदालत ने मानहानि के मामले में लालू के खिलाफ पेशी वारंट जारी किया

**पटना।** पटना की एक विशेष अदालत ने चारा घोटाला मामले में सजायाफ्ता और राजद प्रमुख लालू प्रसाद के खिलाफ मानहानि के एक मामले में पेशी वारंट जारी किया है। वह फलहाल जेल में हैं और वहीं से रांची के एक अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। सांसद-विधायक विशेष अदालत के न्यायाधीश कुमार अभिनव ने उदय कांत मिश्रा द्वारा दायर मानहानि के एक मामले में सोमवार को लालू के खिलाफ पेशी वारंट जारी किया। शिकायतकर्ता के वकील वी एस दुबे ने बताया कि अदालत ने बिरसा मुंडा जेल अधिकारियों से इस मामले में लालू को आगामी 2 दिसंबर को पेश करने को कहा है। दूबे ने कहा कि 2017 में भागलपुर में एक रैली के दौरान, लालू प्रसाद और उनके बेटे तेजस्वी प्रसाद यादव ने करोड़ों रुपये के बिहार के सृजन घोटाला मामले में उदय कांत मिश्रा का नाम सार्वजनिक रूप से लेते हुए नीतीश पर आरोप लगाया था कि जब भी वह भागलपुर आते थे, सर्किट हाउस में रहने की सुविधा होने के बावजूद मिश्रा के घर नियमित रूप से जाया करते थे। पिता-पुत्र की उक्त टिप्पणी को अपमानजनक बताते हुए मिश्रा ने बिना शर्त माफी मांगने की मांग करते हुए दोनों के खिलाफ कानूनी नोटिस भेजा था पर बाद में तेजस्वी के खिलाफ न जाने का निर्णय लेते हुए लालू के खिलाफ उक्त याचिका दायर की।


**सूचना**

यह सूचनार्थ अधिसूचित किया जाता है कि सीबीएसई द्वारा जारी मुख्य, उच्चतर माध्यमिक परीक्षा वर्ष, 2014 एवं अनुक्रमांक 2140804, उत्तीर्ण करने से संबंधित मेरा मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। छात्र का नाम **ROHIT S/O SADHU RAM** एवं स्थायी पता **VPO Lahli, Distt. Rohtak.**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय कन्या उच्च विद्यालय मुंडलाना तहसील गोहाना जिला सोनीपत के प्रांगण में 29.11.2019 को कमरों के पुराने सामान की खुली बोली करवाई जाएगी। पुराने सामान में कड़ी 530, लोहे की गाटर 14, दरवाजे 12 और खिड़की 22 हैं। बोलीदाता को दस हजार रुपये जमानत के रूप में जमा करवाने होंगे। बाकी की शर्तें बोली के समय बता दी जाएंगी। बोली दोपहर 12 बजे करवाई जाएगी।

हस्ता/- हैडमास्टर
जी.जी.एच.एस मुंडलाना, 3600

**REMINDER**
**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF
Sh. SANDEEP KUMAR DUGGAL
Principal Judge (Family Court)
Camp Court, Bahadurgarh
**Sukhbir**
**Vs.**
**Nirmala**
CNR No. HRJR01-004227-2017
NEXT DATE : 06.12.2019
**PUBLICATION ISSUED TO :**
Nirmala W/o Sukhbir and daughter of Ishwar Singh Vill. Panihari, Teh. Hansi, Distt. Hissar, HARYANA

In above titled case, the respondent could not be served. It is ordered that respondent should appear in person or through counsel on **06.12.2019 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*
**Sd/-** Principal Judge (Family Court)
Camp Court, Bahadurgarh
Dated, this day of 04.11.2019

**कोर्ट नोटिस**
**न्यायालय श्री राजेश कुमार**
**सहायक कलैक्टर, द्वितीय श्रेणी, कलानौर**

सर्व साधारण को इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे न्यायालय में 1. प्रकाश आदि बनाम सीताराम 2. रामफल आदि बनाम सीता 3. रमेश आदि बनाम सतराम दास आदि खेवअ नं. 184 खतौनी नं. 197 मुस्ततिल नं. 136 किला नं. 14//1/1/1(0-10), खेवट नं. 921 खतौनी नं. 1077 मुस्ततिल नं. 136 किला नं. 14/2(3-6) व खेवट नं. 186 खतौनी नं. 220 व 201 मुस्ततिल नं. 136 किला नं. 7/1(0-9), 14/1/2(3-18) मौजा सैम्पल के दुरस्ती गिरदावरी के केस विचाराधीन हे इन केसों में किसी को गिरदावरी दुरस्त करने में कोई एतराज/आपत्ति हो तो वह असालतन या वकालतन दिनांक 13.12.2019 तक मेरे न्यायालय में पेश होकर केस की पैरवी कर सकता है। उपरोक्त तिथि के उपरान्त हाजिर न होने की स्थिती में प्रतिवादीगण की गैर हाजिरी में केस सुनवाई करके निर्णय कर दिया जावेगा।

हस्ता/- सहायक कलैक्टर,
द्वितीय श्रेणी, कलानौर

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**चिकित्सा**

9215161430
9996375800
गुप्त रोग मर्दाना कमजोरी
इमरजेंसी, हनीमून पैक
निःसंतान दम्पत्ति
स्वयं से संतान प्राप्त करें दूसरे ढंग से क्यों?
निल/*कम शुक्राणु
शीघ्रपतन, बचपन की गलतियां, चर्म रोग
हर रोज मिलें
डॉ. कवातड़ा
पुल पार हिसार रोड, रोहतक

बॉडी बनाएं
कोर्स मात्र 650/- महीना
फायदा न होने पर पैसे वापस
कद बढ़ाए
छोटा कद होने से अगर आपको शर्मिंदा होना पड़ता है तो आज ही हमारी आयुर्वेदिक दवा लें और कद बढ़ाए।
कोर्स 1000/- महीना
दीपक आयुर्वेदा
रमणीक कॉम्पलैक्स, दुकान न.22, तिकोना पार्क, NIT फरीदाबाद
0129-4310055,4310066

शराब छुडवायें
हमेशा के लिए
बिना लाये बिना बताये
वो भी सिर्फ 7 दिन में
शराब, स्मैक, अफीम, चरस, गांजा आदि
दुर्गा आयुर्वेदा
9717530680
9917617243

**लोन**

☞ राधे फाइनेंस सभी प्रकार के लोन योजनाओं के अन्तर्गत मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, आधारकार्ड, बिजनेस, गांव, शहर, दुकान सभी लोन 1% ब्याज 50% छूट 24 घण्टों में सम्पर्क करें 90849-17682

☞ गायत्री फाइनेंस समस्त लोन घर बैठे पाये मात्र 24 घंटों में आधारकार्ड, मार्कशीट, होमलोन, बिजनेस, पर्सनल, प्रोपर्टी 2% ब्याज 40% छूट महिलाओं/ विद्यार्थियों को विशेष छूट धोखेबाजों से सावधान 70410-64137

**लोन**

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं Jeevan Bharti Finance जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुप लोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 1% छूट 40% एजेंट आमंत्रित 94664-34510

**ज्योतिष**

मेरा किया जो काटे उसे मुंहमांगा ईनाम
तंत्र मंत्र सम्राट भारत के नं0 1
पंडित अर्जुन शर्मा
शक्ति चमत्कार देखें 21 मिनटों में घर बैठे समाधान
स्पेशलिस्ट महावशीकरण मुठकरनी
मनचाहा प्यार, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, गड़ा धन, प्यार में धोखा आदि। हर जगह से निराश हो चुके हों तो एक फोन आपकी जिंदगी बदल देगा।
9012661598
8191087356

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**ज्योतिष**

गुरु मलिक जी
शक्ति चमत्कार देखें
मात्र 3 घन्टों में, अपनी आँखों से महामुठकरनी, महावशीकरण करवायें या तुडवायें। सौतन व दुश्मन से छुटकारा। किया-कराया, प्यार-मौहब्बत, संतान-प्राप्ति, जमीन जायदाद, कोर्ट-कचहरी, घर में खून के छीटें आना।
A to Z समस्यों का तुरन्त समाधान।
एक बार अवश्य मिलें।
पता : रोहतक
9896505493

हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा ईनाम
खुला चैलेंज तंत्र मंत्र सम्राट
घर बैठे 2 घंटे में समाधान
बाबा बंगाली
स्पेशलिस्ट वशीकरण मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा रूठे को मनाना, कारोबार, तलाक में बाधा, संतान या विदेश यात्रा में रूकावट सभी जगह से निराश फोन करें
9068531853

**ज्योतिष**

तांत्रिक शक्ति के बेताज बादशाह
बाबा शेख साहब बंगाली
कहते नही कर के दिखाते है
3 घंटों में 101% गरांटेड समाधान
जैसे कारोबार में बंदिश, मनचाही शादी में रूकावट, रूठे को मनाना, मनचाहा प्यार, प्यार में धोखा खाये मिले, बिमारी में दवा ना लगना, पति-पत्नी में अनबन, सास-बहू में झगड़ा, जादु-टोना, विदेश यात्रा, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतल व दुश्मन से छुटकारा
9997322441
लक्ष्मी नगर मैट्रो स्टेशन, नई दिल्ली
निराश अवश्य मिलें

17 सालो से एक स्थान पर
बाबा बली शाह
5 घंटो में 100% गारंटिड समाधान जैसे मनचाही शादी, मनचाहा प्यार, रूठे को मनाना, कारोबार, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा खायें मिलें, सौतन/दुश्मन छुटकारा, जादू-टोना
स्पे. वशीकरण, मुठकरणी आदि
9917598041
Fees ₹200/-
पता : राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

**ज्योतिष**

हमसे पहले काम करने वालों को मुंहमांगा ईनाम
खुला चैलेंज तंत्र मंत्र सम्राट
घर बैठे 2 घंटे में समाधान
गुरूओं के गुरू
गुरू विशाल शर्मा
स्पेशलिस्ट वशीकरण मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा रूठे को मनाना, कारोबार, तलाक में बाधा, संतान या विदेश यात्रा में रूकावट सभी जगह से निराश फोन करें
9540382877
9540382864

**लोन**

☞ धोखेबाजों से सावधान श्रीराम फाइनेंस कंपनी (REGISTERED) 1972 द्वारा मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, लोन घरबैठे पाएं (वार्षिक ब्याज 2%) (सब्सिडी 50% छूट) (ONLINE बैंकिंग का लाभ उठाएं) HELPLINE :- 87652-94056, 87652-89837

**टावर**

☞ महालक्ष्मी टावर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G, 4G टावर लगवायें आइडिया, एयरटेल, वोडाफोन, JIO टावर लगवायें अपनी खाली पड़ी छत, खेत, प्लाट पर, 70 लाख एडवांस 30 हजार किराया प्रतिमाह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट, 2 लोगों को नौकरी, सम्पर्क करें 9548973844, धोखेबाजों से सावधान।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## राशिफल

**मेष** — क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा के भाव रहेंगे। नौकरी में अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। फिर भी तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण तो रहेंगे, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। आत्मसंयत रहें। सन्तान को कष्ट रहेगा।

**मिथुन** — मन अशान्त रहेगा। किसी अज्ञातभय से परेशान हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क** — क्रोध की अधिकता हो सकती है,परन्तु वाणी में सौम्यता भी रहेगी। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**सिंह** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — धैर्यशीलता में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। नौकरी में इच्छा विरूद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला** — क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा के भाव रहेंगें। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन प्राप्ति हो सकती है।

**वृश्चिक** — नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। वाहन सुख में कमी आएगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। माता-पिता का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — परिवार की समस्याएं अभी परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयों आ सकती हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 3906




**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -3905 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | र | व | ■ | ■ | ■ | मु | का | ब | ला |
| मी | ■ | ■ | त | म | त | मा | ना | ■ | ■ | ज |
| श | व | ■ | न | या | ■ | न | दी | ■ | जी | वा |
| न | र | क | ■ | न | म | क | ■ | ख | रा | ब |
| ■ | दा | म | न | ■ | जा | ■ | न | फा | ■ | ■ |
| ■ | न | ■ | ख | त | ■ | म | न | ■ | म | ■ |
| ■ | ■ | सा | रा | ■ | आ | ■ | द | म | न | ■ |
| अ | ना | र | ■ | र | स | म | ■ | त | ह | री |
| मा | ता | ■ | ल | क | ■ | सौ | त | ■ | र | त |
| न | ■ | ■ | च | म | क | दा | र | ■ | ■ | स |
| त | क | दी | र | ■ | ■ | ■ | ल | ल | का | र |



## खबर संक्षेप



### बाला देवी रेंजर्स के साथ ट्रायल के लिए रवाना

**नई दिल्ली।** महिला फुटबॉल टीम की स्ट्राइकर बाला देवी स्काटलैंड की रेंजर्स डब्ल्यूएफसी टीम के साथ एक सप्ताह के ट्रायल के लिए ग्लास्गो रवाना हो गयी।
लंबे समय से राष्ट्रीय टीम की सदस्य के स्कॉटिश प्रीमियर लीग की टीम के साथ जुड़ने को भारतीय फुटबाल बिरादरी ने शानदार मौका करार देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। रेंजर्स की टीम पिछले सत्र में स्काटिश प्रीमियर लीग में चौथे स्थान पर रही थी। भारतीय महिला टीम की कोच मेमोल राकी ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि यह 29 साल की खिलाड़ी की कड़ी मेहनत का नतीजा है।

### शिविर में प्रदर्शन बेहतर करने पर फोकस : रीड

**भुवनेश्वर।** अगले साल तक भारतीय पुरूष हाकी टीम को कोई टूर्नामेंट नहीं खेलना है लिहाजा मुख्य कोच ग्राहम रीड यहां चल रहे राष्ट्रीय शिविर में व्यक्तिगत प्रदर्शन बेहतर करने पर फोकस करेंगे। रूस के खिलाफ क्वालीफायर जीतकर तोक्यो ओलंपिक 2020 का टिकट कटाने के बाद टीम तीन सप्ताह के अभ्यास और अनुकूलन शिविर में भाग ले रही है जो आठ दिसंबर तक चलेगा। रीड ने कहा हमें भुवनेश्वर में तीन सप्ताह के शिविर के तुरंत बाद कोई टूर्नामेंट नहीं खेलना है तो हमारे पास व्यक्तिगत हुनर को निखारने का यह सुनहरा मौका है। पिछले प्रदर्शन का विश्लेषण करेंगे रीड ने कहा कि हम पिछले सत्र में अपने प्रदर्शन का विस्तृत विश्लेषण करेंगे।

### मेस्सी के गोल से उरुग्वे को बराबरी पर रोका



**तेल अवीव।** इंजुरी टाइम में लियोनेल मेस्सी ने पेनल्टी को गोल में बदला जिससे अर्जेंटीना ने सोमवार को इजराइल के इस शहर में खेले गये मैत्री मुकाबले में उरुग्वे को बराबरी पर रोक दिया। मेस्सी की सामने बार्सीलोना के उनके साथ खिलाड़ी लुइस सुआरेज की चुनौती थी और जब ऐसा लग रहा था कि ऊरुगवे का खिलाड़ी अर्जेंटीना के दिग्गज पर भारी पड़ेगा तभी किस्मत ने मेस्सी का साथ दिया। इंजुरी टाइम (90+2 मिनट) में बाक्स में गेंद उरुग्वे के डिफेंडर के हाथ से टकरा गयी जिसके बाद मिली पेनल्टी को गोल में बदल कर मेस्सी ने स्कोर को 2-2 से बराबर कर दिया।

### एचआईएसएल मैच अब नौ दिसंबर को

**नई दिल्ली।** जमशेदपुर एफसी और चेन्नइयिन एफसी के बीच हीरो इंडियन सुपर लीग का मैच अब झारखंड में चुनाव के कारण नौ दिसंबर को होगा। यह मैच पहले छह दिसंबर को होना था। झारखंड में विधानसभा चुनाव सात दिसंबर को होने हैं।

### क्रिकेटर शहादत पर पांच साल का प्रतिबंध



**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को राष्ट्रीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज शहादत हुसैन को मैच के दौरान टीम के साथी से मारपीट के कारण पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया जिसमें दो साल की सजा निलंबित है। अंपायरों ने शहादत की शिकायत की थी जिन्हें रविवार को राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के मैच के दौरान टीम के साथी को थप्पड़ और लात मारते देखा गया था। बोर्ड ने बताया कि राष्ट्रीय महासंघ ने दो साल के प्रतिबंध को निलंबित रखा है लेकिन 'शारीरिक हमले' का आरोप स्वीकार करने वाले शहादत पर तीन लाख टका (3540 डालर) का जुर्माना भी लगाया गया है।

# 'लेंथ' बदलकर बल्लेबाजों को चकमा दूंगा

## ईडन गार्डंस में खेले जाने वाले पिंक बॉल से डे-नाइट टेस्ट को लेकर उत्साह



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा कि भारतीय टीम शुक्रवार से कोलकाता में शुरू हो रहे दिन रात के टेस्ट में जब बांग्लादेश से खेलेगी तो बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए वह गेंद की लेंथ में बदलाव करते रहेंगे। शानदार फॉर्म में चल रहे शमी ने इंदौर में पहले टेस्ट में सात विकेट लिए थे।

उन्होंने पहली पारी में 27 रन देकर तीन विकेट लिए थे और दूसरी पारी में 31 रन देकर चार बल्लेबाजों को पविलियन भेजा था। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक टेस्ट मैच के लिए वह चीजों को सिंपल रखना चाहते हैं। इस बीच भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावसकर ने इंदौर टेस्ट में दोहरा शतक जमाने वाले मयंक अग्रवाल को चेताया है कि बांग्लादेशी टीम आने वाले मैचों में उनके सामने बेहतर तैयारी के साथ उतरेगी ।



### लैंग्थ में बदलाव करते रहना होगा

उन्होंने कहा, 'गेंदबाजों को विकेट पर नजरें बनाए रखनी होगी। पिच धीमी होने पर मुझे अतिरिक्त प्रयास करने होंगे और जब बल्लेबाज असहज नजर आए तो दबाव बनाना होगा । लैंग्थ में बदलाव करते रहने होंगे।

### बॉल का बर्ताव, पिच पर निर्भर

ईडन गार्डंस के पिच क्यूरेटर सुजान मुखर्जी का कहना है पांच दिनों तक पिंक बॉल कैसे बर्ताव करेंगी यह काफी हद तक पिच के स्वभाव पर निर्भर करेगा।

### गांगुली की पहल से गुलाबी गेंद से भारत का पहला टेस्ट

शुक्रवार 22 नवंबर से भारत और बांग्लादेश के बीच कोलकाता के ईडना गार्डन मैदान पर सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। भारत और बांग्लादेश दोनों टीमों का गुलाबी गेंद से यह पहला टेस्ट होगा। ज्ञात हो कि भारतीय टीम के इस ऐतिहासिक मुकाबले के लिए बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने विराट कोहली से बात करने के बाद इस मैच को डे-नाइट टेस्ट कराने का फैसला किया। बांग्लादेशी क्रिकेट बोर्ड भी इसके लिए राजी हो गया।



### दिन-रात्रि टेस्ट के पहले चार दिन के सभी टिकट बिके: गांगुली

**मुंबई।** बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने मंगलवार को कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ कोलकाता में होने वाले भारत के पहले दिन-रात्रि टेस्ट के पहले चार दिन के सभी टिकट बिक गए हैं और वह इससे काफी खुश हैं।

भारत अपना पहला दिन-रात्रि टेस्ट 22 नवंबर से बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा और इसके लिए दोनों टीमें कोलकाता पहुंच चुकी हैं। बीसीसीआई मुख्यालय का दौरा करने के बाद गांगुली ने यहां कहा, ''टिकट बिक गए हैं और इसे लेकर मैं काफी खुश हूं।'' यह पूछने पर कि कितने दिन के खेल के सभी टिकट बिक गए हैं, गांगुली ने बताया कि पहले चार दिन के सभी टिकट बिक गए हैं।

गांगुली ने इससे पहले प्रतियोगिता के आधिकारिक शुभंकर 'पिंकू-टिंकू' का भी अनावरण किया था। भारत के सबसे बड़े स्टेडियमों में से एक ईडन गार्डन्स की क्षमता 67000 दर्शकों की है।

### पंजाब रायल्स की ओर से खेलेंगी मेरीकोम

**नई दिल्ली।** दिग्गज भारतीय मुक्केबाज एमसी मेरीकोम बिग बाउट लीग में एनसीआर पंजाब रायल्स का हिस्सा होंगी



जबकि उनकी चिर प्रतिद्वंद्वी निकहत जरीन ओ ड़ि शा वारियर्स के लिए खेलेंगी। आयोजकों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दो दिसंबर से शुरू हो रही इस लीग की छह टीम में से प्रत्येक में पांच पुरुष और दो महिला मुक्केबाजों को जगह मिली है। प्रत्येक टीम में तीन विदेशी मुक्केबाज हो सकते हैं।ं गलवार को हुए खिलाड़ी ड्राफ्ट के अनुसार विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल अडाणी गुजरात जबकि पिंकी रानी बेंगलुरू टीम का हिस्सा होंगी।

### डीडीसीए की शीर्ष परिषद ने रजत पर दिए लोकपाल के आदेश को खारिज किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की शीर्ष परिषद ने लोकपाल न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) बीडी अहमद के उस फैसले को खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने पत्रकार रजत शर्मा को डीडीसीए का अध्यक्ष बने रहने की स्वीकृति दी थी।

शर्मा ने शनिवार को अपना इस्तीफा देते हुए कहा था कि वह संस्था में चल रही 'खींचतान और दबावों' में पद पर बने रहने में असमर्थ हैं। लोकपाल ने हालांकि शर्मा का इस्तीफा नामंजूर कर दिया था और उन्हें अगली सुनवाई तक अपने पद पर बने रहने को कहा था। इसके साथ ही उन्होंने सुनवायी के लिए 27 नवंबर की तारीख तय की थी। लोकपाल का यह फैसला शीर्ष परिषद को पसंद नहीं आया जिसके 15 में से नौ सदस्यों ने संवाददाता सम्मेलन करके लोकपाल के फैसले को खारिज कर दिया और डीडीसीए में खेल के संचालन को प्रभावित करने वाले मुद्दों को भी उठाया। शीर्ष परिषद ने शर्मा को लिखे पत्र में कहा, '' शीर्ष परिषद के निम्नलिखित सदस्यों की राय यह है कि आप डीडीसीए के अध्यक्ष के रूप दोबारा पदभार ग्रहण नहीं कर सकते हैं और आपको फिर से पद ग्रहण करने का जो ईमेल भेजा गया था उसे निरस्त माना जाएगा।'' उन्होंने कहा, '' कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 168 (1) में यह स्पष्ट है कि निदेशक का इस्तीफा कंपनी को मिलने के बाद से ही प्रभावी होगा।

कंपनी अधिनियम में कहीं भी इस बात का जिक्र नहीं है कि कंपनी को इस्तीफा सौंपने के बाद उसे वापस लिया जा सकता है।'' परिषद के लोकपाल के कार्यकाल पर भी सवाल उठाया। पत्र में कहा गया कि, '' लोकपाल का कार्यकाल एक साल का था जो 30 जून 2018 से 29 जून 2019 तक प्रभावी था और संघ के नियम के अनुसार उनके कार्यकाल को सिर्फ एजीएम में बढ़ाया जा सकता है।

## विश्व कप फाइनल्सः संजीव एक अंक से फाइनल में जगह बनाने से चूके



थ्एजेंसी ▶▶| पुतियान (चीन)

भारतीय निशानेबाज संजीव राजपूत राइफल और पिस्टल के शीर्ष निशानेबाजों के प्रतिष्ठित विश्व कप फाइनल्स में मंगलवार को यहां खिताबी मुकाबले में जगह पक्की करने वाले अंतिम आठ खिलाड़ियों में अपना स्थान बनाने से एक अंक से चूक गये।

चेक गणराज्य के उभरते हुए निशानेबाज फिलिप नेपेज्चाल और ब्रिटेन की सिओनैड मैकइंटोश ने पहले दिन क्रमश पुरुषों और महिलाओं के 50 मीटर थ्री पोजीशन में स्वर्ण पदक हासिल किये।

### संजीव रहे नौवे स्थान पर

पहले ही ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके राजपूत 1153 अंक के साथ नौवें स्थान पर रहे। पोलैंड के निशानेबाज तोमास्ज ब्रातनिक ने आठवां और आखिरी क्वालीफाइंग स्थान 1154 अंक के साथ हासिल किया। संजीव अगर आखिरी दो निशाने 10-10 अंक के लगाते तो ब्रातनिक की बराबरी कर सकते थे।

### महिला निशानेबाज भी असफल

अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ के साल के इस आखिरी टूर्नामेंट की इस स्पर्धा में जगह बनाने वाले दूसरे भारतीय अखिल श्योराण 1147 अंक के साथ 13वें स्थान पर रहे। महिलाओं की थ्री पोजीशन स्पर्धा में अंजुम मोदगिल भी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले शीर्ष आठ निशानेबाजों में जगह नहीं बना पायी। वह 1147 अंक के साथ 13वें स्थान पर रहीं।

### पंजाब के राज्यपाल और एनआरएआई के अध्यक्ष राष्ट्रीय स्पर्धा में पेश करेंगे चुनौती

**नई दिल्ली।** पंजाब के राज्यपाल विजेंदर पाल सिंह बदनौर और भारतीय राष्ट्रीय राइफल महासंघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष रनिंदर सिंह उन 281 निशानेबाजों में शामिल है जिन्होंने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की पुरुष ट्रैप स्पर्धा से पहले अभ्यास किया। इस प्रतियोगिता का फाइनल शुक्रवार को खेला जाएगा। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में पूर्व विश्व चैंपियन मानवजीत सिंह संधू और दुनिया के सर्वोच्च रैंकिंग वाले ट्रैप निशानेबाज कायनान चेनाई के साथ पूर्व डबल ट्रैप विश्व चैंपियन अंकुर मित्तल जैसे दिग्गज निशानेबाज हिस्सा लेंगे। इन दिग्गजों के अलावा विवान कपूर, शारदुल विहान, विश्व कुंडू, अहवर रिजवी, शपथ भारद्वाज और मानवादित्य सिंह राठौर जैसे देश का प्रतिनिधित्व करने वाले 22 जूनियर खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

### एनआरएआई ने राजेश्वरी के महिला ट्रैप राष्ट्रीय रिकार्ड की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने पुष्टि की है कि पंजाब की राजेश्वरी कुमार ने यहां चल रही



63वीं राष्ट्रीय शाटगन निशानेबाजी चैंपियनशिप के दौरान महिला ट्रैप स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया। राजेश्वरी ने क्वालीफाइंग में 125 में से 118 अंक जुटाए और फिर स्पर्धा में रजत पदक जीतने में सफल रही। उन्होंने 69 निशानेबाजों के बीच 24, 23, 24, 24 और 23 की सीरीज बनाई। राजेश्वरी का क्वालीफाइंग स्कोर पिछले रिकार्ड से दो अंक बेहतर है जो संयुक्त रूप से अनुभवी महिला ट्रैप निशानेबाजों सीमा तोमर, श्रेयसी सिंह और मनीषा कीर के नाम था।



काठमांडू। रविवार को दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अपनी यात्रा के दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली से मुलाकात की।

## रूस ने पहले मुकाबले में क्रोएशिया को हराया

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

कारेन खाचानोव और आंद्रेइ रूबलेव के शानदार प्रदर्शन की मदद से रूस ने अपने पहले डेविस कप फाइनल्स में गत चैम्पियन क्रोएशिया को 3-0 से हराकर मजबूत शुरूआत की।

दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी खाचानोव ने क्रोएशिया के नंबर एक बोर्ना कोरिच को 6-7, 6-4, 6-4 से हराया। इससे पहले रूबलेव ने बोर्ना गोजो को 6-3, 6-3 से मात दी। अमेरिकी ओपन उपविजेता डेनिल मेदवेदेव रूस की टीम में नहीं है।



### 6 समूह में खेलेंगी 18 टीमें

रूस को दूसरे ग्रुप मैच में स्पेन से खेलना है। इसमें 18 टीमों को छह समूहों में बांटा गया है। विजेता और दो सर्वश्रेष्ठ उपविजेताओं को अंतिम आठ में जगह मिलेगी। खाचानोव और रूबलेव ने युगल मुकाबले में इवान डोडिच और निकोला मेकटिच को 7-6, 6-4 से हराया। ग्रुप एफ के मैच में कनाडा ने इटली को 2-1 से हराया। बेल्जियम ने ग्रुप डी में कोलंबिया को मात दी।

### क्रिस लिन ने टी10 लीग में महज 30 गेंदों पर 91 रनों की पारी खेली थी

# क्रिस लिन को रिलीज करना केकेआर का गलत फैसला : युवराज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रैंचाइजी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज क्रिस लिन को रिलीज कर दिया है। हालांकि भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह इस फैसले से सहमत नहीं हैं।

युवराज ने इसे गलत ठहराया। इसके साथ ही उन्होंने भविष्य में कोचिंग करने को लेकर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि फिलहाल वह कोचिंग के बारे में नहीं सोच रहे हैं। अबू धाबी में टी10 लीग खेल रहे बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि वह समझ नहीं पा रहे हैं कि कोलकाता नाइट राइडर्स ने क्रिस लिन को रीटेन क्यों नहीं किया। यह एक खराब फैसला है।

### टी-10 लीग में लिन का सबसे बड़ा स्कोर

लिन ने महज 30 गेंदों में 9 चौके और 7 छक्के लगाते हुए नाबाद 91 रन बनाए। यह टी-10 लीग में किसी भी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर है। उन्होंने यह पारी सोमवार को मराठा अरेबियंस की ओर से खेलते हुए टीम अबू धाबी के खिलाफ खेली। इस मैच में लीन की टीम ने 24 रनों से जीत दर्ज की।



### फिलहाल कोचिंग का कोई प्लान नहीं

युवराज से जब पूछा गया कि क्या वह भविष्य में कोचिंग करने को लेकर विचार कर रहे हैं तो उन्होंने फिलहाल ऐसे किसी प्लान से इनकार किया। उन्होंने कहा, 'मैंने अभी किसी आईपीएल टीम की कोचिंग के बारे में नहीं सोचा है। मैं धीरे-धीरे उस दिशा में विचार करूंगा।

### भारत के बाहर खेलकर खुश हूं

युवराज ने कहा कि फिलहाल मैं भारत के बाहर लीग खेलकर काफी खुश हूं क्योंकि इससे मुझे नए देश देखने का मौका मिल रहा है। नए खिलाड़ियों से मिलने का मौका मिल रहा है। आने वाले दो-तीन साल में कुछ और लीग्स आ रही हैं मैं उनमें से कुछ खेलने की योजना बना रहा हूं। मेरे लिए यह अच्छी बात है कि मैं 2-3 महीने क्रिकेट खेलूं और फिर 8-9 महीने आराम करूं।

### फिटनेस के लिए करता हूं कड़ी मेहनत

रिटायरमेंट के बाद फिटनेस बनाए रखने के लिए आने वाली चुनौतियों पर इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि फिट रहने के लिए वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'फिट रहने के लिए मुझे कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है चूंकि मेरी उम्र बढ़ रही है इसलिए मुझे अधिक मेहनत करनी पड़ती है।' उन्होंने कहा मानसिक रूप से मैं अब भी जवान हूं लेकिन शरीर ज्यादा जोर लेने से इनकार करता है।

### सस्पेंस खत्म, नूर सुल्तानी में ही होगी भारत और पाक के बीच भिड़ंत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ ने कजाकिस्तान की राजधानी को इस मुकाबले की मेजबानी सौंपकर वेन्यू को लेकर सस्पेंस खत्म कर दिया है। भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबला नूर सुल्तान में खेलेगी। आईटीएफ के स्वतंत्र ट्रिब्यूनल ने चार नवंबर को डेविस कप समिति द्वारा लिए गए फैसले पर मुहर लगाई कि यह मुकाबला तटस्थ स्थान पर खेला जाना चाहिए। भारतीय टीम की अगुवाई सुमित नागल और रामकुमार रामनाथन करेंगे, जबकि लिएंडर पेस और जीवन नेदुचेझियान युगल खेलेंगे।

चिंतन

# पर्यावरण संरक्षण पर हमारा तंत्र फेल क्यों

दिवाली के बाद से ही देश की राजधानी दिल्ली समेत पूरा एनसीआर धूल और धुंध के स्मॉग से ऐसे घिरा है कि जीवन मुश्किल हो गया है। न तो ढंग से सूरज चमक पा रहा है और न ही लोग अच्छी तरह सांस ले पा रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी की पर्यावरणीय स्थिति यह है कि कई इलाकों में पीएम 10 का स्तर 700 से 800 तक पहुंच गया है और नोएडा में तो इसका स्तर 1,135 तक हुआ। इसके साथ हरियाणा के रोहतक, सोनीपत यहां तक कि हिसार का एक्यूआई 700 का आंकड़ा छू गया। वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई का 50 का स्तर अच्छा माना जाता है और 100 के करीब का स्तर संतोषजनक होता है, जबकि 400 से पांच सौ का स्तर अति गंभीर की क्षेणी में आता है। इसके चलते लोगों को आंखों में जलन, सांस लेने में परेशानी और चर्म रोग पनपने लगे। अस्पतालों में आने वाले मरीजों की संख्या में एकाएक इजाफा हो गया। भारी प्रदूषण के चलते दिल्ली में हेल्थ एमरजेंसी घोषित करनी पड़ी। राजधानी के अलावा हरियाणा, नोएडा, गाजियाबाद में भी स्कूलों में छुट्टियां कर दी गईं। दिल्ली सरकार ने इसके लिए हरियाणा-पंजाब में किसानों द्वारा जलाई गई पराली को जिम्मेदार ठहराते हुए एक बार फिर ऑड-ईवन लागू तो किया, लेकिन उसका कोई असर नजर नहीं आया। हालात गंभीर होने पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और उत्तरप्रदेश के मुख्य सचिवों को बुलाकर पर्यावरण संरक्षण के निर्देश देते हुए उनकी तुरंत पालना करने को कहा। इसके बाद पूरे एनसीआर में निर्माण कार्यों को तुरंत बंद करवा दिया गया, प्रदूषण पैदा करने वाले कारखानों पर ताले लटकाए गए, लेकिन हालात में अभी तक भी पूरी तरह से सुधार नहीं हो पाया है। यही कारण रहा कि मंगलवार को देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा में दिल्ली में पलूशन के सलूशन पर गंभीर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान पूरा सदन हर साल पैदा होने वाले इस विकट प्रदूषण को लेकर न केवल गंभीर बल्कि राजनीति से भी दूर नजर आया। भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा में कांग्रेस की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित द्वारा किए गए कार्यों का गुणगान किया। चर्चा तो हुई, लेकिन अभी भी यक्ष प्रश्न यही है कि हमारे समाज, उसकी संस्थाओं और सरकार के प्रकृति के इन प्रतिकूल प्रभावों को रोकने का समाधान क्या है? शिकागो यूनिवर्सिटी की शोध संस्था एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट एट द यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो (ईपीआईसी) ने अपने विश्लेषण में दावा किया है कि प्रदूषण ने दिल्ली के लोगों की उम्र दस साल कम कर दी है। विश्लेषण के मुताबिक केवल दिल्ली ही नहीं गंगा के मैदानी इलाके विशेषकर उत्तर भारत में वायु प्रदूषण 72 प्रतिशत बढ़ गया। इस पूरे इलाके में भारत की 40 प्रतिशत से अधिक आबादी रहती है। प्रदूषण का स्तर इतना ज्यादा बढ़ने की वजह से उत्तर भारत के लोगों की औसत उम्र 7 साल कम हो गई। इससे पहले आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने मिलकर एक अध्ययन करवाया था, जिससे पता चला कि राजधानी दिल्ली में प्रतिदिन 34 लोगों की मौत ऐसी बीमारियों की वजह से हो रही है जो जहरीली हवा के कारण होती हैं। इन बीमारियों में सांस नली और फेफड़ों में संक्रमण, कैंसर, मधुमेह और दिल का दौरा पड़ना शामिल हैं। इस अध्ययन में एक चौकाने वाला आंकड़ा यह भी सामने आया कि देश में हर साल 12 लाख लोगों की मौत हवा व पानी के प्रदूषण के कारण हो रही है। ये आंकड़े यह साबित करने के लिए पर्याप्त हैं कि प्रदूषण से निपटने के मोर्चे पर हमारा तंत्र पूरी तरह से विफल है। हालात को देखकर तो यही लगता है कि हमारी सरकारों ने भी इस समस्या से निपटने के लिए खुद को लाचार घोषित कर डाला है, लेकिन सरकारों को भी जागना होगा। किसानों को पराली निपटान में सहयोग करना होगा, सड़कों को दौड़ रहीं पांच लाख से ज्यादा अवधि समाप्त हो चुकी डीजल कारों को दिल्ली से बाहर करना होगा। रिहायशी इलाकों से लघु उद्योगों को बाहर करना होगा और यह भी जरूरी है कि कि आम आदमी प्रदूषण को लेकर सजग हो, पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या में शामिल करे। जितना हो सके पेड़ लगाएं, ऐसा कोई काम न करें जिससे पर्यावरण का हानि हो। खासकर केवल जरूरत के समय ही कार चलाएं करें, जहां तक संभव हो पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें। तभी हम और हमारी आने वाली पीढ़ी खुशहाल जीवन जी पाएंगे।

व्यंग्य
राकेश सोहम्



# साहित्य सृजक

लेखन के प्रति घनघोर रूचि को देखते हुए किसी साहित्य सेवी ने उन्हें गुरुमंत्र दिया कि चिंतन की गहराई में उतरने से साहित्य सृजन होता है। व्यंग्य में दखल के लिए तो तलवार की धार पर चलने जैसा हुनर चाहिए। इसके लिए विशेष ध्यान में जाने की आवश्यकता पड़ती है। वे बाल्टी भर स्याही और बंडल भर कागज़ लेकर उम्मीद की रस्सी के सहारे चिंतन की गहराई में उतर पड़े। गहराई में उतरते हुए बाल्टी की स्याही छलक-छलक कर कागजों पर उतर गई और कागज काले होने लगे। कलम के सहारे कागज पर शीर्षासन करते रहे। किन्तु हासिल कुछ न हुआ। लंबा समय गया सो अलग। अतः वे बाहर आ गए। इस तथाकथित चिंतन की बदौलत दिव्यदृष्टि की एक झलक से उन्हें नया मार्ग प्रशस्त होता हुआ दिखा। तरीके में बदलाव के मद्देनज़र, स्याही की जगह सैकड़ा भर रिफिल का बंडल और कागज की पुस्तिकाओं का बंडल बांधा और दो चार संपादकों की रस्सी के सहारे-सहारे पुनः चिंतन की गहराई में उतर गए। इस बार उन्होंने शीर्षासन के साथ-साथ फोनासन, तैलासन, संकटासन और दौड़ासन भी पूरी तन्मयता से किए। इन आसनों से जब-तब संपादकों को फुनियाते हुए, तेल-मालिश करते और दौड़-दौड़कर उनके छोटे-छोटे संकट निपटाते थे। साहित्य सेवियों के घर के सामने ठड़ासन भी किए. ठड़ासन को वृक्षासन भी कहते हैं, इसे खड़े-खड़े किया जाता है। धीरे-धीरे चिंतन और आसनों का असर दिखाई पड़ने लगा। गाहे-बगाहे, पत्र-पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं छपने लगीं। किंतु अभी, राहत के दो चार माह बिताए ही थे। छपास की पिपासा मिटने को थी। सफलता का सिरमौर बंधने को था कि संपादकों की रस्सी कमज़ोर पड़कर टूट गईं। जिन पत्र-पत्रिकाओं से वे सम्बद्ध थे, बंद हो गईं। वे तो लगातार लिखते रहे, लेकिन छपा कहीं भी नहीं।

गहराई की गर्मी से वे तिलमिला उठे। चिंतन असहनीय होने लगा। सो पुनः प्रकट हुए। असफलताओं का ठींकरा संपादकों पर फोड़ते इतने हलाकान हुए कि इस बार वे व्यंग्य से दो चार करने लट्ठ लेकर निकल पड़े। एक दिन मिले और बोले, जमाना बड़ा टेढ़ा है। साहित्य में भी राजनीति ने घर कर लिया है। यहां भी अपना पराया हो गया है। केवल चापलूसों को ही आगे किया जा रहा है। छपने वाले छपे जा रहे हैं। हम जैसे साहित्य सेवियों को कोई पूछ नहीं रहा! कुछ करना पड़ेगा। आप तो छपते रहते है। क्या किया जाए, आप ही बताएं?

टायपिस्ट का कोर्स कर लो। मैंने उनकी कमरतोड़ मेहनत के मद्दे-नज़र कहा, वे आग बबूला हो गए और बोले, आप मेरा मज़ाक उड़ा रहे है? इस उम्र में यह कैसे संभव है। क्यों मजाक करते हैं, मज़ाक नहीं उड़ा रहा, सुझा रहा हूं। जमाना कागज काले करने का अब नहीं रहा। पेन और कागज का जमाना जा रहा है। लेखन-पठन डिजिटलाइज हो रहा है। आप बिलावजह परेशान हो रहे है। बतर्ज तुम्ही हो माता, पिता तुम्ही हो। मेरा मतलब, तुम्ही लेखक, सम्पादक भी तुम्ही हो सकते हो। बस टायपिंग सीख लो। मेरी सलाह से उनका ज्ञान दिव्यता को प्राप्त हुआ। वे तुरंत अलोप हो गए। कुछ दिन बाद फेसबुक पर प्रकट हुए। प्रतिदिवस, ताउम्र काले किए कागजों से स्याही निचोड़कर रचनाएं निकालते एवं टकाटक फेसबुक पर धकेल देते हैं। अब शासन भी उन्हीं का प्रकाशन भी उन्हीं का और बंदा फेसबुकिया साहित्यकार बन गया। अब उसे किसी संपादक और प्रकाशक की जरूरत ही नहीं रही।



चिंतन
जयंतीलाल भंडारी

**वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत की विकास दर के अनुमान को घटाया है और राजस्व घाटे, राजकोषीय घाटा में इजाफा होने का विश्लेषण प्रस्तुत किया है। केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2019-20 की पहली छमाही में बजट अनुमान के 92.6 फीसदी पर पहुंच गया है जबकि इस अवधि के दौरान राजस्व घाटा बजट अनुमान के 100 फीसदी पर पहुंच गया है। ऐसे में बढ़ते हुए घाटे के कारण निवेश और कारोबार की नई चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं।**

# बढ़ रही आर्थिक चुनौतियां

यकीनन इस समय भारत का राजस्व घाटा और राजकोषीय घाटा तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत की विकास दर के अनुमान को घटाया है और राजस्व घाटा तथा राजकोषीय घाटा में इजाफा होने के विश्लेषण प्रस्तुत किया है। पिछले दिनों प्रकाशित नवीनतम राजस्व आंकड़ों के अनुसार केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2019-20 की पहली छमाही अप्रैल से सितंबर 2019 में बजट अनुमान के 92.6 फीसदी पर पहुंच गया है जबकि इस अवधि के दौरान राजस्व घाटा बजट अनुमान के 100 फीसदी पर पहुंच गया है। ऐसे में बढ़ते हुए घाटे के कारण निवेश और कारोबार की नई चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं।

वित्तीय वर्ष की राजस्व प्राप्ति और राजस्व व्यय के अंतर को राजस्व घाटा कहते हैं। जबकि वित्तीय वर्ष के राजस्व घाटे के साथ जब सरकार की उधार तथा अन्य देयताएं जोड़ देते हैं तो उसे राजकोषीय घाटा कहते हैं। इसमें कोई दोमत नहीं है कि भारत में कारपोरेट टैक्स सहित अन्य करों में लगातार छूट दिए जाने तथा कर संग्रह में कमी के कारण चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में राजस्व घाटा बढ़ेगा तथा राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 3.3 फीसदी के निर्धारित लक्ष्य से बढ़कर 4 फीसदी के स्तर पर पहुंच सकता है।

यद्यपि सरकार ने पूरे वित्त वर्ष 2019-20 के लिए कर संग्रह में पिछले वर्ष की तुलना में 17.5 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा है, लेकिन यह लक्ष्य प्राप्त होना मुश्किल है। कर संग्रह उम्मीद से कम रहने की वजह मांग में गिरावट और उद्योग-कारोबार को ऐतिहासिक राहत देना



भी है। निश्चित रूप से वर्ष 2019-20 के बजट में विभिन्न वर्गों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए जो प्रावधान सुनिश्चित हुए हैं उन पर व्यय तुलनात्मक रूप से अधिक होते हुए दिखाई दे रहे हैं। उद्योग-कारोबार में सुस्ती के मद्देनजर जीएसटी संग्रह में भी कमी दिखाई दे रही है। अक्टूबर 2019 में जीएसटी संग्रह घटकर 95,380 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल अक्टूबर में 1,00,710 करोड़ रुपए था।

इतना ही नहीं देश में कर राजस्व में धीमी वृद्धि और कॉरपोरेट कर में कमी से केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्यों को भी झटका लगा है। विगत 20 सितंबर को सरकार द्वारा कारपोरेट टैक्स की दर में कमी से सकल कर राजस्व में 1.45 लाख करोड़ रुपये का घाटा होगा, जिसमें से 60,000 करोड़ रुपये का भार राज्य वहन करेंगे। देश के 16 प्रमुख राज्य अपनी वित्तीय स्थिति बिगड़ने के कारण राजकोषीय संकट के कगार पर खड़े हैं। उन पर धीमी पड़ती राजस्व वृद्धि और कॉरपोरेट कर में कमी का दोहरा असर पड़ रहा है। ज्यादातर राज्यों को या तो अपने खर्च में कटौती करनी पड़ेगी या उनका राजकोषीय घाटा बढ़ेगा।

निश्चित रूप से राजस्व संग्रह में कमी तथा कारपोरेट करों में कटौती के कारण सरकार के वित्त संसाधनों पर दबाव है। केंद्र सरकार ने इस वित्त वर्ष में 7.04 लाख करोड़ रुपये उधारी का लक्ष्य रखा है। सरकार चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीने में बजट में प्रस्तावित उधारी कार्यक्रम के तहत 4.42 लाख करोड़ रुपये जुटा चुकी है तथा शेष 2.62 लाख करोड़ रुपये दूसरी छमाही में जुटाए जाएंगे। सरकार को कर चोरी रोकने के उपायों को अपनाना होगा। बेहतर कर अनुपालन से राजकोषीय घाटे पर काबू के लिए अधिकतम प्रयास करने होंगे। कुछ ऐसी वस्तुओं एवं सेवाओं पर जीएसटी बढ़ाया जा सकता है जो 0 से 5 फीसदी के दायरे में आती हैं और जिन पर जीएसटी बढ़ाना न्यायसंगत दिखाई दे रहा हो।

निश्चित रूप से बढ़ता हुआ राजकोषीय घाटा भारत की क्रेडिट रेटिंग को घटाता हुआ दिखाई दे रहा है। हाल ही में वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर सर्विस ने भारत की क्रेडिट रेटिंग स्थिर से घटाकर ऋणात्मक कर दी है। रेटिंग घटाने के पीछे मूडीज ने अर्थव्यवस्था में सुस्ती, ग्रामीण परिवारों पर वित्तीय दबाव, रोजगार सृजन में कमी और गैर-बैंकिंग कंपनियों में नकदी संकट का हवाला दिया है। हालांकि मूडीज ने दीर्घावधि की सॉवरिन रेटिंग बीएए-2 को बरकरार रखा है।

यद्यपि मूडीज ने भारत की क्रेडिट रेटिंग आउटलुक को निगेटिव किया है, लेकिन भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था के बुनियादी घटक मजबूत होने का दावा किया है। मंत्रालय का कहना है कि भले मूडीज ने आउटलुक घटाया हो, लेकिन अर्थव्यवस्था सबसे रफ्तार से बढ़ने वाली इकोनॉमी में शामिल है। आईएमएफ का मूल्यांकन और कई अन्य संस्थाओं का आउटलुक भी भारत के लिए पॉजिटिव है। सरकार ने पूरी इकोनॉमी को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। कई नीतिगत फैसलों से भी इकोनॉमी के फंडामेंटल मजबूत रहेंगे। महंगाई दर नियंत्रण में रहेगी।

ऐसे में जरूरी है कि उन बातों पर और अधिक ध्यान दिया जाए जिनसे देश की क्रेडिट रेटिंग निगेटिव हुई है। हमें आर्थिक सुधार की डगर पर अभी कई मीलों चलना है। अभी कई कमियों और चुनौतियों पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। निसंदेह सरकार के पास व्यापक आर्थिक व वित्तीय सुधार कार्यक्रम मौजूद हैं और उनमें से कुछ सुधारों को पहले ही लागू किया जा चुका है जबकि बकाया सुधारों को लागू किया जाना लंबित बना हुआ है। निश्चित रूप से देश की अर्थव्यवस्था में बड़े बदलाव के लिए विकास के साथ-साथ रोजगार अवसरों को बढ़ाया जाना होगा। विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर बढ़ाना होगी। कर अनुपालन और भुगतान को और सरल किया जाना होगा। जीएसटी का क्रियान्वयन सरल बनाया जाना होगा। उद्यमियों के लिए नौकरशाही कम तथा बैंकिंग प्रक्रिया आसान बनानी होगी। रोजगार, निर्यात और निजी निवेश बढ़ाने के प्रयास करने होंगे। कारोबार के विभिन्न कदमों को तेज करने के लिए अभी भी दिखाई दे रहे भ्रष्टाचार को नियंत्रित करना होगा।

यदि राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने के ऐसे विभिन्न प्रयासों से भी राजकोषीय घाटा नियंत्रित न हो और राजकोषीय घाटा क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज के अनुमान के मुताबिक जीडीपी के 4 फीसदी तक बढ़ते हुए दिखाई दे तो सुस्ती के दौर से अर्थव्यवस्था को निकालने के लिए इस घाटे को चिंताजनक नहीं माना जाना चाहिए। वर्ष 2019 के अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बैनर्जी के हाल ही में दिए इस मत को भी सरकार को ध्यान में रखना चाहिए कि सरकार स्थिरता पर ज्यादा चिंतित होने की बजाय नई मांग का निर्माण करे। सरकार द्वारा किसानों की आमदनी दुगनी करने, नवीकरणीय ऊर्जा तथा सस्ते आवास से संबंधित ढांचागत नीतियों पर तेजी से काम किया जाना होगा। राजकोषीय घाटे के आकार में कुछ वृद्धि उपयुक्त ही कही जा सकती है। इससे एक ओर आम आदमी की क्रय शक्ति बढ़ेगी, जिससे नई मांग का निर्माण होगा और उद्योग-कारोबार की गतिशीलता बढ़ेगी, वहीं दूसरी ओर बढ़े हुए सार्वजनिक व्यय और सार्वजनिक निवेश से बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी।

मुख्य न्यायाधीश
योगेश कुमार गोयल

# जस्टिस बोबड़े की प्राथमिकता

चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की सेवानिवृत्ति के पश्चात 18 नवम्बर को जस्टिस शरद अरविंद बोबड़े ने मुख्य न्यायाधीश का कार्यभार संभाल लिया है और वे भारत के 47वें मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं। जस्टिस बोबड़े का कार्यकाल 23 अप्रैल 2021 तक का होगा। जस्टिस बोबड़े ही वह न्यायाधीश हैं, जिन्होंने करीब छह साल पूर्व सबसे स्वेच्छा से ही अपनी सम्पत्ति की घोषणा करते हुए दूसरों के लिए आदर्श प्रस्तुत किया था। उन्होंने बताया था कि उनके पास बचत के 2158032 रुपये, फिक्स्ड डिपोजिट में 1230541 रुपये, मुम्बई के एक फ्लैट में हिस्सा तथा नागपुर में दो इमारतों का मालिकाना हक है।

न्यायमूर्ति बोबड़े इस साल उस वक्त ज्यादा चर्चा में आए थे, जब उन्हें सुप्रीम कोर्ट की ही एक पूर्व महिला कर्मचारी द्वारा मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने के बाद उस अति संवेदनशील मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाउस पैनल का अध्यक्ष बनाया गया था, जिसमें न्यायमूर्ति एन वी रमन तथा इंदिरा बनर्जी शामिल थे। इस पैनल ने अपनी जांच के बाद जस्टिस गोगोई को क्लीनचिट दी थी। जनवरी 2018 में जब सुप्रीम कोर्ट के चार जजों ने चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा के खिलाफ प्रेस कांफ्रेंस की थी, तब जस्टिस गोगोई, जे चेलमेश्वर, मदन लोकुर तथा कुरियन जोसेफ के बीच मतभेदों को निपटाने में अहम भूमिका निभाने के चलते भी जस्टिस बोबड़े चर्चा में आए थे। उस समय उन्होंने कहा था कि कोलेजियम ठीक तरीके से काम कर रहा है और केंद्र के साथ उसके कोई मतभेद नहीं हैं।

24 अप्रैल 1956 को महाराष्ट्र के नागपुर में जन्मे न्यायमूर्ति शरद अरविंद बोबड़े को वकालत का पेशा विरासत में ही मिला था। उनके दादा एक वकील थे और पिता अरविंद बोबड़े महाराष्ट्र के एडवोकेट जनरल रहे हैं जबकि बड़े भाई स्व. विनोद अरविंद बोबड़े सुप्रीम कोर्ट के जाने-माने वकील थे। उनकी बेटी रूक्मणि दिल्ली में वकालत कर रही हैं और बेटा श्रीनिवास मुम्बई में वकील है। 12 अप्रैल 2013 को उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में बतौर जज कमान संभाली। सुप्रीम कोर्ट में जज बनने के बाद वे सर्वोच्च अदालत की कई महत्वपूर्ण खंडपीठों का हिस्सा रहे। वे अदालत की उस बेंच का भी हिस्सा थे, जिसने आदेश दिया था



कि आधार कार्ड न रखने वाले किसी भी भारतीय नागरिक को सरकारी फायदों से वंचित नहीं किया जा सकता। बहुतप्रतीक्षित और राजनीतिक दृष्टि से सर्वाधिक संवेदनशील माने जाते रहे रामजन्मभूमि विवाद की सुनवाई कर रही मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली उस पांच सदस्यीय संविधान पीठ का भी वे अहम हिस्सा थे, जिसने अपने फैसले से देश की न्याय प्रणाली के प्रति हर देशवासी का भरोसा बनाए रखा है।

जस्टिस बोबड़े ने देश के मुख्य न्यायाधीश के रूप में अति महत्वपूर्ण कार्यभार तो संभाल लिया है, लेकिन यह भी तय है कि उनका यह पूरा कार्यकाल चुनौतियों से भरा रहेगा। सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट तथा निचली अदालतों में लंबित मामलों के निपटारे, अदालतों में न्यायाधीशों की बड़ी कमी, विचाराधीन कैदियों की सुनवाई में विलम्ब, न्यायपालिका तथा कार्यपालिका के बीच टकराव जैसी स्थितियां इत्यादि उनके समक्ष कई ऐसी बड़ी चुनौतियां होंगी, जिनसे निपटते हुए उन्हें इनके समाधान के प्रयास भी करने होंगे।

मुख्य न्यायाधीश बोबड़े के लिए चिंता का एक बड़ा विषय यह भी रहेगा कि अदालतों में न्यायाधीशों की कमी के चलते जेलों में बंद करीब चार लाख विचाराधीन कैदी अपनी सुनवाई का नंबर आने के लिए ही लंबा इंतजार कर रहे हैं। न्यायमूर्ति बोबड़े के लिए इस दिशा में सक्रिय पहल करते हुए ऐसे कैदियों को शीघ्र सुनवाई का अवसर मिलने की व्यवस्था करना बहुत बड़ी चुनौती रहेगी।

समय-समय पर न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच टकराव देखा जाता रहा है। हालांकि यह अलग बात है कि ऐसा अक्सर तभी हुआ, जब कार्यपालिका अपने दायित्वों के निर्वहन में विफल हुई और न्यायपालिका को न्याय सुनिश्चित करने के लिए स्वयं आगे आना पड़ा। जस्टिस अरविंद बोबड़े की नियुक्ति पर भले ही कोई विवाद नहीं रहा हो और न्यायपालिका व कार्यपालिका के बीच भी कोई टकराव नहीं देखा गया लेकिन अक्सर देखा गया है कि न्यायाधीशों की नियुक्ति के मामले में भी न्यायपालिका का सरकार के साथ टकराव रहा है। पिछले दिनों भी कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा था कि ऐसी उम्मीद नहीं की जानी चाहिए कि सरकार कॉलेजियम की सिफारिशों पर राजी ही होगी। हालांकि जस्टिस बोबड़े का कहना है कि सरकार के साथ उनके संबंध ठीक हैं और सरकार तथा न्यायपालिका को साथ चलना होगा। उनका कहना है कि सभी मुकद्दमों में न्याय सुनिश्चित करना उनका लक्ष्य है। देखना होगा कि अपने समक्ष सामने आने वाली चुनौतियों का मुकाबला करते हुए वे अपने इस डेढ़ वर्ष के छोटे कार्यकाल में न्यायपालिका में सुधार के लिए कितना कार्य कर पाते हैं। न्यायमूर्ति एस ए बोबड़े का कहना है कि उनकी प्राथमिकता समय पर न्याय मुहैया कराना है, जिसमें न तो ज्यादा देरी की जा सकती है और न जल्दबाजी। न्याय में देरी से अपराधों में वृद्धि हो सकती है। ऐसे में सभी की नजरें इस ओर केन्द्रित रहेंगी कि वे कैसे इन चुनौतियों से पार पाते हैं।

हालात
सुशील राजेश

# जेएनयू में पनपती अराजक जमात

बेशक जवाहर लाल नेहरू प्रख्यात विश्वविद्यालय है। जिसने शिक्षा के क्षेत्र में असंख्य विद्वान दिए हैं। शोधार्थियों की एक भरी-पूरी जमात है, जो विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ा रही है, अन्य सम्मानित पदों पर हैं, पत्रकार हैं और विदेशों में सक्रिय हैं। इस साल अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. अभिजीत बनर्जी भी जेएनयू के छात्र रहे हैं। ऐसी महान परंपरा के बावजूद हिन्दू धर्म और भारतीय सभ्यता-संस्कृति के महानायक स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अपमान किया जाए। उसके नीचे भगवा जलाओ और फासिज्म सरीखे शब्द लिखे जाएं, देशविरोधी हरकतों का अड्डा बन जाए और कई स्तरों पर टुकड़े-टुकड़े गैंग की गुंडई दिखाई दे, महिला पत्रकार से बदसलूकी, हाथापाई की जाए तो इसे जेएनयू की कौन-सी परंपरा और जमात कहेंगे? बेशक ये चेहरे,उनके नारे और विरोध-प्रदर्शन जेएनयू का असली चेहरा नहीं है। विवि में फीस,अधिभार,भत्तों को लेकर नये संशोधन और बढ़ोतरी सामने आए हैं। छात्र उनका विरोध कर रहे हैं। उन्होंने संसद भवन तक भी जाने और सरकार को एहसास दिलाने की भी कोशिश की है, लेकिन इस परिप्रेक्ष्य में विवेकानंद का दोष क्या है? गुस्सा और आक्रोश का पात्र उन्हें क्यों बनाया गया? बेशक यह भारत सरकार के दायित्वों में शामिल है कि उच्च शिक्षा भी सुलभ और सस्ती हो ताकि शिक्षित और बौद्धिक पीढ़ियां सामने आ सकें। शायद इसीलिए जेएनयू का बजट 556 करोड़ रुपये है और सबसिडी 352 करोड़ रुपये की है। औसतन एक छात्र पर 4 लाख रुपये की सालाना खर्च होते हैं है। सुविधाएं ऐसी हैं कि होस्टल में मात्र 10 रुपये माहवार पर कमरा उपलब्ध है। बिजली, पानी, सर्विस चार्ज भी नहीं हैं। क्या ये सुविधाएं भारत-विरोधी नस्लें तैयार करने को दी जाती हैं? हम फीस के खिलाफ मचे फसाद पर फिलहाल कोई विश्लेषण नहीं कर रहे, लेकिन भारत के गरिमामय महानायक विवेकानंद ने छात्रों का क्या बिगाड़ा था कि उनकी प्रतिमा को अपमानित किया गया? उन्हें फासीवादी करार दिया गया? प्रतिमा को तोड़ने तक की कोशिशें की गईं? उस पर हिंसक प्रहार भी किए गए और लिख दिया गया, भगवा जलाओ। कौन-सा भगवा? और क्यों जलाया जाए? क्या इसलिए कि वह भाजपा का एक प्रतीक-रंग है? लेकिन भगवा रंग तो राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे में भी है। क्या भगवा रंग किसी की राजनीतिक और सांस्कृतिक बपौती है? क्या विवेकानंद का अपमान भारतीय संस्कृति का अपमान नहीं है? क्या यह दंडनीय गुनाह नहीं है? तो फिर उन गुंडों को सजा कब दी जाएगी? दरअसल जेएनयू के भीतर यह जमात वह है, जो मृतप्रायः वामपंथ का झंडा उठाने का काम करती है। वह जमात माओवादी, नक्सलवादी, स्टालिनवादी है और ऐसी देशविरोधी हरकतें करना उसका जेहाद ही है। इस जमात के मुखौटे में एक युवा पीढ़ी पथभ्रष्ट है और औसतन जेहादी छात्र दसियों साल विवि में पड़े रहते हैं। किसी न किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश ले लेते हैं। आवरण पढ़ाई का, लेकिन हरकतें अराजकतावादी हैं। इस तरह हमारी एक पीढ़ी गल-सड़ रही है। देश की जनता ने तो वामदलों को कूड़ेदान में फेंक दिया है, लेकिन जेएनयू की एक भटकी जमात को आतंकी अफजल गुरू और मकबूल बट्ट के पक्ष में आंदोलित किया जा रहा है। वह जमात भारत की बर्बादी तक जंग के नारे लगाती है। भारत के टुकड़े-टुकड़े और आज़ादी की मांग करती है। ऐसी जमात के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई अभी तक क्यों नहीं की गई? किसी भी कुलपति ने ऐसी जमात को बर्खास्त कर विवि परिसर से बाहर क्यों नहीं फेंका? प्रसंग कन्हैया कुमार का भी याद आता है। देशद्राह वाले केस में मुख्यमंत्री केजरीवाल अपनी रपट दबाए बैठे हैं। न स्वीकृति और न ही खारिज। नतीजतन कन्हैया को अदालत में देशद्रोही साबित नहीं किया जा सकता। राजनीतिक जमात भी टुकड़े-टुकड़े गैंग में संलिप्त है। माओवादी जमात विवि में ही बीफ समारोह मनाती है। जब दंतेवाड़ा में एक साथ कई जवान शहीद होते हैं तो यह जमात जश्न मनाती है, क्योंकि वे हत्याएं नक्सलियों ने की थीं। तो ये अराजक चेहरे स्वामी विवेकानंद का सम्मान कैसे कर सकते हैं? देश में करीब 800 विवि हैं, लेकिन यह चिन्तनीय सवाल होना चाहिए कि जेएनयू के भीतर ही विवाद क्यों पनपते हैं? कमोबेश देश की सरकार भी अब सोचना शुरू कर दे कि शिक्षा की आड़ में तो देशविरोधी संस्कृति नहीं पनप रही है। इसे तुरंत रोकना होगा।

ट्रेंड

### शानदार रही मुलाकात



बिल गेट्स से मुलाकात शानदार रही। विभिन्न विषयों पर उनके साथ बातचीत करने में खुशी होती है। वे अपने अभिनव उत्साह और जमीनी स्तर के काम के करके हमारे ग्रह को एक बेहतर स्थान बनाने की दिशा में अहम योगदान दे रहे हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### शौर्य को सलाम



सिंगापुर में माल्यार्पण समारोह के दौरान मेजर ईश्वर लाल से मिलकर प्रसन्नता हुए। मेजर लाल ने नेताजी सुभाष चंद्र के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय सेना की सेवा की। वे साहस और शौर्य का प्रतीक है। मैं राष्ट्र की सेवा के लिए उन्हें सलाम करता हूं।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

### झांसी की रानी को नमन



चमक उठी सन सत्तावन में, वह तलवार पुरानी थी। बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी। खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को जयंती पर शत-शत नमन।

-बाबा रामदेव, योगगुरु

### सुधारों की बाढ़



सबसे अच्छे सुधारों की बाढ़ है जनाब। एयर इंडिया और बीपीसीएल को सरकार से अलग करना इस दिशा में बड़ा कदम है। इसके साथ ही सरकार के लिए अधिक व्यापक स्पेक्ट्रम का विनिवेश करने का भी यह उचित समय है।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### लाजवाब पोज



मेरे फोटोग्राफर मित्र क्रिस्टैन ने मेरा एक पोज बनाया है। जिसे देखकर ऐसा लगता है कि भ्रम अब संभव नहीं है, क्योंकि असली ही संभव है। क्या यह एक ललाट शॉट लिया है? कैसे मेरी आंख अभी भी एक शॉट में बढ़ रही है? लाजवाब।

-अनुपम खेर, अभिनेता

मोर पंख



*सड़क किनारे तनी हैं*
*सैकड़ों नीली, पीली पन्नियां*
*ठिठुरती रात झुलसते दिन*
*गीली ज़मीन टपकती छत के बावजूद*
*गर्व से वे कहते हैं उन्हें घर*
*उन घरों में हैं चूल्हे की राख*
*पेट की आग सपनों की खाट*
*हौसले का बक्सा उम्मीद का कनस्तर*
*कल की फिक्र किए बिना वे जीते हैं आज*

● आकांक्षा पारे

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
330, विनय नगर, दिल्ली बाईपास, रोहतक-124001
फोन: 9253681019-20 फैक्स: 274202
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप




### झारखंडः बीजेपी के बागी को नीतीश का समर्थन

**रांची।** बिहार में एनडीए की मुख्य सहयोगी पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने मंगलवार को बीजेपी से बगावत करने वाले झारखंड के पूर्व मंत्री सरयू राय को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। सरयू राय झारखंड विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री रघुवर दास के खिलाफ जमशेदपुर (पूर्वी) से चुनाव मैदान में हैं। जेडीयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी विधानसभा चुनाव में अकेले दम पर चुनावी मैदान में उतरेगी। उन्होंने इस बात की भी जानकारी दी कि राय के पक्ष में पार्टी ने अपने संभावित उम्मीदवार को उस सीट से हटा दिया है। बता दें कि सिंह को नीतीश के करीबियों में से एक माना जाता है।

### कमल हासन को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**खोरधा।** एक्टर से राजनेता बने कमल हासन को सिनेमा में योगदान के लिए उड़ीसा की यूविर्सिटी ने डॉक्टरेट से नवाजा है। सीएम नवीन पटनायक ने उनका सम्मान किया। सीएम ने कहा कि मुझे पता चला है उन्होंने अपने फैन क्लब को ऐसे संगठन में तब्दील कर दिया है, जो सामाजिक कार्य करता है। मैं उन्हें भविष्य में तरक्की के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

### 'भारत बचाओ' रैली अब 14 दिसंबर को

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की बहुप्रचारित 'भारत बचाओ' रैली की तारीख में बदलाव किया गया है। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली की तारीख पहले 30 नवंबर को मुकर्रर की गई थी। अब भारत बचाओ रैली 14 दिसंबर को तय की गई है। गत दिनों एआईसीसी वॉररूम में बुलाई गई उच्चस्तरीय बैठक में पार्टी महासचिव, प्रभारी, सचिव, प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेताओं को संबोधित करते हुए संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 25 नवंबर तक सभी जिला मुख्यालय तक भारत बचाओ रैली के आयोजन का आदेश दिया था।

### अकाली नेता की गोली मारकर हत्या, पैर काटे

**बटाला (पंजाब)।** पंजाब के गुरदासपुर जिले में पड़ोसी से झगड़े के बाद अकाली दल के स्थानीय नेता दलबीर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई और बाद में उनके दोनों पैर भी काट दिए गए। बटाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ओपिन्दरजीत सिंह गुमान ने हत्या के पीछे किसी भी राजनीतिक साजिश होने की बात को नकार दिया है। दलबीर सिंह (51) शिरोमणि अकाली दल की गुरदासपुर इकाई के उपाध्यक्ष थे और दो बार गांव के प्रधान भी रहे। उन्होंने बताया कि घटना सोमवार शाम ढिलवां गांव के डेरा बाबा नानक इलाके में हुई।

### कमल हासन और रजनीकांत ने दिए संकेत

**चेन्नई।** मक्कल नीधि मय्यम (एमएनएम) के चीफ और ऐक्टर कमल हासन ने भविष्य में राजनीति के मैदान में भी सुपरस्टार रजनीकांत के साथ आने के संकेत दिए हैं। कमल हासन ने कहा कि उनकी और रजनीकांत की दोस्ती 44 साल पुरानी है। अगर जरूरत पड़ी तो तमिलनाडु के विकास के लिए दोनों साथ भी आ सकते हैं। बता दें कि तमिलनाडु में कई फिल्म कलाकार नेता बनकर अच्छे-खासे सफल हुए हैं। दूसरी ओर, रजनीकांत ने भी हासन के साथ जाने की संभावनाओं को पुष्ट करते हुए कहा, 'तमिलनाडु की जनता के फायदे के लिए अगर कमल हासन के साथ गठबंधन की स्थिति बनती है तो हम दोनों जरूर साथ आएंगे।

# गांधी परिवार की एसपीजी सुरक्षा हटाने के खिलाफ कांग्रेस का हंगामा

## स्पीकर की चेतावनी के बाद भी नारेबाजी, द्रमुक और राकांपा का भी सदन से वाकआउट

**संसद का शीतकालीन सत्र**

- रंजन चौधरी ने कहा कुछ होता है तो उसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भी लोकसभा की बैठक हंगामे के साथ शुरू हुई और कांग्रेस नेताओं सोनिया, राहुल गांधी से एसपीजी की सुरक्षा वापस लिये जाने के मुद्दे पर कांग्रेस, द्रमुक के सदस्यों ने पूरे प्रश्नकाल में आसन के समीप नारेबाजी की। शून्यकाल में इन दलों ने इस विषय पर सदन से वाकआउट किया। शून्यकाल में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने जब इस विषय को उठाने का प्रयास किया तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि कांग्रेस सदस्य पहले ही इस विषय को नियम-प्रक्रिया के तहत उठा चुके हैं। चौधरी ने कहा कि गांधी परिवार के सदस्यों की जान खतरे में है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी साधारण सुरक्षा प्राप्त करने वाले लोग नहीं हैं और 1991 से एसपीजी की सुरक्षा प्राप्त कर रहे थे।

उन्होंने प्रश्न किया कि अचानक से एसपीजी सुरक्षा क्यों हटा ली गयी। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा कि चौधरी इस विषय को पहले ही उठा चुके हैं। स्पीकर ने उन्हें आगे बोलने की इजाजत नहीं दी। संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस सदस्य के इस विषय पर कार्यस्थगन प्रस्ताव के नोटिस को स्पीकर खारिज कर चुके हैं। यह अब शून्यकाल का विषय नहीं है और इसे बिना नोटिस के कांग्रेस सदस्य कैसे उठा सकते हैं। इस पर कांग्रेस के सभी सदस्य खड़े होकर विरोध दर्ज कराने लगे। इस दौरान अध्यक्ष बिरला ने आसन के समीप नारेबाजी कर रहे सदस्यों को चेतावनी देते हुए कहा कि आसन के पास आकर आसन से बातचीत करने की परंपरा पहले रही होगी, लेकिन आगे से सदस्य आसन के पास आकर आसन से चर्चा नहीं करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई करनी होगी। हालांकि बाद में भी कांग्रेस के कुछ सदस्यों को आसन की ओर मुखातिब होकर कुछ कहते हुए देखा गया। बाद में शून्यकाल शुरू होने पर ही नारेबाजी कर रहे सदस्य अपने स्थानों पर गये।



### जब लोकसभा स्पीकर बोले, छुट्टी पर हैं राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की गैरमौजूदगी का संज्ञान लेते हुए स्पीकर ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि वह प्रश्नकाल में उन्हें सवाल पूछने का मौका देना चाहते थे। दरअसल, कांग्रेस के एक अन्य सांसद के. सुरेश राहुल गांधी की सीट पर आकर जीरो आवर में बोल रहे थे। इस दौरान एलईडी स्क्रीन पर राहुल का नाम दिखा तो स्पीकर ने कहा कि वह अपनी सीट पर जाएं क्योंकि उनकी सीट रिक्त बता रही है, जबकि राहुल गांधी सदन में नहीं हैं और उनका नाम दिख रहा है। स्पीकर ने कहा, 'आपकी सीट रिक्त बता रही है। यह (जहां सुरेश खड़े होकर अपना मुद्दा उठा रहे थे) राहुल गांधी की सीट है। राहुल गांधी आज छुट्टी पर हैं। इसलिए (आप) अपनी सीट पर जाएं।' इस पर बीजेपी सांसद राजीव प्रताप रूडी ने भी स्पीकर से अनुरोध किया कि सदन के सदस्यों को उनकी निर्धारित सीटों से ही बोलने का निर्देश दिया जाए।

### लोकसभा में गूंजा जेएनयू के छात्रों पर लाठीचार्ज का मुद्दा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) द्वारा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में पुनः शांति बहाली के लिए किए जा रहे प्रयास धरातल पर हकीकत में फलीभूत होते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। लोकसभा में मंगलवार को इस मुद्दे पर काफी हंगामा हुआ और विपक्षी दलों के सांसदों ने एक मत से उच्चस्तरीय जांच की मांग की। सदन में शून्यकाल की शुरुआत के साथ ही इस मामले पर बोलते हुए बसपा सांसद दानिश अली ने कहा कि जेएनयू के छात्रों पर सोमवार को दिल्ली पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। यह बेहद निंदनीय है। केंद्र सरकार को इसकी उच्चस्तरीय जांच करानी चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के प्रो.सौगत राय ने भी घटना की आलोचना की और जल्द ही संस्थान में हालात सामान्य करने की मांग की है। इसके अलावा कांग्रेस के सांसद टी.एन.प्रतापन ने कहा कि प्रशासन द्वारा जेएनयू में बढ़ाई गई फीस अलोकतांत्रिक है। सरकार को तुरंत इसे वापस लेना चाहिए। केंद्र सरकार सीआरपीएफ और पुलिस की मदद से छात्रों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। केंद्र की ओर से जेएनयू के अलावा हैदराबाद, जामिया जैसे तमाम उच्च-शिक्षण संस्थानों की स्वतंत्र आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन इस पूरे प्रकरण के दौरान छात्र यह न समझे की वह अकेले हैं। हम उनके साथ हैं।

- विपक्ष ने एकस्वर में की केंद्र सरकार से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग

## राज्यसभा में सरोगेसी विधेयक पेश

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन दोपहर से पहले भले ही जेएनयू और जम्मू-कश्मीर के मुद्दे को लेकर विपक्ष के हंगामी विरोध के कारण शून्यकाल और प्रश्नकाल न चल पाया हो। लेकिन उसके बाद उच्च सदन की सुचारू रूप से चली। राज्यसभा में मंगलवार को भोजनावकाश के बाद शुरू हुई कार्यवाही के दौरान पहले भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (संशोधन) विधेयक-1987 को सर्वसम्मिति से वापस लिया गया। उच्च सदन में जलियांवाला बाग स्मारक संबन्धी विधेयक के बाद लोकसभा से पारित होने के बाद से राज्यसभा में लंबित पड़े सरोगेसी (विनियमन) विधेयक को चर्चा के लिए पेश किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. हर्ष वर्धन के प्रस्ताव पर इस विधेयक पर सदन में चर्चा शुरू हो चुकी है, जो समाचार लिखे जाने तक जारी थी। इस विधेयक में सरोगेसी व्यवहार ओर प्रक्रिया के लिए राष्ट्रीय सरोगेसी बोर्ड और राज्य सरोगेसी बोर्डो का गठन करने के साथ समुचित प्राधिकारियों की नियुक्ति से संबन्धित प्रावधान किए गए हैं।

### नोबेल पुरस्कार पर अभिजीत को बधाई

राज्यसभा ने मंगलवार को अर्थशास्त्र के क्षेत्र में प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार के लिए चुने जाने पर अभिजीत बनर्जी को बधाई दी गई। सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति वेंकैया नायडू ने अभिजीत बनर्जी की इस उपलब्धि का जिक्र करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर गरीबी उन्मूलन के लिए नवोन्मेषी प्रयासों की खातिर बनर्जी, एस्थर डुफ्लो और मिशेल क्रेमर को अर्थशास्त्र के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है। नायडू ने कहा कि बनर्जी का इस सम्मान के लिए चुना जाना भारत के लिए बहुत ही गर्व की बात है।

### मार्शल्स की नई वर्दी पर पुनर्विचार के आदेश

राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू ने सेना की वर्दी से मिलती-जुलती राज्यसभा के मार्शल्स की वर्दी को लेकर कुछ लोगों ने आपत्ति के बाद इस नए ड्रेस कोड की समीक्षा यानि पुनर्विचार के लिए राज्यसभा सचिवालय को आदेश जारी किये हैं। यह जानकारी उन्होंने राज्यसभा में सदस्यों को दी है। नायडू ने कहा कि मार्शल्स के लिए नए ड्रेस कोड पर कई सलाह के बाद फैसला लिया गया था, लेकिन हमें कुछ राजनीतिक और कुछ जाने-माने लोगों से ड्रेस कोड को लेकर टप्पिणियां प्राप्त हुई हैं।

### कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर मुद्दे को उठाया

इससे पहले मंगलवार को उच्च सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सभापति एम. वेंकैया नायडू ने आवश्यक दस्तावेजों को सदन के पटल पर रखवाया। इसके बाद जैसे ही शून्यकाल शुरू करने का ऐलान किया गया तो वाम, कांग्रेस और अन्य दलों के सदस्यों ने जवाहरलाल नेहरू वश्विवद्यिालय में फीस वृद्धि का विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कल हुई पुलिस की कथित कार्रवाई के अलावा गत पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद से वहां लगातार जारी पाबंदियों का मुद्दा उठाने का प्रयास किया। इस पर नायडू ने कहा कि उन्हें सदस्यों के पास से तीन कार्य स्थगन नोटिस मिले हैं लेकिन उन्होंने वे तीनों नोटिस स्वीकार नहीं किए। यह सुनकर विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। वहीं विपक्षी दलों के कुछ सदस्यों ने मार्शल के ड्रेस कोड में किए गए बदलाव पर भी आपत्ति जाहिर की। विपक्षी दलों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

## भाजपा सांसदों की बैठक में छाए मोदी

- प्रधानमंत्री की सफल विदेश यात्राओं और आरसीईपी से भारत को अलग रखने के मुद्दों पर बैठक में हुई चर्चा

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा संसदीय दल की मंगलवार को आहूत बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सफल विदेश यात्राओं, संयुक्त राष्ट्र महासभा और ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में उनकी शिरकत और देशहित को देखते हुये एशियाई देशों के क्षेत्रीय समग्र आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) से भारत को अलग रखने के फैसले पर चर्चा की गयी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान भाजपा संसदीय दल की पहली बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर और उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भाजपा सांसदों को प्रधानमंत्री की विदेश सफल विदेश यात्राओं और आरसीईपी के मुद्दे पर अपने संबोधन के दौरान विभिन्न घटनाक्रमों से अवगत कराया। भाजपा सूत्रों के अनुसार मोदी इस बैठक में शामिल नहीं हुए। बैठक में भाजपा सांसदों से 150वीं गांधी जयंती के अवसर पर देशव्यापी स्तर पर आयोजित की गयी पदयात्राओं का ब्योरा भी देने को कहा गया है। बैठक में पार्टी अध्यक्ष अमित शाह, भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, भाजपा नेता अर्जुनराम मेघवाल, सहित वरिष्ठ नेताओं एवं सांसदों ने भाग लिया।

## ममता बनर्जी की हिदायत पर ओवैसी ने किया पलटवार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता




पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी के बीच ठन गई है. ममता के 'अल्पसंख्यक कट्टरता' वाले बयान के बाद ओवैसी ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि दीदी हैदराबाद में रहने वाले मुट्ठी भर लोगों से डर गई हैं। दरअसल ममता ने सोमवार को टीएमसी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में 'अल्पसंख्यक कट्टरता' का जिक्र किया और लोगों को इससे सावधान रहने का निर्देश दिया था. उन्होंने ओवैसी का नाम लिए बिना कहा था कि हैदराबाद की एक राजनीतिक पार्टी बीजेपी से पैसा लेकर अल्पसंख्यकों में कट्टरता फैलाती है। वहीं असदुद्दीन ओवैसी ने ममता के बयान का करारा जवाब देते हुए कहा, 'ये धार्मिक कट्टरता नहीं है कि किसी भी अल्पसंख्यकों में बंगाल के मुसलमानों का मानव विकास सूचकांक में सबसे खराब हालत है। अगर दीदी हैदराबाद में रहने वाले मुट्ठी भर लोगों से परेशान हैं तो वो ये बताये कि लोकसभा सीट में बीजेपी ने कैसे 42 में से 18 सीटें जीत ली।

*गृह मंत्रालय ने संसद को बताया*

## वीर सावरकर को भारत रत्न देने के लिए किसी सिफारिश की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने लोकसभा में वीर सावरकर को भारत रत्न देने के सवाल के जवाब में कहा है कि भारत रत्न देने के लिए बहुत सारे सिफारशी पत्र उसे प्राप्त हुए हैं। हालांकि भारत रत्न देने के लिए गृह मंत्रालय खुद में सक्षम है और उसे किसी सिफारिश की पत्र की आवश्यकता नहीं है। लोकसभा में इस संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में सरकार ने कहा कि वीर सावरकर को भारत रत्न देने को लेकर किसी भी सिफारिश पत्र की आवश्यकता नहीं है। गृह मंत्रालय ने सदन को जानकारी देते हुए बताया है कि भारत रत्न सम्मान के लिए अलग-अलग वर्गों की ओर से अक्सर सिफारिशें आती रहती हैं, लेकिन इसके लिए किसी औपचारिक सिफारिश की जरूरत नहीं होती। भारत रत्न को लेकर समय-समय पर फैसले होते रहते हैं। भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। हर साल देश के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति इसके लिए एक नाम की स्वीकृति करते हैं। इस साल हुए महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव के दौरान बीजेपी ने घोषणा पत्र में वादा किया था कि सत्ता में आने पर वह स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर को भारत रत्न देने की सिफारिश करेगी। फिलहाल महाराष्ट्र में अभी तक सरकार का गठन नहीं हो पाया है।



नई दिल्ली। जेएनयू परिसर में संवाददाता सम्मेलन के दौरान नारेबाजी करते छात्र।

### जेएनयू प्रदर्शनः पुलिस ने दो प्राथमिकी दर्ज की

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने छात्रावास शुल्क वृद्धि को लेकर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्रों के विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में मंगलवार को दो प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कानून की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी किशनगढ़ पुलिस थाने में दर्ज की गई है जबकि एक अन्य प्राथमिकी लोधी कॉलोनी पुलिस थाने में दर्ज की गई है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अतुल कुमार ठाकुर के अनुसार अरबिंदो मार्ग पर सोमवार की घटना के सिलसिले में आईपीसी की धाराओं 186 (लोक सेवक के सरकारी कार्य के निर्वहन में बाधा डालना), 353 (सरकारी कर्मचारी पर हमला कर या उस पर बल का इस्तेमाल कर उसे उसकी ड्यूटी निभाने से रोकना), 332 (सरकारी कर्मचारी को उसे अपना कर्तव्य निभाने से रोकने के लिए चोट पहुंचाना) और धारा 188 के तहत लोधी कॉलोनी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

### राजस्थान में नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस का दबदबा

**जयपुर।** राजस्थान में 49 नगर निकायों में 2,100 से अधिक पार्षदों के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस का दबदबा रहा। पार्टी कुल मिलाकर 900 से अधिक वार्डो में जीती और कई प्रमुख जगहों पर उसका बोर्ड बनना तय है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसे उनकी सरकार के काम पर जनादेश बताया है। राज्य निर्वाचन विभाग की वेबसाइट के अनुसार परिणाम आने के बाद सभी 2,105 वार्डों में स्थिति साफ हो गयी है। इन परिणाम के अनुसार कुल मिलाकर बात की जाए तो कांग्रेस के 961, भाजपा के 737, बसपा के 16, माकपा के तीन, एनसीपी के दो प्रत्याशी जीते हैं।386 वार्डों में निर्दलीयों ने जीत दर्ज की है ।

## इंदिरा को श्रद्धांजलि ...



**नई दिल्ली।** संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी, कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी, राज्यसभा के सभापति एचएन सिंह सहित कई नेताओं ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, पूर्व उपराष्ट्रपति अंसारी व कांग्रेस पार्टी के कई अन्य नेताओं ने शक्ति स्थल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्विटर पर लिखा 'हमारी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दादी इंदिरा गांधी को कविता के जरिए श्रद्धांजलि दी, राहुल गांधी ने भी ट्वीट कर इंदिरा गांधी को याद किया।





नई दिल्ली पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने पर्यावरणविद् और राजनीतिक कार्यकर्ता सुनीता नारायण को शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार प्रदान किया।

## उच्च न्यायालय ने केंद्र और दिल्ली सरकार से पूछा

# दिल्ली में दुकान जैसे विद्यालय कैसे चल रहे?

- पीठ ने पूछा, आप इस तरह के स्कूलों को अनुमति कैसे देते हैं

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में कक्षा एक से आठवीं तक बिना खेल के मैदान के स्कूल चलने से क्षुब्ध दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र और दिल्ली सरकार से पूछा कि ''दुकान जैसे विद्यालयों'' को क्यों चलने दिया जा रहा है। मुख्य न्यायाधीश डी. एन. पटेल और न्यायमूर्ति सी. हरिशंकर की पीठ ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय से पूछा कि ये स्कूल राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के तहत कैसे चल रहे हैं जबकि वे ''दुकानों की तरह दिखते हैं।'' उत्तर दिल्ली में एमएस एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित स्कूलों के फोटोग्राफ देखने के बाद पीठ ने अधिकारियों से पूछा, ''ये स्कूल हैं? वे दुकान की तरह दिखते हैं। वे कक्षा एक से आठ तक चलते हैं। क्या उन्हें खेल के मैदान की जरूरत नहीं है? आप (केंद्र, दिल्ली सरकार) क्या कर रहे हैं? पीठ ने पूछा, ''आप इस तरह के स्कूलों को अनुमति कैसे देते हैं? अदालत ने कहा इन दुकान जैसी स्कूलों में जिन छात्रों का नामांकन है, उन्हें पढ़ाई किए बिना ही प्रमाण पत्र मिल जाएगा। पीठ ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय को एक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया जिसमें बताया जाए कि महानगर में किस आधार पर इन संस्थानों को चलने की अनुमति दी जा रही है।



### जनसंख्या नियंत्रण आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में याचिका

**नई दिल्ली।** देश में जनसंख्या नियंत्रण के लिये दो बच्चों के मानदंड सहित कुछ उपायों पर अमल के लिये उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गयी है। यह याचिका भाजपा नेता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर की है। उच्च न्यायालय ने तीन सितंबर को अपने आदेश में कहा था कि इस बारे में कानून बनाना अदालत का नहीं बल्कि संसद और विधानमंडल का काम है। शीर्ष अदालत में दायर याचिका में कहा गया है कि उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में आदेश पारित करते समय इस तथ्य पर ध्यान नहीं दिया कि संविधान के अनुच्छेद 21 और 21ए में प्रदत्त शुद्ध वायु, पेय जल, स्वास्थ्य, शांति से सोना, आवास, आजीविका और शिक्षा का अधिकार जनसंख्या पर नियंत्रण के बगैर सभी नागरिकों को नहीं मिल सकता है। याचिका के अनुसार अदालत ने इस तथ्य पर भी ध्यान नहीं दिया कि देश के पूर्व प्रधान न्यायाधीश एम एन वेंकटचलैया की अध्यक्षता वाले संविधान समीक्षा आयोग ने 31 मार्च, 2002 को विस्फोटक रूप ले रही आबादी पर अंकुश के लिये संविधान में अनुच्छेद 47-ए शामिल करने की सिफारिश की थी।

### नारायणसामी की विवादित टिप्पणी-हिटलर की बहन जैसी हैं किरण बेदी

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी के मुख्यमंत्री वी. नारायणसामी ने मंगलवार को एक विवादित टिप्पणी करते हुए केंद्र शासित प्रदेश की उपराज्यपाल किरण बेदी को तानाशाह बताया है। नारायणसामी ने उपराज्यपाल की आलोचना करते हुए कहा कि वह तानाशाहों की तरह व्यवहार कर रही हैं और हिटलर की बहन लग रही हैं। नारायणसामी ने मंगलवार को यहां पार्टी कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के मौके पर सत्तारूढ़ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से कहा, 'वह एक तानाशाह की तरह काम कर रही हैं और जर्मन तानाशाह ऐडॉल्फ हिटलर की बहन लगती हैं।' पूर्व आईपीएस अधिकारी बेदी पर तीखा हमला बोलते हुए नारायणसामी ने कहा कि वह मंत्रिमंडल के हर फैसले में बाधा बनकर खड़ी हो जाती हैं।

### अखिलेश से हाथ मिलाने को मैं तैयारः शिवपाल



**इटावा।** समाजवादी पार्टी के गढ़ समझे जाने वाले इटावा में शिवपाल यादव ने बड़ा बयान दिया है। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी बनाने वाले शिवपाल यादव ने मंगलवार को कहा कि वह समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन चाहते हैं। शिवपाल ने साफ किया कि वह परिवार में एकता चाहते हैं और वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में चुनाव लड़ने को तैयार हैं। शिवपाल यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह एसपी के साथ गठबंधन चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हम अखिलेश यादव को सीएम बनाएंगे।

## रिपोर्ट में खुलासा : आज भी दुनिया में 67 करोड़ लोग बाहर जाने को मजबूर

# खुले में शौच से बीमारियों से सालाना छह लाख मौतें

**60% मौतें भारत में**

- हर साल 19 अक्टूबर को मनाया जाता है विश्व टॉयलेट दिवस
- संयुक्त राष्ट्र ने 2013 से शुरू की मुहिम
- सिंगापुर निवासी जैक सिम ने की शुरुआत
- उनकी संस्था 2001 से हर साल मना रही है यह दिवस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दुनियाभर में 19 अक्टूबर को वर्ल्ड टॉयलेट डे मनाया जाता है। शौचालय के महत्व को बताने के लिए इस दिन की शुरुआत सिंगापुर के निवासी जैक सिम ने की थी। उनकी कोशिशों के बाद संयुक्त राष्ट्र ने 2013 में 19 नवंबर को वर्ल्ड टॉयलेट डे मनाने की मान्यता दी थी। जैक सिम की संस्था वर्ल्ड टॉयलेट ऑर्गनाइजेशन 2001 से ही इसे मना रही थी। जैक ने इस अवसर पर कहा कि खुले में शौच की वजह से होने वाली बीमारियों से हर साल 6 लाख लोगों की मौत हो जाती है। इनमें से 60% मौतें अकेले भारत में होती हैं। पिछले 5 साल में शौचालय को लेकर भारत में काफी काम हुआ है और सरकारी आंकड़ों की मानें तो अब 100% लोगों के पास शौचालय की सुविधा है।

### पांच साल में भारत में शौचालयों को लेकर काफी काम किया गया : जैक

**दुनिया की स्थिति : 2 अरब लोगों के पास अभी भी टॉयलेट नहीं:** वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, दुनिया की 74% आबादी (5.5 अरब लोग) बेसिक सेनिटेशन सर्विस का इस्तेमाल कर पाती है। 2 अरब लोगों के पास टॉयलेट की सुविधा नहीं है। उन्हें सार्वजनिक शौचालयों का इस्तेमाल करना पड़ता है। 67.3 करोड़ लोग ऐसे हैं, जो आज भी खुले में शौच करने को मजबूर हैं। जैक कहते हैं कि सेनिटेशन की समस्या लोग हल नहीं कर सकते, क्योंकि वे इसके बारे में सोचते ही नहीं हैं। वे इन चीजों को वर्जित विषय मानते हैं। जैसे ही लोग अपने स्वास्थ्य, सुरक्षा और गरिमा को लेकर जागरूक होंगे, वे अपने लिए टॉयलेट बनवाएंगे।

**भारत की स्थिति : 5 साल में देश खुले में शौच से मुक्त हुआ:** स्वच्छ भारत मिशन की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, 2 अक्टूबर 2014 को देश की 38.7% आबादी ही शौचालय का इस्तेमाल करती थी। 2 अक्टूबर 2019 तक देश की 100% आबादी शौचालय का इस्तेमाल करने लगी। इस आधार पर महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 100% ओडीएफ घोषित किया यानी ऐसा देश जहां हर घर में शौचालय है और लोग खुले में शौच नहीं कर रहे। पांच साल में ग्रामीण इलाकों में 10.13 करोड़ शौचालय बनाए गए।

केंद्रीय मंत्री रेड्डी ने लोस में जारी की रिपोर्ट

# पांच सालों में नक्सली हिंसा में 43 फीसदी की कमी आई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- दो तिहाई घटनाएं 10 जिलों में हुईं, वामपंथी उग्रवाद कम हुआ

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी. किशन रेड्डी ने मंगलवार को संसद में नक्सली हिंसा रोकने के लिए किए गए कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा- देश में हुई नक्सली हिंसा में दो तिहाई घटनाएं केवल 10 जिलों में हुई हैं। शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन रेड्डी ने इस विषय से जुड़े सवाल के जवाब में कहा- सरकार की नीतियों को तत्काल लागू करने से पिछले 5 साल में वामपंथी उग्रवाद गतिविधियों में कमी आई है। रेड्डी ने कहा, ''मई 2014 से अप्रैल 2019 के बीच पिछले पांच साल की तुलना में नक्सली हिंसा 43% कम हुई। 2016-19 के बीच नक्सली हिंसा और इसके कारण होने वाली मौत की संख्या 2013-15 की तुलना में क्रमशः 15.8% और 16.6% कम रही। राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना-2015 को लागू करने से वामपंथी उग्रवाद हिंसा और इसका भौगोलिक दायरा कम हुआ है।'

### हिंसा रोकने को समग्र नीति लागू हो रही

रेड्डी ने बताया कि 2018 में 30 जून तक नक्सली हिंसा में 139 लोगों की मौत हुई जबकि 2019 में इस दौरान 117 मौतें हुईं। सरकार वामपंथ उग्रवाद से निपटने के लिए एक समग्र नीति लागू कर रही है। इसके तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षाबलों की तैनाती करने के साथ ही विकास कार्य किए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में स्वामी जगन्नाथ मंदिर में रेस्पेक्ट एंड सेव द एनिमल्स अभियान के तहत हाथियों को खाद्य सामग्री भेंट करते हैं।

### असांजे के खिलाफ दुष्कर्म मामले की जांच रोकी

**स्टॉकहोम।** स्वीडन के अभियोजक ने कहा कि विकिलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे के खिलाफ कथित दुष्कर्म की जांच रोक दी गई है। असांजे इस समय ब्रिटेन की जेल में हैं। उप प्रमुख अभियोजक इवा मारी परसोन ने मंगलवार को मामले की अद्यतन जानकारी देते हुए यह बात कही। जून में स्वीडन की अदालत ने आदेश दिया था कि असांजे को हिरासत में नहीं लिया जाना चाहिए और अगर प्रत्यर्पण नहीं होता तो ब्रिटेन में पूछताछ की जा सकती है।

### आतंकी हमले में माली के 24 सैनिकों की मौत

**बमाको।** देश के पूर्वी हिस्से में सोमवार को हुई झड़पों में माली के 24 सैनिकों की मौत हो गई और 17 जिहादी लड़ाके भी मारे गए। सेना ने जानकारी दी कि पूर्वोत्तर के कस्बे तबनकोर्ट के नजदीक माली और नाइजर के बल संयुक्त अभियान चला रहे थे जब गश्ती दलों पर आतंकियों ने हमला किया।

## संसद स्पीकर जयसूर्या ने दिए संकेत

# श्रीलंका में हो सकते हैं मध्यावधि संसदीय चुनाव

भाषा ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका में मध्यावधि संसदीय चुनाव हो सकते हैं, यह बात गोटबाया राजपक्षे के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के एक दिन बाद मंगलवार को संसद के अध्यक्ष कारु जयसूर्या ने कही।

श्रीलंका पोदुजना पेरामुना (एसएलपीपी) के प्रत्याशी 70 वर्षीय राजपक्षे ने सत्तारूढ़ यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) के उम्मीदवार 52 वर्षीय सजीत प्रेमदास को 13 लाख से अधिक मतों से हराया है। श्रीलंका में अगला संसदीय चुनाव संवैधानिक रूप से अगस्त 2020 के बाद होना है और मौजूदा प्रधानमंत्री को तब तक नहीं हटाया जा सकता है जबतक की वह इस्तीफा न दे दें। लेकिन राजपक्षे की जीत के बाद संसदीय चुनाव की जरूरत महसूस की जा रही है ताकि वह अपनी नई सरकार गठित कर सकें। जयसूर्या ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में राजपक्षे की जीत के बाद भविष्य में संसद के कामकाज को लेकर तीन विकल्पों पर विचार किया जा रहा है।

### चुनाव नतीजे से तमिलनाडु के दल चिंतित

- मोदी से ईलम तमिल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील
- नवनिर्वाचित राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे श्रीलंका में मई 2009 में हुई नस्लीय हिंसा के आरोपी रहे हैं

**चेन्नई।** श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में गौतबाया राजपक्षे के जीतने पर तमिलनाडु की कई पार्टियों ने चिंता जताई है। राज्य की प्रमुख पार्टियों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से श्रीलंका के ईलम तमिल नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। ईलम तमिल तमिलनाडु के मूल निवासी माने जाते हैं। ये लोग दशकों पहले श्रीलंका पलायन कर गए थे। श्रीलंका में 2009 में सिविल वॉर में भारी संख्या में ईलम तमिल मारे गए थे। तब देश के रक्षा मंत्री गौतबाया ही थे। तमिलनाडु की पार्टियां गौतबाया पर अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में नरसंहार और युद्ध अपराध का मामला चलाने की मांग करती रही हैं। द्रमुक और इसकी सहयोगी पार्टियों एमडीएमके, विदुतलै चिरुतैगल कच्चि और सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक की सहयोगी पीएमके ने मोदी से श्रीलंका के तमिलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

### श्रीलंका पहुंचे जयशंकर, गोटबाया से मिले



**कोलंबो।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि श्रीलंका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर 29 नवम्बर को भारत की यात्रा पर आएंगे। देश के नए राष्ट्रपति के रूप में सोमवार को शपथ लेने वाले राजपक्षे के साथ बैठक के बाद जयशंकर ने यह घोषणा की। राष्ट्रपति राजपक्षे के मंगलवार को पदभार संभालने के कुछ घंटे बाद हुई इस बैठक के बाद जयशंकर ने ट्वीट किया, 'श्रीलंकाई राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के साथ गर्मजोशी के साथ मुलाकात हुई। साझा शांति, प्रगति, समृद्धि और सुरक्षा के लिए साझेदारी संबंधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश से उन्हें अवगत कराया गया। भारत और श्रीलंका के बीच संबंध नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे।'' दो दिन की यात्रा पर यहां पहुंचे जयशंकर ने कहा कि राष्ट्रपति राजपक्षे ने 29 नवम्बर को भारत आने के प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है।

### नवाज शरीफ उपचार के लिए लंदन रवाना

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ मंगलवार को उपचार के लिए एयर एम्बुलेंस से लंदन रवाना हो गए। लाहौर उच्च न्यायालय ने कई रोगों से ग्रस्त शरीफ को चार हफ्तों के लिए विदेश जाने की इजाजत दे दी थी और इमरान खान सरकार के क्षतिपूर्ति बांड पर हस्ताक्षर करवाने की शर्त को खारिज कर दिया था। शरीफ (69) के साथ उनके छोटे भाई शहबाज शरीफ और उनके चिकित्सक अदनान खान भी गए हैं। उनके लिए अत्याधुनिक एयर एम्बुलेंस दोहा से मंगवाई गई थी, उसी में सवार होकर वह कतर से लंदन के लिए रवाना हुए। पीएमएलएन की प्रवक्ता मरियम औरंगजेब ने बताया कि शरीफ को इलाज के लिए लंदन के हार्ले स्ट्रीट क्लिनिक ले जाया जाएगा।

- एयर एंबुलेंस से गए, चार हफ्तों के लिए विदेश जाने की इजाजत मिली

## सिंगापुर की दो दिवसीय यात्रा पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह






राजनाथ ने सिंगापुर के रक्षा मंत्री एनजी इंग हेन के साथ बैठक की।

### सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री से रक्षा सहयोग पर चर्चा

**सिंगापुर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री हेंग स्वी केट के साथ बातचीत की जो कि द्विपक्षीय रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रही। सिंह दो दिवसीय यात्रा पर रविवार की रात यहां पहुंचे थे। अधिकारियों ने बताया कि रक्षा मंत्री सिंह ने भारत और सिंगापुर के सशस्त्र बलों के बीच बढ़ते सम्पर्क पर संतोष जताया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और बढ़ाने पर सहमति जताई। बैठक में सिंह ने दक्षिण चीन सागर और हिंद..प्रशांत क्षेत्र को लेकर भारत के रुख का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि भारत एक खुले, समग्र और स्थिर हिंद..प्रशांत का समर्थन करता है जो सुरक्षित समुद्री मार्गों से जुड़ा हुआ हो, व्यापार द्वारा एकीकृत हो और आसियान देशों की एकता द्वारा समन्वित हो। अंतरराष्ट्रीय कानूनों एवं नियमों का क्रियान्वयन, नौवहन की स्वतंत्रता, अबाध वैध वाणिज्य के साथ ही विवादों का शांतिपूर्ण समाधान ही हिंद..प्रशांत क्षेत्र में नियम आधारित व्यवस्था सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका है। हिंद...प्रशांत क्षेत्र में चीन का आक्रामक सैन्य रुख एक चिंता का विषय है।

## दोबारा संवर्धन पर जताया एतराज

# ईरान के परमाणु संयंत्र को दी छूट खत्म करेगा अमेरिका



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने तेहरान द्वारा फोर्दो परमाणु संयंत्र में यूरेनियम संवर्धन का काम फिर से शुरू किए जाने पर एतराज जताया। ईरान के इस कदम के बाद वाशिंगटन ने उपरोक्त संयंत्र को प्रतिबंधों से दी गई छूट खत्म करने का ऐलान किया है। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आइएईए) और ईरान ने इस महीने की शुरुआत में इस बात की पुष्टि की थी कि तेहरान ने इस संवेदनशील अंडरग्राउंड परमाणु संयंत्र में यूरेनियम संवर्द्धन का काम फिर से शुरू कर दिया है। खास बात यह है कि ईरान शुरुआत में संयुक्त राष्ट्र पर्यवेक्षकों से फोर्दो संयंत्र को छिपाने में कामयाब रहा था, लेकिन 2009 में यह दुनिया के सामने आ गया। फैसले की घोषणा करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोंपियो ने कहा कि प्रतिबंधों से दी गई छूट 15 दिसंबर से समाप्त हो जाएगी।

- 2009 में खुला था इस संयंत्र का राज, 15 दिसंबर को खत्म हो जाएगी प्रतिबंधों पर दी छूट

## प्रदर्शनकारियों को लेकर बयान जारी

# हांगकांग पर फैसला करने का अधिकार सिर्फ हमारा : चीन



**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को कहा कि हांगकांग के संवैधानिक मामलों पर फैसला सुनाने का अधिकार सिर्फ उसे है। लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों के नकाब पहनने पर लगे प्रतिबंध के फैसले को शहर के उच्च न्यायालय द्वारा पलटने के बाद चीन ने उसकी निंदा करते हुए यह बयान दिया। इस बयान से कई महीनों से हिंसक प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं की चिंता बढ़ गई है कि बीजिंग वित्तीय केंद्र की स्वायत्तता को छीन रहा है। नकाब पर प्रतिबंध अक्टूबर महीने में लगाया गया था। यह फैसला लेने के लिए चीन समर्थक नेता ने पांच दशक से भी ज्यादा समय में पहली बार उपनिवेश कालीन एक कानून का इस्तेमाल किया था। 'नेशनल पीपुल्स कांग्रेस' के प्रवक्ता जैंग तिवेई ने कहा कि केवल विधायिका को यह तय करने का अधिकार है कि कोई भी कानून मूल कानून-शहर के लघु संविधान-के अनुरूप है या नहीं।

# ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग से सिडनी में धुआं छाया

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स के जंगलों में करीब एक महीने पहले लगी आग पर अब तक काबू नहीं पाया जा सका है। इसके चलते राज्य के कुछ बड़े शहरों में प्रदूषण बढ़ गया है। मंगलवार को सिडनी में सुबह से ही धुएं की मोटी चादर फैली रही। अफसरों के मुताबिक, तेज हवाओं के चलते जंगलों का धुआं शहरों में पहुंच रहा है। इससे एयर क्वालिटी खतरनाक स्तर तक पहुंच चुकी है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों के घर में रहने और शारीरिक गतिविधियां (फिजिकल एक्टिविटी) रोकने के लिए कहा है। सोशल मीडिया पर सिडनी में फैले धुएं की कई फोटोज वायरल हुई हैं। लोगों का कहना है कि मंगलवार सुबह जागने के साथ ही उन्हें शहर में धुआं दिखाई दे रहा है। ट्विटर पर एक यूजर ने लिखा, ''सुबह उठने के साथ ही हमें धुएं की गंध आने लगी। पहले लगा कि घर में आग लग गई है, लेकिन बाहर देखने पर समझ आया कि यह जंगल में लगी आग से पैदा हुआ है।

- लोगों को घर में रहने की सलाह
- न्यू साउथ वेल्स के जंगलों में तीन हफ्ते से लगी है भीषण आग
- लोगों के आग जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया

मुंह की खाने के बाद भी नहीं आ रहा बाज

# पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे पर लिखा संरा को खत

**नई दिल्ली।** कश्मीर मसले पर हर बार मुंह की खाने के बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने फिर से संयुक्त राष्ट्र में इस मुद्दे को लेकर एक पत्र लिखा है। इस पत्र में कुरैशी ने एक बार फिर से भारत के ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाए हैं। कुरैशी ने इस खत में लिखा है कि पाकिस्तान भारत द्वारा किए गए जम्मू कश्मीर के बंटवारे को नहीं मानता है। पाक के विदेश मंत्री ने इसको गैरकानूनी घोषित किया है। उनके इस पत्र को संयुक्त राष्ट्र महासचिव के अलावा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को भेजा गया है।

- कोई सुनने को तैयार नहीं फिर भी अलाप रहा कश्मीर राग
- विदेश मंत्री कुरैशी ने लगाए बेबुनियाद आरोप
- अनुच्छेद 370 खत्म करने को गैरकानूनी बताया

### बेबुनियाद आरोप लगाए

पाकिस्तान का आरोप है कि पाकिस्तान का कहना है कि जम्मू कश्मीर को बांटकर दो केंद्र शासित प्रदेश बनाना सुरक्षा परिषद प्रस्ताव का उल्लंघन है। आपको बता दें कि इस मसले पर पाकिस्तान द्वारा संयुक्त राष्ट्र को लिखा गया यह छठा पत्र है। लिहाजा यहां पर ये बताना कोई मायने नहीं रखता है कि पाकिस्तान के पहले पांच पत्रों का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और संयुक्त राष्ट्र में क्या हश्र हुआ है।

दरअसल, अगस्त 2019 को भारत ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म कर इसका पुनर्गठन का बिल पास किया गया था। इसके तहत जम्मू कश्मीर और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया गया था। इस घोषणा के बाद से ही पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। इसकी दूसरी वजह ये भी है कि सरकार ने इस फैसले को लागू करने के दौरान बेहद सावधानी बरती।

### चीन में कोयला खदान विस्फोट, 15 की मौत

**बीजिंग।** चीन के शांक्शी प्रांत में एक कोयला खदान में विस्फोट से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। शांक्शी कोयला खदान सुरक्षा प्रशासन ने बताया कि यह घटना सोमवार उस समय हुई जब 35 खनिक पिंग्याओ काउंटी क्षेत्र के कोयला खदान में काम कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई। सरकारी समचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, '11 खनिक वहां से सुरक्षित निकलने में सफल रहे।'




## स्टडी में खुलासा, हमेशा ही रहता है ज्यादा लाड़

# खुशियों के साथ पिता की उम्र भी बढ़ाती हैं बेटियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बेटे और बेटी के जन्म को लेकर धीरे-धीरे ही सही लेकिन अब लोगों की सोच बदल रही है और इसी सोच को बदलने के लिए एक और स्टडी सामने आई है जिसके मुताबिक अगर आप बेटी के पिता हैं तो आपकी उम्र लंबी होगी। पापा की परी, पापा की लाडली, पिता को बेटियों से ज्यादा प्यार होता है- यह बातें तो आपने भी सुनी होगी और अगर आप खुद बेटी हैं या बेटी के पिता हैं तो आपने महसूस भी की होगी। पिता को बेटियों से हमेशा ही ज्यादा लाड़ रहता है। बेटियां घर के साथ-साथ पिता के जीवन में जितनी खुशियां लेकर आती हैं वह पिता की उम्र बढ़ाने का काम करती है। और यह बात अब एक नई स्टडी में साबित भी हो चुकी है।



### सेहत पर असर

एक नई स्टडी की मानें तो अगर आप बेटी के पिता हैं तो आपकी उम्र उन लोगों की तुलना में अधिक होगी जिनकी बेटियां नहीं हैं। आमतौर पर जब बच्चे का जन्म होता है तो सिर्फ होने वाली मां की बात की जाती है। लेकिन इस स्टडी में यह जानने की कोशिश की गई है कि जब एक बच्चे का जन्म होता है तो इस बात का एक पिता की सेहत और उसके शरीर पर क्या असर पड़ता है। पोलैंड की जॉगिलोनियन यूनिवर्सिटी की तरफ से यह स्टडी करवाई गई थी जिसमें 4 हजार 310 लोगों को शामिल किया गया था। इसमें 2147 मां और 2163 पिता शामिल थे।

### जितनी ज्यादा बेटियां उतनी बढ़ती पिता की आयु

स्टडी में यह बात सामने आई है कि बेटों के जन्म का पिता पर किसी तरह का कोई असर नहीं हुआ। लेकिन बेटियों के जन्म का पिता की लंबी आयु से संबंध था। स्टडी में यह बात भी सामने आई कि एक पिता कि जितनी अधिक बेटियां होंगी उनका जीवन उतना ही लंबा होगा। यह खबर बेटियों के पिता के लिए गुड न्यूज है। लेकिन मांओं के लिए नहीं। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन बायोलॉजी में प्रकाशित एक दूसरी स्टडी के मुताबिक बेटे और बेटियां दोनों का मां की सेहत पर नकारात्मक असर होता है और मां की उम्र कम हो जाती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : ओमकार चौधरी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2017-2019